हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(पटना से प्रकाशित हिन्दी दैनिक )

पेज : 08

बदतमीज गिल में अपारशक्ति खुराना के साथ नजर आएंगी वाणी कपूर



WWW.naisochlive.com | पटना, सोमवार, 06 मई 2024, वर्ष - 07, अंक- 77 , पृष्ठ- 8, मूल्य- 3.00 | naisochexpreess@gamil.com

## पुंछ के हमलावर कायरों की तरह जंगल में छिपे, सेना ने चौतरफा घेरा, सर्चिंग अभियान तेज

एजेंसी। श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारतीय वायुसेना के एक काफिले पर घात लगाकर हमला करने वाले जंगलों की तरफ भाग गए है। अब भारतीय सेना के जवान इन्हे चप्पे चप्पे में तलाश रहे हैं। आर्मी के अतिरिक्त जवान पुंछ में जर्रा वाली गली पहुंच गए हैं। बता दें कि इस हमले में एक जवान शहीद हो गया जबकि चार अन्य सैनिक घायल हुए थे। घायलों में एक सैनिक की हालत गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट ने इलाके में बड़े पैमाने पर तलाशी और घेराबंदी अभियान शुरू किया है। आज भी यहां से गुजरने वाले हर वाहन की सुरक्षाबलों द्वारा तलाशी ली जा रही है। सेना के वाहन शाहसितार के पास जनरल क्षेत्र में स्थित एयर बेस के अंदर सुरक्षित पहुंच गए हैं। संदिग्ध लोगों की आवाजाही के बारे में गोपनीय जानकारी मिलने के बाद अर्धसैनिक बलों की सहायता से पुलिस शुक्रवार से पुंछ शहर में तलाशी ले रही थी, हालांकि इस तलाशी अभियान के दौरान किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया था। भारतीय वायुसेना ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, काफिले को सुरक्षित कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है। आतंकवादियों के साथ गोलीबारी में, वायुसैनिकों ने जवाबी गोलीबारी की। इस दौरान भारतीय वायुसेना के पांच कर्मियों को गोली लग गई और उन्हें तत्काल इलाज के लिए नजदीकी सैन्य अस्पताल ले जाया गया। एक वायु सैनिक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। स्थानीय सुरक्षा बलों द्वारा आगे की कार्रवाई जारी है। वहीं हमले की एक तस्वीर सामने आई है जिसमें दिख रहा है कि आतंकियों ने किस कदर सेना के वाहनों पर अंधाधुंध गोलिया बरसाईं। सेना के काफिले में शामिल एक ट्रक के विंडस्क्रीन पर दो दर्जन से अधिक गोलियों के निशान नजर आ रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक, एके असॉल्ट राइफलों से लैस आतंकवादी पास के जंगलों में भाग गए हैं। आतंकी हमला शाम करीब सवा छह बजे हुआ जब जवान जारनवाली से वायुसेना के अड्डे पर लौट रहे थे। अधिकारियों को आतंकवादियों के उसी समूह की संलिप्तता का संदेह है, जिसने पिछले साल 21 दिसंबर को पास के बुफलियाज में सैनिकों पर घात लगाकर हमला किया था जिसमें चार सैनिक शहीद हो गए थे और तीन अन्य घायल हो गए थे। 2003 से 2021 के बीच यहां शांति थी। निकटवर्ती राजौरी के साथ सीमावर्ती पुंछ जिले में पिछले दो वर्षों में कुछ बड़े आतंकवादी हमले हुए हैं जो इस क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों की वापसी का संकेत हैं, जबकि एक बार इस क्षेत्र को आतंकवाद से मुक्त कर दिया गया था और 2003 से 2021 के बीच यहां शांति थी। 22 अप्रैल को थानामंडी के शाहदरा शरीफ इलाके के पास आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में एक 40 वर्षीय ग्रामीण की मौत हो गई थी।



### वायु सेना पर हुए आतंकी हमले में छिंदवाड़ा का बेटा शहीद

**जम्मू**। 4 मई को जम्मू कश्मीर के पुंछ में भारतीय वायु सेना के काफिले पर आतंकी हमला हुआ था इस हमले में पांच जवान घायल हो गए थे। जिनको सेना के हेलीकॉप्टर से उधमपुर आर्मी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। जहां देर रात जवान कॉरपोर्ल विक्की पहाड़े ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। शहीद विक्की पहाड़े मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के निवासी थे जो नोनिया करबल में निवास करते थे। शहीद विक्की पहाड़े का एक 5 वर्षीय पुत्र है। उनके निधन से पूरे जिले में शोक की लहर व्याप्त है। जानकारी के मुताबिक शहीद विक्की पहाड़े का परिवार मूलत हिवरावासुदेव उमरानाला का निवासी था, पिता की बचपन में मृत्यु के बाद विक्की और उनकी तीनों बहनों ने नवोदय विद्यालय से पढ़ाई की थी। 7 साल पहले विक्की का एयर फोर्स में जॉब लगा था जबकि उनकी 2 बहनें कृषि विभाग में और एक बहन पुलिस महकमें एसआई है। विक्की पहाड़े की शहादत का समाचार मिलते ही उनके घर पर लोगों की भीड़ लगने लगी है।

## जर्मनी के सहयोग से भारत में बनाई जाएंगी छह आधुनिक स्वदेशी पनडुब्बियां

- भारतीय नौसेना ने 60 हजार करोड़ रुपये के टेंडर जारी करके शुरू की प्रक्रिया
- मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड में लार्सन एंड टुब्रो करेगा इन पनडुब्बियों का निर्माण



एजेंसी। नई दिल्ली

जर्मन पनडुब्बी निर्माता कंपनी थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स के सहयोग से भारतीय नौसेना के लिए छह अत्यधिक उन्नत पनडुब्बियों का निर्माण भारत में ही किया जाएगा। भारतीय नौसेना को 2020 से ही छह पनडुब्बियों के लिए विदेशी पार्टनर की तलाश थी। अब इन छह पनडुब्बियों का निर्माण भारतीय शिपयार्ड मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड में लार्सन एंड टुब्रो की साझेदारी में किया जाना फाइनल हो गया है। नौसेना ने इसके लिए 60 हजार करोड़ रुपये के टेंडर जारी करके पनडुब्बियों के निर्माण के लिए परीक्षण शुरू कर दिया है। पारंपरिक पनडुब्बी बेड़े के आधुनिकीकरण की दिशा में काम कर रही भारतीय नौसेना ने विदेशी विक्रेताओं के साथ भारतीय साझेदारी में छह पनडुब्बियों के निर्माण के लिए भारतीय शिपयार्ड मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड और लार्सन एंड टुब्रो को निविदा जारी की है। जर्मन कंपनी मेगा थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स टेंडर के लिए भारतीय रक्षा मंत्रालय के शिपयार्ड मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) के साथ साझेदारी कर रही है। यह प्रक्रिया इस साल मार्च में शुरू हुई थी, जब नौसेना की एक टीम ने जर्मन एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन प्रणाली देखने के लिए जर्मनी का दौरा किया था। भारतीय रक्षा पीएसयू मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) और जर्मनी के थाइसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स ने जून, 2023 में परियोजना 75 आई की निविदा में भाग लेने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। एमओयू के अनुसार थाइसेनक्रुप इंजीनियरिंग और डिजाइन की पेशकश करेगा और मुंबई स्थित एमडीएल में छह पनडुब्बियों का निर्माण होगा। एमडीएल इस टेंडर में प्रमुख भागीदार है, जहां 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ छह पनडुब्बियों का निर्माण किया जाना है। दरअसल, भारत में बनने वाली पनडुब्बियों में एयर-इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन सिस्टम (एआईपी) की खासियत होगी, जो उन्हें लंबे समय तक पानी के नीचे रहने की क्षमता प्रदान करेगी। जर्मन पनडुब्बियों का निर्माण करना एमडीएल के लिए कोई नई बात नहीं है। इससे पहले भी भारत ने चार पनडुब्बियों के लिए जर्मन एचडीडब्ल्यू से अनुबंध किया था, जिसमें से दो का निर्माण एमडीएल ने ही किया गया था। थाइसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स के सीईओ और थिसेनक्रुप के प्रबंधन बोर्ड के सदस्य ओलिवर बर्कहार्ड ने कहा कि हमें इस पर बहुत गर्व है और भविष्य में भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा में योगदान जारी रखने में खुशी होगी। हम भारत के साथ एक भरोसेमंद और दशक भर की साझेदारी की ओर देखते हैं। 1980 के दशक में हमने जो नावें बनाई थीं, वे आज भी सेवा में हैं।

## ख़ास ख़बर

### पिछला दशक ट्रेलर था, अब नई ऊंचाइयों पर जाएगा भारत: पीएम

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले दशक में हुई प्रगति केवल एक ट्रेलर



है और अभी बहुत कुछ करना है। हम भारत को प्रगति की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने विभिन्न गुजराती समाचार पत्रों को दिए साक्षात्कार में उक्त बातें कहीं हैं। उन्होंने विभिन्न समाचार पत्रों से जुड़े साक्षात्कार को एक्स पर साझा करते हुए कहा है कि गुजरात फिर से भाजपा को चुनने के लिए तैयार है। कांग्रेस की गुजरात विरोधी मानसिकता को लोग कभी स्वीकार नहीं करेंगे। उल्लेखनीय है कि गुजरात में तीसरे चरण में मंगलवार को मतदान होगा। भारतीय जनता पार्टी पिछले दो कार्यकाल से यहां की सभी 26 सीटें जीतती आई है। इस बार सूरत लोकसभा क्षेत्र से पार्टी का उम्मीदवार निर्विरोध जीत चुका है।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने पूर्व राष्ट्रपति जैल सिंह के जन्मदिन पर पुष्पांजलि अर्पित की

**शिमला/नई दिल्ली**। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह को उनकी जयंती पर



नमन किया। हिमाचल प्रदेश के मशोबरा (छरबड़ा) स्थित राष्ट्रपति भवन में रविवार को उन्होंने ज्ञानी जैल सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। ज्ञानी ज़ैल सिंह भारत के सातवें राष्ट्रपति थे। 5 मई, 1916 को जन्मे ज्ञानी जैल सिंह 25 जुलाई, 1982 से 25 जुलाई, 1987 तक भारत के राष्ट्रपति रहे। 25 दिसंबर, 1994 को उनका निधन हो गया था। उल्लेखनीय है कि भारत की राष्ट्रपति 5 दिवसीय राजकीय यात्रा पर हिमाचल प्रदेश गयी हैं। हिमाचल प्रदेश में शिमला के निकट छरबड़ा में राष्ट्रपति निवास है, जहां राष्ट्रपति का अवकाश के दिनों में प्रवास होता है। राष्ट्रपति मुर्मु 5 दिवसीय प्रवास में अनेक समारोहों और आयोजनों में हिस्सा लेंगी।

### डीपफेक और शैलोफेक की निगरानी करेगा एक्स, मस्क ने दी जानकारी

**नई दिल्ली**। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने कहा कि एक्स पर इम्प्रूव्ड इमेज मैचिंग का एक



नया अपडेट लांच किया जा रहा है, जो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर डीपफेक के साथ-साथ शैलोफेक की भी निगरानी करेगा। मस्क ने कहा कि इस कदम से डीपफेक (और शैलोफेक) को हराने में मदद मिलेगी। शैलोफेक्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद के बिना तैयार की गई फोटोज, वीडियो और वॉयस क्लिप हैं, और व्यापक रूप से उपलब्ध एडिटिंग और सॉफ्टवेयर टूल का इस्तेमाल करते हैं। इमेज पर एक्स नोट्स ऑटोमैटिक तरीके से उन पोस्ट्स पर दिखाई देते हैं, जिनमें इमेज मिलती है। कंपनी ने कहा, इन नोट्स का दर्जनों, सैकड़ों और कभी-कभी हजारों पोस्ट पर मैच होना आम बात है। अब, आप सीधे नोट डिटेल्स में देख सकते हैं कि इमेज नोट कितने पोस्ट से मिलते है।

## जेल से बाहर आए बिहार के बाहुबली अनंत सिंह ने कहा, ललन सिंह को चार लाख वोटों से जिताएंगे

एजेंसी। पटना

देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के बीच बिहार में मोकामा के पूर्व विधायक एवं बाहुबली अनंत सिंह 15 दिनों के पेरोल पर रविवार सुबह जेल से बाहर आ गये। बेऊर जेल अधीक्षक जीतेंद्र कुमार ने बताया कि गृह विभाग से मिले आदेश की कॉपी जेल प्रशासन के पास आयी है। पूर्व विधायक अनंत सिंह को सुबह एम्बुलेंस से जेल से बाहर लाया गया। एम्बुलेंस से उतरकर वह निजी वाहन से आगे गये। जेल से बाहर आने की खुशी में सैकड़ों समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। मौके पर काफी भीड़ रही। वहां से वह रोड शो में शामिल हुए। जगह-जगह पर जेसीबी से उनके ऊपर फूलों की बारिश की गई और नारे लगाये गए। पटना से लेकर मोकामा के बीच कई जगहों पर उनका स्वागत किया गया। जेल से बाहर आने के बाद पहली बार मीडिया के सामने आए अनंत सिंह ने कहा कि जेल से निकलने के बाद बाहर की खुली हवा में बहुत अच्छा लग रहा है। हम लोगों से



घूम-घूम कर मिल रहे हैं। जनता से मिलने के बाद गांव में जमीन का बंटवारा करना है। उन्होंने कहा कि मुंगेर लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के उम्मीदवार ललन सिंह को इस बार चार लाख वोटों से जीत दिलायेंगे। उल्लेखनीय है कि पूर्व विधायक अनंत सिंह की तबीयत पिछले दिनों बहुत खराब हो गयी थी। उन्हें पटना के आईजीआईएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अनंत सिंह ने जेल से बाहर आने का कारण स्वास्थ्य और जमीन का बंटवारा बताया है लेकिन 13 मई को चौथे चरण में मुंगेर में मतदान के देखते हुए सीधे-सीधे यह राजनीति खेल माना जा रहा है।

## विश्व के लोकतांत्रिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं भारतीय चुनाव और चुनाव आयोग के प्रयास : राजीव कुमार

एजेंसी। नई दिल्ली

'लोकतंत्र के महापर्व' को देखने भारत पहुंचे हैं 23 देशों के 75 प्रतिनिधि



इंटरनेशनल इलेक्शन विजिटर्स प्रोग्राम (आईईवीपी) के हिस्से के रूप में भारतीय आम चुनावों को देखने के लिए 23 देशों के 75 प्रतिनिधि भारत में हैं। इस कार्यक्रम का उद्घाटन रविवार को नई दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार एवं सुखबीर सिंह संधू की उपस्थिति में किया गया। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय चुनाव और चुनाव आयोग के प्रयास विश्व के लोकतांत्रिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। प्रक्रिया और क्षमता के संदर्भ में यह काफी बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारतीय चुनाव क्षेत्र अद्वितीय है। यहां चुनावी पंजीकरण और मतदान दोनों ही अनिवार्य नहीं हैं। ऐसे में चुनाव आयोग को पूरी तरह से प्रेरक के तौर पर काम करना होता है। नागरिकों को स्वेच्छा से मतदाता सूची का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करना और उसके बाद व्यवस्थित मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करना होता है। आयोजन से इतर आयोग ने कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान एवं नेपाल के मुख्य चुनाव आयुक्तों और उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ द्विपक्षीय बातचीत भी की। इससे पहले, दिन में प्रतिनिधियों को ईवीएम-वीवीपैट, आईटी पहल, मीडिया और सोशल मीडिया की भूमिका सहित भारतीय आम चुनाव 2024 के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी गई।

### अवैध रेत माफियाओं ने पुलिस अधिकारी को ट्रैक्टर से रौंदा, मौत

**शहडोल**। मध्यप्रदेश के शहड़ोल जिले में रेत माफियाओ के हौसले इतने बुलंद है कि पुलिस पर गाड़ी चढ़ाकर हत्या करने से



बाज नही आ रहे है। पटवारी हत्या के बाद एक बार फिर, ऐसी ही एक दिल दहला देने वाली घटना शहडोल जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र से सामने आई है। जंहा वारेंटी तामील करने गए पुलिसकर्मियों पर रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन कर रेत माफियाओ ने ट्रेक्टर से कुचल दिया ,जिससे इस घटना में एक एएसआई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य पुलिसकर्मी मौका देख कर वहां से बच निकले इस इस घटना के बाद पुलिस ने ट्रेक्टर चालक व रेत माफिया पिता पुत्र के खिलाफ ममलक दर्ज कर लिया है। वही आरोपी चालक व रेत माफिया पुत्र को गिरफ्तार कर लिया जबकि इस घटना का मुख्य मास्टर माइंड रेत माफिया फरार है ,जिसकी पुलिस तलास कर रही वही फरार आरोपी के ऊपर एडीजीपी ने 30 हजार के इनाम की घोषणा की है। आपको बता दे कि इसी तरह रेत का अवैध उत्खनन रोकने गए एक पटवारी को भी रेत माफियाओ ने कुचल कर हत्या कर दी थी। ब्यौहारी थाने में पदस्थ एएसआई महेंद्र बागरी अपने साथी एएसआई गया प्रसाद कन्नौजी व आरक्षक संजय दुबे के साथ देर रात फरार वारेंटी पकड़ने के लिए गए थे।

### टिकट नहीं मिलने से नाराज वाड्रा ने सोशल मीडिया पर लिखा भावुक पोस्ट

एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा का इस बार लोकसभा



चुनाव लड़ने का सपना टूटा गया है। वाड्रा ने चुनाव लड़ने की इच्छा भी व्यक्त की थी। लेकिन कांग्रेस ने उन्हें कहीं से भी मैदान में नहीं उतारा। कांग्रेस ने अमेठी और रायबरेली से प्रत्याशियों का ऐलान कर चुकी है। रायबरेली से जहां राहुल गांधी ने पर्चा दाखिल किया, वहीं अमेठी लोकसभा सीट से केएल शर्मा ने नामांकन किया है। अमेठी से केएल शर्मा को टिकट देने का फैसला चौंकाने वाला है। कांग्रेस के दोनों गढ़ से लोकसभा चुनाव-2024 के लिए प्रत्याशी तय होने के बाद अब रॉबर्ट वाड्रा का भावुक फेसबुक पोस्ट सामने आया है। उन्होंने अपने फेसबुक पोस्ट में लिखा कि राजनीति की कोई भी शक्ति या पद उनके परिवार के बीच नहीं आ सकता है। बता दें कि रॉबर्ट वाड्रा कई मौकों पर अमेठी से लोकसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जता चुके थे। हालांकि, उन्हें अमेठी से टिकट नहीं मिला। गांधी परिवार के दामाद रॉबर्ट वाड्रा कई मौकों पर कांग्रेस के गढ़ अमेठी से चुनाव लड़ने और सक्रिय राजनीति में आने की मंशा जाहिर कर चुके हैं। पिछले महीने जब उनसे पूछा गया था कि क्या वह अमेठी से चुनाव लड़ने जा रहे हैं? इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा था कि पूरे देश से यह आवाज आ रही है कि मुझे सक्रिय राजनीति में आना चाहिए।

## बिना हिंदू-मुसलमान बोले उनका खाना नहीं पचता: खरगे

- कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सीएम योगी पर किया पलटवार

एजेंसी। मालदा

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हमारे घोषणापत्र में नारी न्याय, युवा न्याय, किसान न्याय आदि की बात की गई है तो क्या यह मुसलमानों के लिए है? बिना हिंदू-मुसलमान बोले उनका खाना नहीं पचता है..। खरगे ने राहुल गांधी की रायबरेली से चुनाव लड़ने पर कहा कि जनता की इच्छा है कि वे वहां से चुनाव लड़ें और जीतें। लाखों वोटों से वे जीतेंगे। मल्लिकार्जुन खरगे ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा



बिना हिंदू-मुसलमान बोले उनका खाना नहीं पचता है...। कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की टिप्पणी के संबंध में उन पर पलटवार किया । उन्होंने कहा कि 45 साल में इतनी बेरोजगारी बढ़ी जिसकी चिंता उन्हें नहीं है...बेरोजगारी के बारे में बोलते हैं दो में से एक भैंस कांग्रेस गायब कर देगी। उन्हांने कहा-हम बोलते है महंगाई हो गई है कुछ करो तो बोलते हैं आपकी जमीन छीन लेंगे। अमीर गरीब की बढ़ती खाई पर बोलते हैं कांग्रेस आई तो सब लूट कर ले जाएगी। खरगे ने कहा कि उन्होंने चुनावी बॉन्ड के नाम पर पैसा वसूला बीजेपी ने चंदा दो धंधा लो का काम किया, सबसे पैसे लेकर टेंडर दिए। कांग्रेस भ्रष्ट है, ये ही बोल कर तुम पावर में आए तुम क्या कर रहे हो? ये हमारी पार्टी के लोगों को तोड़-तोड़ कर लेते हैं। जो भ्रष्ट लोग उनको शामिल करा रहे हैं मैं पूछता हूं क्या वो वहां जाते ही अच्छे हो गए? खरगे ने कहा कि अमित शाह ने कहा था कि हमारी पार्टी में जो लोग आए उनको हम एक-एक कर देखेंगे उसके बाद जो कलंकित है उसे निकाल देंगे।

## नर्क का दरवाजा बना प्रसिद्ध टूरिस्ट डेस्टिनेशन

एजेंसी। नामिब

अफ्रीका के दक्षिणी हिस्से में स्थित नामीबिया देश में एक रेगिस्तान है नामिब। पुराने वक्त में पुर्तगाली नाविकों ने इस रेगिस्तान के पास स्थित समुद्री तट को 'नर्क का दरवाजा' बताया था। इस वजह से यहां कोई नहीं जाना चाहता। पर आपको जानकर हैरानी होगी, कि ये जगह एक प्रसिद्ध टूरिस्ट डेस्टिनेशन बन चुकी है। जानकारी के अनुसार नामीबिया का स्केलिटन कोस्ट बेहद खौफनाक अनुभव देने वाली जगह है। 'नर्क का दरवाजा', 'धरती का अंत', जैसे उपनामों से इस जगह को जाना जाता है। लोगों का मानना है कि इस इलाके को भगवान ने बेहद गुस्से में बनाया होगा। ये वो जगह है जहां पर समुद्र और रेगिस्तान एक दूसरे से मिलते हैं। यहां लंबी दूरी तक रेत के टीले फैले हैं, जंगली जानवर रहते हैं और उसके साथ-साथ चारों ओर कंकाल, जहाजों

यहां बिखरे हैं कंकाल, जहाजों के मलबे



के मलबे आदि भी फैले रहते हैं।जब भी समुद्र में लो टाइड आती है, और पानी पीछे जाता है, तो कई कंकाल तट पर पड़े दिख जाते हैं। इस इलाके के पास बहुत लोग नहीं रहते हैं। यहां काफी हाथी पाए जाते हैं जो रेत में गड्ढा खोदकर अंदर से पानी निकालते हैं। इसके अलावा जिराफ, शेर, हायना, और बबून जैसे जीव भी यहां पाए जाते हैं। सीएनएन के अनुसार इस इलाके में हिंबा जनजाति के लोग भी रहते हैं। इस जनजाति के लोग नहाते ही नहीं हैं।इस इलाके में चूंकि आबादी बेहद कम है, इस वजह से यहां पर प्रदूषण भी नहीं है। इस वजह से आसमान बेहद साफ नजर आते हैं। यहां पर लोग ड्यून ट्रेकिंग करने आते हैं। गाड़ियों पर वो इस रेगिस्तान के टीलों की यात्रा करते हैं। जानकारी के अनुसार यहां पर करीब 1000 जहाज ध्वस्त हो चुके हैं, जिनका मलबा तट पर पड़ा मिल जाता है। बीच एटलस वेबसाइट ने इस तट को दुनिया के सबसे खूबसूरत गोल्डेन बीच में से एक का दर्जा दिया है। आप अब तक तो ये समझ गए होंगे कि इसका नाम स्केलिटन कोस्ट क्यों है। वो इसलिए क्योंकि यहां पर व्हेल मछली के कंकाल काफी संख्या में मिले हैं। बता दें कि दुनिया में कई ऐसी जगहें हैं, जो इतनी अजीबोगरीब हैं, कि यहां जाने वाले लोग या तो उन जगहों पर लौटकर दोबारा नहीं जाना चाहते, या फिर बार-बार जाना चाहते हैं।

### कांग्रेस मीडिया विभाग की राधिका खेड़ा ने दिया इस्तीफा कहा, राम मंदिर दर्शन के कारण हो रहा था विरोध

**नई दिल्ली**। कांग्रेस नेता राधिका खेड़ा में आज पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। खेड़ा ने आरोप लगाया कि राम मंदिर के दर्शन के बाद उनके साथ अभद्रता हुई। वह लड़की हैं और लड़ सकती हैं इसलिए वह इस्तीफा दे रही है। राधिका खेड़ा ने सोशल मीडिया एक पर लिखा कि आज अत्यंत पीड़ा के साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता त्याग रही हूँ व अपने पद से इस्तीफ़ा दे रही हूँ। हाँ मैं लड़की हूँ और लड़ सकती हूँ, और वही अब मैं कर रहीं हूँ। अपने व देशवासियों के न्याय के लिए मैं निरंतर लड़ती रहूँगी। अपने पत्र में राधिका खेड़ा ने लिखा कि पिछले 22 साल से सुई से लेकर कांग्रेस के मीडिया विभाग में ईमानदारी से कम कर रही हैं। उन्हें केवल राम मंदिर के दर्शन के लिए जाने पर विरोध का सामना करना पड़ रहा है। यह विरोध इतना बढ़ गया कि छत्तीसगढ़ कार्यालय में उसके साथ हुए घटनाक्रम में उन्हें पार्टी नेतृत्व से न्याय नहीं मिला। उन्होंने लिखा, "प्रभु श्री राम भक्त और महिला होने के नाते उन्हें न्याय नहीं मिला।

### टीचर ने पांचवीं क्लास में मुझे बेंत से पीटा: CJI

**नई दिल्ली**। CJI ने ये बातें शनिवार को काठमांडू में सुप्रीम कोर्ट ऑफ नेपाल की तरफ से आयोजित कराए गए नेशनल सिम्पोजियम ऑन ज्यूवनाइल जस्टिस में कहीं। CJI डीवाई चंद्रचूड़ ने अपने बचपन के दिनों का एक किस्सा सुनाया। उन्होंने कहा- जब मैं पांचवीं क्लास में था, तब एक छोटी सी गलती के लिए मेरे टीचर ने मुझे बेंत से पीटा था। हाथ पर चोट के निशान थे, लेकिन शर्म के मारे मैंने माता-पिता से ये बात 10 दिन तक छिपाए रखी। CJI चंद्रचूड़ शनिवार को काठमांडू में सुप्रीम कोर्ट ऑफ नेपाल की ओर से आयोजित नेशनल सिम्पोजियम ऑन ज्यूवनाइल जस्टिस प्रोग्राम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा- बचपन का वो किस्सा मैं कभी भूल नहीं पाऊंगा। बच्चों के साथ किए गए बर्ताव का असर जिंदगीभर उसके दिमाग पर रहता है। CJI ने बताया कि मैं कोई नाबालिग अपराधी नहीं था, जब मुझे मार पड़ी थी। मैं क्राफ्ट सीखा करता था और उस दिन मैं असाइनमेंट के लिए क्लास में सही साइज की सुई लेकर नहीं गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### 30 दिन में PM मोदी का पांचवा बिहार दौरा, दरभंगा में किया चुनावी रैली इसपर PK का तंज, कहा-

मोदी वोट मांगने आए हाथ हिलाया और आप उछल कर कमल का बटन दबा कर उन्हें प्रधानमंत्री बना देंगे, कभी सोचा 26 MP वाला राज्य गुजरात मालिक कैसे बन गया और 40 MP वाला राज्य बिहार के 13 करोड़ लोग मजदूर पटना जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने बिहार में रह रहे बिहारियों को जागरूक करते हुए कहा कि 26 MP का राज्य है गुजरात वहां का आदमी बन गया फैक्ट्री का मालिक। 40 MP का राज्य है बिहार 13 करोड़ लड़के हमारे भाई-भतीजा जाकर बन गए फैक्ट्री में मजदूर। बिहार में इसके बावजूद बिहारियों का आंख नहीं खुल रहा है। वोट हो रहा है मोदी जी आ रहे हैं रैलियों में हाथ हिलाएंगे और सब आदमी यहां से उछल उछल कर जाकर कमल पर बटन दबायेगा और मोदी को जिताएगा। आप जरा सोचिए ऐसा करने से आपका बच्चा मजदूर नहीं बनेगा तो सहरसा में फैक्ट्री का मालिक बनेगा? मुसलमानों की हालत बिहार में तब नहीं सुधरेगी जब तक वो लालटेन में किरासन तेल भरना नहीं छोड़ेंगे: प्रशांत किशोर दलितों के बाद सबसे ज्यादा खराब स्थिति मुसलमानों की है। 5 बरस मुसलमान कहते हैं कि हमारे यहां सड़क नहीं है, बच्चों को बड़ी दिक्कत हो रही है रोजगार नहीं है, मगर जिस दिन वोट हुआ उस दिन मोदी के डर से लालटेन में किरासन तेल डाल कर आ जाएंगे, तो जरा आप ही हमें बताएं कि आपकी दशा कैसे सुधरेगी? जब तक बिहार के लोग डर से वोट देनें की बंधुआ मजदूरी खत्म नहीं करेंगे।

### राष्ट्र के निर्माण के लिए मतदान जरूरी : एसके मंडल

**पटना**। एसके मंडल ग्रुप ऑफ इन्स्टीच्यूशन्स के अध्यक्ष राज्य के मदान जिक्षाविद् एसके मंडल ने मतदाता जागरूकता अभियान प्रारंभ किया। उन्होंने सभी देशवासियों से अपील किया कि एक अच्छे राष्ट्र के निर्माण के लिए लोकतंत्र का इस महान पर्व में देश के सभी नागरिक को मतदान में भाग लेना जरूरी है। मतदान सभी व्यक्ति का स्वंय का अधिकार है। लोकतंत्र को पूर्ण रूप से मजबूत बनाने के लिए आवश्यक है कि देश के सभी नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग प्राथमिकता से करें। खासकर देश के युवाओं से उन्होंने ने अपील किया कि खुद का मताधिकार का प्रयोग करते हुए अपने घर के बुजुर्गों और पास-पड़ोस के बुजुर्गों को मतदान केन्द्र तक ले जाने में सहयोग करें। श्री मंडल ने बताया कि अपने सभी सहयोगी के साथ मताधिकार का प्रयोग करने हेतु यह जागरूकता अभियान कार्यक्रम का प्रारंभ किया हूँ और यह कार्यक्रम 30 मई तक चलेगा।

### तेजस्वी प्रसाद यादव का 4 जून को राजनीतिक बोरिया बिस्तर बंध जाएगी : डॉ. मधुरेंदु पांडेय

जदयू मीडिया पैनलिस्ट डॉ. मधुरेंदु पांडेय एवं पल्लवी पटेल ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा गाना गाए जाने पर पलटवार करते हुए कहा कि 4 जून को इनके लय ताल सब बिगड़ जाएगी जब जनता उनके तमाम झूठ ,खोखले और भ्रमित करने वाले बयानों को खारिज कर देगी। डॉ. मधुरेंदु पांडेय ने कहा कि राजनीति में अपने माता पिता के रहमों करम पर कटोरा में सोने का चम्मच लेकर आए।एक एक्सीडेंटल डिप्टी सीएम बन गए अब गायक की भूमिका में नजर आने लगे। स्पष्ट है कि लोकसभा चुनाव में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव देशहित और राष्ट्रहित के प्रति गंभीर नहीं है। इंडी गठबंधन का वजूद खत्म हो जाएगा।जनता भ्रष्टाचार और जंगलराज से समझौता नहीं करेगी।

### 15 दिनों के पैरोल पर जेल से बाहर निकले अंनत सिंह

**पटना**। कसभा चुनाव के बीच मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह रविवार सुबह पैरोल पर जेल से बाहर आ गए हैं। उन्हें 15 दिन की पैरोल मिली है। जेल से बाहर आने के बाद उन्होंने दावा किया कि मुंगेर से एनडीए प्रत्याशी और जेडीयू के पूर्व अध्यक्ष ललन सिंह 5 लाख वोट से जीतेंगे। उन्होंने अपने समर्थकों से जोरदार वोट करने को भी कहा है। बता दें कि एके-47 रखने के केस में पूर्व विधायक को 10 साल की सजा पटना की बेऊर जेल में काट रहे हैं। आज सुबह करीब 4.45 बजे वो जेल से बाहर निकले। जहां उनके समर्थकों की भारी संख्या में भीड़ मौजूद रही। जेल के बाहर आने पर अनंत सिंह का समर्थकों ने स्वागत किया है। बड़ी संख्या में उनके समर्थक पहुंचे और जेसीबी से फूलों की बारिश की। समर्थक शेरे बिहार जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। पटना से लेकर मोकामा के बीच भी कई जगहों पर स्वागत किया गया। इसी दौरान अपने समर्थकों से बात करते हुए उन्होंने ललन सिंह को लेकर बयान दिया। बता दें कि मुंगेर लोकसभा सीट पर 13 मई को होने वाली वोटिंग से पहले अनंत सिंह जेल से बाहर आए हैं। ऐसे वक्त में उनका जेल से बाहर आना बेहद अहम माना जा रहा है। पारिवारिक बंटवारे को लेकर अनंत सिंह ने कोर्ट से पैरोल मांगी थी। 5 साल में पहली बार उन्हें पैरोल मिली है। अनंत सिंह के बाहर आने के दौरान जेल के बाहर और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। अनंत सिंह की पत्नी नीलम सिंह वर्तमान में मोकामा से विधायक हैं और फिलहाल एनडीए के साथ हैं।

### बिहार डेफ महिला क्रिकेट टीम का चयन किया गया

**पटना**। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ द डेफ एवं बिहार डेफ स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में बिहार डेफ महिला क्रिकेट टीम सलेक्शन ट्रायल का आयोजल रविवार को बीपी. सिन्हा राजकीय शारीरिक शिक्षण महाविद्यालय, एनसीसी कैम्पस, राजेंद्र नगर में हुआ। आज के सलेक्शन ट्रायल कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव सक्षम कमला कांत पांडेय दिव्यांगजन विशेषज्ञ, डॉ शिवाजी कुमार एवं विशिष्ट अतिथि मधु श्रीवास्तव , डॉ सुभाष चंद्रा ने दीप प्रज्वल्लित कर किया। मौके पर घनश्याम कुमार (सदस्य, रेड क्रॉस), संदीप कुमार (खेल निदेशक),संतोष कुमार सिन्हा (उपाध्यक्ष, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ द डेफ), सुनिल कुमार (सचिव, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ द डेफ), लक्ष्मीकांत कुमार (कार्यक्रम समन्वयक), सुगन्ध नारयण प्रसाद (दिव्यांग खेल विशेषज्ञ उपस्थित थे। टीम में पूजा कुमारी कप्तान व प्रीति सिंह को विकेटकीपर चुना गया है। टीम में नेहा गुप्ता, सविता कुमारी, सोनी श्रीवास्तव, रूचि कुमारी, कंचन कुमारी, कुंती कुमारी, अमीषा प्रकाश, गुड़िया कुमारी, सुजाता रानी, प्रियंका कुमारी, नेहा कुमारी, कुमारी अलीशा व अभिनेहा कुमारी शामिल हैं। ये सभी चयनित डेफ महिला क्रिकेट खिलाड़ी बिहार डेफ महिला क्रिकेट टीम की ओर से अगामी अगस्त 2024 को रांची में होने वाली डीडब्लूपीएल (डेफ वोमेन प्रिमियर लीग) भाग लेगी।

### पाटलिपुत्र से 13 मई को नामांकन दाखिल करेंगी मीसा

**पटना**। टलीपुत्र संसदीय सीट से आरजेडी प्रत्याशी मीसा भारती 13 मई को नामांकन दाखिल करेंगी। बेली रोड स्थित लालू गौशाला में उन्होंने कार्यकतार्ओं के साथ बैठक कर इसकी जानकारी दी है। इस मौके पर पूर्व मंत्री तेजस्वी यादव, रामानंद यादव समेत पार्टी के नेता मौजूद रहे। हालांकि स्थानीय विधायक रितलाल यादव कहीं नजर नहीं आए। मंच पर उनके भाई पिंकू यादव जरूर दिखे। तेज प्रताप यादव ने कहा कि इस भीषण गर्मी में भी जिस तरह से कार्यकतार्ओं का हुजूम दिख रहा है। इसे देखकर लगता है हमारी बहुत बड़ी जीत होती। उन्होंने भविष्यवाणी करते हुए कहा कि केंद्र में इंडी गठबंधन की सरकार बनना तय है। इस बार भाजपा का सूफड़ा साफ हो जाएगा।मीटिंग में बूथ लेवल को कैसे मजबूत किया जाए। दो बार से मिल रही हार को इस बार जीत में कैसे बदला जाए। उसके लिए प्लेटफॉर्म तैयार करने को लेकर चर्चा की गई।

# लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण 7 मई को - देश के 94 सीटों पर होगी मतदान

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। भारत दुनियां का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। इसमें किसी को कोई संदेह नहीं है। भारत सात दशकों से अनवरत लोकतंत्र की लौ जलाये हुए है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने शासन काल में देश को वैश्विक स्तर पर, जिस मुकाम पर पहुंचा दिया है, उससे भारत विरोधी ताकतों को घोर निराशा हाथ लगी है। देश में लोकसभा चुनाव 7 चरणों में होनी है, जिसमें से दो चरण का मतदान पूरा हो गया है। अब तीसरे चरण का मतदान 7 मई को पूरा होगे। 7 मई को तीसरे चरण में असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, यूपी, पश्चिम बंगाल, दादरा एंड नगर हवेली और दमन एवं दीव और जम्मू कश्मीर के सभी राज्यों की कुल 94 सीटों पर मतदान होंगे। अभी तक पहले चरण में 19 अप्रैल, 2024 को अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छ्त्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, अंडमान एंड निकोबार आईलैंड्स, जम्मू कश्मीर, लक्षद्वीप और पुंडुचेरी की 102 लोकसभा सीटों पर और दूसरे चरण में 26 अप्रैल, 2024 को असम, बिहार, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, राजस्थान, त्रिपुरा, यूपी, पश्चिम बंगाल और जम्मू कश्मीर के इन सभी राज्यों की कुल 89 सीटों पर लोकसभा सीटों पर मतदान सम्पन्न हो चुका है। बिहार में तीसरे चरण में 07 मई, 2024 को झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा एवं खगड़िया में लोकसभा सीटो पर मतदान होंगे। जहां उम्मीदवारों की संख्या झंझारपुर से 10, सुपौल से 15, अररिया से 09, मधेपुरा से 08 और खगड़िया से 12 हैं। इस प्रकार कुल 54 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला ईवीएम मशीन में बंद होगा। इनमें 51 उम्मीदवार पुरुष और 03 उम्मीदवार महिला है। सूत्रों के अनुसार बिहार के तीसरे चरण में 98.60 लाख मतदाता मतदान करेंगे। बूथों की संख्या 9848, बैलेट यूनिट 11818 और कंट्रोल यूनिट 11818, वीवीपैट 12861। का उपयोग किया जायेगा। मॉडल बूथ की संख्या 45 और महिलाओं द्वारा प्रबंधन बूथों की संख्या 32 रखा गया है। मतदान के लिए बिहार में राजनीतिक सियासत शुरू है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सर्वाधिक रोड शो कर रहे हैं तो वहीं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी आम सभाओं का शतक लगा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सात सभा, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 4, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 4, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 5, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2 और केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानन्द राय ने 20 से अधिक सभा कर चुके है। वहीं अपने बयानों से तीखे प्रहार करने वालों में भाजपा बिहार प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा है कि लालू ने अपने 15 वर्षों के शासनकाल में बिहार को 50 साल पीछे धकेला। बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि बिहार में इंडी गठबंधन नहीं, राजद परिवार लड़ रहा चुनाव। वीआइपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सहनी ने कहा है कि तेजस्वी के साथ मिलकर हमलोग गुजरात से बेहतर बिहार बनायेंगे। राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा है कि संविधान और रिजर्वेशन पर जानकारी हासिल कर लें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। वहीं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कहना है कि देश को बड़ी वैश्विक शक्ति बनाने के लिए अगले पांच साल महत्वपूर्ण है, इसलिए वैश्विक हालात से निपटने के लिए सक्षम सरकार जरुरी है। लोकतंत्र के उत्सव में भाग लेने वाले सभी मतदाताओं का धन्यवाद। युवा और महिला मतदाता एनडीए की ताकत बनकर उभर रहे हैं। वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि भारत के लोकतंत्र और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य तय करेगी, इसलिए एक एक वोट कीमती है, बाहर निकले और मतदान करें।

## सुवे जातिवाद का जहर घोल रहा है नेता- संजय कुमार झा

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन एनजीओ हेल्पलाइन पटना में किया गया जिसमें सुवे के सैंकड़ो स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया । मौके पर उपस्थित एनजीओ हेल्पलाइन के निदेशक पंडित संजय कुमार झा ने कहा कि आम चुनाव में जिस तरह से जातिवाद और धार्मिक उन्माद फैलाया जा रहा है यह दुर्भाग्यपूर्ण है । समाज मे जहर घोलने का काम कर रहा है नेता । चुनाव आयोग को ऐसे लोगो पर सख्ती से पेश आने की जरूरत है । उन्होंने कम मतदान के लिए लालू और नीतीश को दोषी ठहराया है । उन्होंने कहा कि बड़ा और छोटा भाई पिछले बत्तीस वर्षों से बिहार के कुर्सी पर काविज है । बड़ा भाई के शासन में 90 के दशक में जो नौजवान गाँव से रोटी के तलाश में बाहर गया वो वही के बनकर रह गया । बिहार के गांव वीरान है नौजवान दूसरे प्रदेश और देश मे रोजी रोटी के लिए पलायन करने को मजबूर है । बत्तीस वर्षों में बिहार में उद्योग धंधा चौपट हो गया । गुंडे मवाली सदन तक पहुचने लगें । राजनीति का अपराधीकरण हो गया । व्यवसायी वर्ग बिहार से अपना बोरिया विस्तर समेटने में ही अपना भलाई समझा । दोनों भाई के कुचक्र में नौजवान पिसते गये और महज रोटी के लिए घर से दूर चले गये । बचे खुचे मतदाता नेताओ के बादा खिलाफी से हताश और निराश है चुने हुये जन प्रतिनिधि अपने आपको जमींदार और भाग्य विधाता समझने लगता है । मतदान के प्रति उदाशीनता लोकतंत्र के लिए खतरे की घँटी है । राज्य भर से जुटे सिविल सोसायटी के लोगो ने एक सुर में कहा कि राजनीतिक दल घोषणा पत्र के बादो से पीछे हटता है तो चुनाव आयोग उस दल की मान्यता रद्द करें । दलबदलुओं को चुनाव लड़ने पर रोक लगाया जाए । जनप्रतिनिधियों के लिए न्यूनतम योग्यता स्नातक हो तथा साठ से ऊपर के व्यक्ति किसी भी संवैधानिक पद पर नही रहे न ही कोई चुनाव लड़े । दो जगह से चुनाव लड़ने पर एक जगह की चुनाव का सारा खर्च प्रत्यासी बहन करे । मौके पर मो आशिफ, तान्या सिंह, रत्न विशाल, आर्यन रंजन,शुभांशु कुमार, अमृत राज, सोनू पटेल , इंसा उजमा, अनवरा, अदिति समेत सैंकड़ो सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## विशेष बच्चों में कौशल-विकास हेतु प्रेम और निरन्तर प्रेरणा परमावश्यक

नई सोच एक्सप्रेस



- हेल्थ इंस्टिच्युट में आयोजित 3दिवसीय वैज्ञानिक-कार्यशाला का हुआ समापन, प्रतिभागियों को मिले प्रमाण-पत्र

**पटना**। विशेष आवश्यकता वाले वच्चों और व्यक्तियों में निजी-कौशल के साथ-साथ सामाजिक-कौशल के विकास हेतु आवश्यक है कि उन्हें मानसिक-बल प्रदान किया जाए। उनके साथ प्रेम और सम्मान पूर्वक व्यवहार हो।उन्हें निरन्तर प्रेरणा दी जाए तथा उनसे जुड़ा और जोड़ा जाए। किसी भी व्यक्ति का जीवन, भले वह दिव्यांग हो अथवा सामान्य, तभी सार्थक और मूल्यवान हो सकता है, जब उसमें सामाजिक-दृष्टि विकसित हो। मानसिक रूप से असक्षम दिव्यांगों के लिए यह अवश्य कठिन है, किंतु अन्य प्रकार की शारीरिक चुनौतियों का सामना कर रहे दिव्यांग इस हेतु सक्षम बनाए जा सकते हैं। भारतीय पुनर्वास परिषद, भारत सरकार के सौजन्य से, इंडियन इंस्टिच्युट औफ़ हेल्थ एड्युकेशन ऐंड रिसर्च, बेउर में, "विशेष बच्चों में निजी और सामाजिक कौशल विकास" विषय पर आयोजित तीन दिवसीय वैज्ञानिक-कार्यशाला के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए, संस्थान के निदेशक-प्रमुख डा अनिल सुलभ ने रविवार को यह बातें कही। समारोह के मुख्य अतिथि और पटना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि विशेष बच्चों में, सामान्य जीवन जीने योग्य कौशल और उनके सामाजिक-सरोकार बढ़ाने के कौशल के विकास में विशेष शिक्षाकों की भूमिका सबसे बड़ी है। सबसे पहली आवश्यकता यह है कि विशेष-शिक्षकों को अधिकाधिक सक्षम बनाया जाए। ये शिक्षक ही बार-बार समझाकर विशेष बच्चों को अपना जीवन जीना और अन्य लोगों के साथ संबंध विकसित करना सिखा सकते हैं। अन्य बच्चों और समाज के अन्य लोगों के साथ वे कैसे घुल-मिल सकते हैं, इसके लिए उन्हें तैयार कर सकते हैं। न्यायमूर्ति प्रसाद ने प्रतिभागी पुनर्वासकर्मियों को प्रशिक्षण के प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए। सुप्रसिद्ध नैदानिक मनोवैज्ञानिक डा नीरज कुमार वेदपुरिया, वाक्-श्रवण-विशेषज्ञ डा ज्ञानेन्दु कुमार, मनोवैज्ञानिक सामाजिक कार्यकर्ता निशान्त कुमार, विशेष संसाधन शिक्षक प्रेमलाल राय, सुनील कुमार यादव तथा रजनीकांत ने आज के सत्र में अपने वैज्ञानिक-पत्र प्रस्तुत किए। मंच का संचालन कार्यशाला के समन्वयक प्रो कपिल मुनि दूबे ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन देवराज ने किया।

## भारतीय विश्वकर्मा महासंघ ने लोकसभा चुनाव में बिहार के 7 प्रत्याशियों को दिया अपना समर्थन

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना**। भारतीय विश्वकर्मा महासंघ ने रविवार को बेली रोड स्थित अपने प्रधान कार्यालय में लोकसभा चुनाव - 2024 को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस प्रेस वार्ता में भारतीय विश्वकर्मा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल आनंद ने पूरे महासंघ की तरफ से बिहार के विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों के 7 प्रत्याशियों को अपना समर्थन दिया। मुकुल आनंद ने बताया कि इन सात प्रत्याशिओं में काराकाट से उपेंद्र कुशवाहा, आरा से सुदामा प्रसाद, खगड़िया से राजेश वर्मा, औरंगाबाद से अभय कुशवाहा, पूर्णिया से पप्पू यादव, महराजगंज से आकाश कुमार सिंह व गया से जीतना राम मांझी से शामिल हैं जो निर्दलीय एवं विभिन्न राजनितिक पार्टियों से हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी प्रत्याशिओं ने विश्वकर्मा समाज के लोगों के साथ हर परिस्थिति में खड़े रहने का वादा किया है। उन्होंने कहा कि बिहार के किसी भी जिला में लोकसभा के प्रत्याशी को अगर मदद किया जा रहा है तो वहां के विश्वकर्मा समाज के जिलाध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सचिव के सलाह से हीं किया जा रहा है। मुकुल आनंद ने बताया कि जिस भी प्रत्याशी को इस चुनाव में हम मदद कर रहे हैं उनसे वादा ले रहे हैं की वो अपने क्षेत्र में विश्वकर्मा समाज पर होने वाले अत्याचार को रोकने में हर संभव मदद करेंगे और आने वाले 2025 के विधानसभा चुनाव में विश्वकर्मा समाज के लोगों के लिए उस विधानसभा में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा समाज पिछड़ा हुआ है, आए दिन कोई ना कोई अत्याचार होते रहता है। मई और मेरी टीम इसके लिए काम करती रहती है मगर हर जगह पहुंच कर त्वरित करवाई नहीं हो पाती है इसलिए हमलोगों ने फैसला किया है कि हर विधानसभा और लोकसभा में ऐसे लोगों को जोड़कर उनकी मदद लेंगे जो हमारे समाज के साथ खड़ा रहेगा। मौके पर भोजपुर जिलाध्यक्ष अमीरचंद शर्मा, भोजपुर जिला सचिव कविराज कवि, कमल शर्मा, राजकिशोर शर्मा, सोनू शर्मा, सुधीर शर्मा, जुगनू शर्मा, छोटू शर्मा, राजू शर्मा सहित विश्वकर्मा समाज से जुड़े अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

## पटना में हॉट-डे की चेतावनी; 6 से 11 मई तक बारिश की संभावना

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। बिहार के कई जिले अभी भीषण गर्मी की चपेट में हैं। तेज धूप, लू और हीट वेव से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आज राज्य का मौसम शुष्क बना रहेगा। हालांकि, 6 मई से मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है।मौसम विभाग ने प्रदेश में आंधी, बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने आज 12 जिलों में लू का चलने का यलो अलर्ट जारी किया है। इनमें ?????सहरसा, मधेपुरा, सुपौल, मुंगेर, जमुई, बांका, भागलपुर, अररिया, पूर्णिया, भागलपुर, कटिहार, किशनगंज शामिल है। इन जिलों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। हालांकि, पटना समेत उत्तर एवं दक्षिण बिहार के अन्य जिलों में हॉट-डे यानी लू की स्थित बनी रहेगी। पिछले 24 घंटे के दौरान 42.3 डिग्री तापमान के साथ बक्सर सबसे ज्यादा गर्म रहा। इसके अलावा अन्य जिलों का अधिकतम तापमान भी 38 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। मौसम विभाग की ओर से 6 से 11 मई तक बिहार के कई जिलों में आंधी-तूफान के साथ बूंदाबांदी और ठनका गिरने की आशंका जताई गई है। इसको लेकर एडवाइजरी भी जारी की गई है। बिहार के पूर्वी हिस्से में पुरवा हवा का प्रवाह बढ़ना शुरू हो गया है। धीरे-धीरे पूरे राज्य में नमीयुक्त पुरवा हवा का प्रवाह बढ़ेगा। इससे अधिकांश हिस्सों में अगले हफ्ते हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने के आसार हैं। विभाग ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि किसान अपनी कटी हुई फसलों का सुरक्षित भंडारण कर लें। साथ ही खराब मौसम में पेड़ और खंभों के नीचे न खड़े रहें। ऐसे समय में पक्के मकान में शरण लें। खेतों में खड़ी फसलें और फलदार पेड़ों को भी नुकसान पहुंच सकता है।

## पटना नगर निगम को अप्रैल माह में 11.76 करोड़ की हुई राजस्व प्राप्ति

नई सोच एक्सप्रेस

- घर बैठे संपत्ति कर का भुगतान करने वालों की संख्या बढ़ी

प्रोपर्टी टैक्स में 5 प्रतिशत की छूट का लाभ लेते हुए आम जन टैक्स का भुगतान कर रहे है। गौरतलब है कि संपत्ति कर एवं कचरा शुल्क के रूप में पटना नगर निगम को इस वर्ष सिर्फ अप्रैल में ही 11.76 करोड़ रुपए की राजस्व प्राप्ति हुई है। यह कुल 44,417 सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों से प्राप्त हुई है। अप्रैल 2024 में होल्डिंग्स, जो रुपये से काफी अधिक है। अप्रैल 2023 के दौरान 19,778 संपत्तियों से 6.25 करोड़ रुपये एकत्र किए गए। संपत्ति कर का भुगतान करने वाले लोगों में ऑनलाइन भुगतान करने की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। आम जन अब घर बैठे ही संपत्ति कर का भुगतान निगम के विभिन्न सुविधाओं का लाभ उठाते हुए कर रहे है। पिछले वर्ष 38 प्रतिशत लोगों ने संपत्ति कर का भुगतान ऑनलाइन किया था वहीं इस वर्ष 58 प्रतिशत पहुंच चुका है। पटना नगर निगम द्वारा पहली बार क्यूआर कोड लगे हुए डिमांड वार्डों में भेजे गए है। नगर निगम कर्मी घर- घर जाकर आमजनों से प्रोपर्टी टैक्स का भुगतान करवाएंगे। यह डिमांड हर व्यक्ति के टैक्स के अनुसार तैयार किया गया है। क्यूआर कोड को स्कैन करते ही आमजन को अपनी बकाया राशि की जानकारी मिल जाएगी। जिसके बाद ऑनलाइन किसी भी एप ( फोन पे, गुगल पे एवं पेटीएम) के माध्यम से भुगतान कर सकते है। इसके साथ ही पटना नगर निगम की बेवसाइट एवं टैक्स काउंटर ( सुबह 9 से 7) की सुविधा दी गई है। गौरतलब है कि आमजन 30 जून तक संपत्ति कर के इस छूट का लाभ प्राप्त कर सकते है।

## देश में नागपूरिया संविधान स्थापित करने के फिराक में मोदी: अखिलेश

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। रविवार का दिन कांग्रेस पार्टी के लिए शुभ संकेत लेकर आया जब विकासशील स्वराज पार्टी की राष्ट्रीय एवं राज्य इकाई ने मुक्त स्वर से कांग्रेस के समर्थन का एलान किया। इसके लिए प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में एक विशेष प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। खचाखच भरे प्रेसवार्ता में विकासशील स्वराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश निषाद ने एलान किया कि उनकी पार्टी के कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया कि कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जिसने मल्लाह समुदाय को उचित सम्मान प्रदान किया एवं टिकट बंटवारे में उसे प्रतिनिधित्व दिया। उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन अति पिछड़ों के साथ अत्याचार करता रहा है जिससे निजात पाने का एक ही तरीका सूझा कि कांग्रेस का हाथ मजबूत किया जाय। इसी उद्देश्य से विकासशील स्वराज पार्टी अपना समर्थन कांग्रेस को बिना शर्त प्रदान करती है।बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डा0 अखिलेश प्रसाद सिंह ने बिहार की राजनीति में बेलदार, नोनिया एवं निषाद जाति के अति पिछड़ों के योगदान को सराहा एवं कांग्रेस के समर्थन के लिए धन्यवाद किया। डा0 सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि भाजपा देश में अति पिछड़ों के अधिकार को कुचलना चाहती है तथा नागपुरिया संविधान स्थापित करने के फिराक में है। उन्होंने विकासशील स्वराज पार्टी से अपील की कि वह पूरे इंडिया गठबंधन को अपना पूरा समर्थन दें ताकि भाजपा प्रदेश में एक सीट के लिए भी तरस जाए। आज के प्रेसवार्ता में विकासशील स्वराज पार्टी के जो नेता मुख्य रूप से उपस्थित रहे उनमें शामिल हैं पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक डा उमाशंकर सहनी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामप्रवेश सहनी, प्रदेश अध्यक्ष डा मनोज रविदास, प्रदेश प्रधान महासचिव डा सुरेन्द्र सहनी, प्रदेश महासचिव जर्नादन सिंह कुशवाहा, प्रदेश महासचिव श्रीमती गीता सहनी एवं प्रदेश सचिव लाल बाबू पंडित मौजूद रहे। प्रेस कॉन्फ्रेंस मे डा0 अम्बुज किशोर झा, राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन, राजकिशोर सिंह, शिशिर कौन्डिल्य, सुदय शर्मा, शशि रंजन, निधि पाण्डेय, रवि गोल्डेन, ममता निषाद ,विमलेश तिवारी आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### फिजिक्स-बॉयो आसान, कैमिस्ट्री रही कठिन

**पटना।** देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2024 रविवार को ऑफलाइन पेन-पेपर मोड पर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित की गई। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के जोनल हेड, वाइस प्रेसिडेंट एवम एलन पटना के मेंटर डॉ विपिन योगी ने बताया कि नीट का पेपर एनसीईआरटी बेस्ड रहा। फिजिक्स, बॉयोलॉजी आसान रही जबकि कैमिस्ट्री कठिन रही। इस बार कैमिस्ट्री का पेपर ही रैंक निर्धारित करेगा। कैमिस्ट्री में आयोनिक इक्विलिब्रियम से कोई प्रश्न नहीं पूछा गया और इस वर्ष सिलेबस में जोड़े गए फिजीकल कैमिस्ट्री से 5 प्रश्न आए थे। जबकि इस वर्ष सिलेबस में जोड़े गए टॉपिक एक्सपीरिमेन्टल स्किल्स से एक भी प्रश्न नहीं पूछा गया। बॉयोलॉजी में कुछ प्रश्न ओल्ड एनसीईआरटी से एवं कुछ प्रश्न एनसीईआरटी के सिलेबस से बाहर से भी पूछे गए। एलन मेगा लाइव स्ट्रीम से जुड़े स्टूडेंट्स एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की ओर से नीट-यूजी परीक्षा में शामिल हो रहे विद्यार्थियों के लिए एलन मेगा लाइव स्ट्रीम इवेंट किया गया। यहां पेपर के तुरंत बाद एलन के निदेशक डॉ.बृजेश माहेश्वरी एवं एलन एक्सपर्ट फैकल्टी ने पेपर के सभी सवालों पर बारी-बारी से चर्चा की। लाइव आंसर-की, वीडियो सोल्यूशंस, पेपर एनालिसिस और रैंक प्रिडिक्टर जारी किया। यह लाइव लाखों विद्यार्थियों तक विभिन्न माध्यमों से पहुंचा। मुख्यरूप से यू-ट्यूब पर एलन नीट चैनल से स्टूडेंट्स जुड़े।

### चुनाव अभियान समिति की बैठक आयोजित



**राजापाकर।** प्रखंड मुख्यालय के कुशवाहा भवन एतवार हाट के निकट इंडिया गठबंधन के प्रखंड स्तरीय चुनाव अभियान समिति की बैठक आयोजित की गई। रविवार को भाकपा माले नेता सुमन कुमार की अध्यक्षता एवं युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष संजीव कुशवाहा के संचालन में आयोजित बैठक में कार्यालय खोलने, हर बूथ पर पोलिंग एजेंट, बूथ स्तरीय मैनेजमेंट कमेटी बनाने आदि विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में राजद के प्रदेश सचिव तपसी प्रसाद सिंह, वरीय राजद नेता लक्ष्मण यादव, पूर्व पंसस एवं राजद नेता गुड्डू राय, युवा राजद जिला महासचिव सुबोध पटेल, वीआईपी प्रखंड अध्यक्ष अनिल सहनी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अभिषेक कुमार गोलू, राजद महिला सेल की प्रखंड अध्यक्षा ममता कुमारी, राजद पंचायतीराज प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष नरेश कुमार यादव, राजेश राम, मो शराफत शाह, पवन दास आदि शामिल हुए।

### पहले दो चरणों के चुनाव में धराशायी हुआ विपक्ष : उमेश

**पटना।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने तीसरे चरण में होने वाले मतदान को लेकर चुनाव प्रचार के अंतिम दिन बयान जारी कर कहा कि चुनावी कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए तीन चरणों के सारे लोकसभा क्षेत्रों में हमें जाने का मौका मिला और इस दौरान हमें प्रदेश की जनता में गजब का उत्साह दिखा है। सभी सीटों के जमीनी माहौल को देखकर हमें यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि बिहार की जनता तय कर चुकी है कि इस बार सभी 40 लोकसभा सीटें एनडीए की झोली में जाएगी। पहले व दूसरे चरण में आम जनता का रुझान एनडीए की तरफ था और तीसरे चरण में भी एनडीए सबसे आगे है। कई सीटों पर तो विपक्ष का उम्मीदवार अपनी जमानत बचाने के लिए संघर्ष करता दिखाई दे रहा है। जमीनी हकीकत यह है कि चुनावी मैदान में विपक्ष पूरी धराशायी हो चुका है। श्री कुशवाहा ने कहा कि हमलोग बड़े अंतर से यह चुनाव जीत रहे है, 4 जून को सिर्फ औपचारिक घोषणा बाकी है। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनकल्याण के क्षेत्र में इतने काम किए हैं की उसकी चर्चा करने के लिए पूरा दिन भी काफी नहीं है। दूसरी ओर हमारे विपक्षी हैं जिनके पास गिनाने के लिए अपने काम नहीं है इसलिए हमारे नेता के कामों का झूठ श्रेय ले रहें हैं। लेकिन बिहार की होशियार जनता हकीकत को अच्छी तरह से जानती है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विरोधी दल के लोग लाख कोशिश कर लें, वे बिहार की जनता को अपने भ्रमजाल में नहीं फंसा सकते हैं। बिहार की जनता का वोट नए बिहार और नए भारत के लिए होगा। बिहार सहित पूरे देश में एनडीए गठबंधन की प्रचंड जीत सुनिश्चित है और नरेंद्र मोदी तीसरी बार रिकॉर्ड बहुमत से देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

### आरक्षण को घटाने और विरासत में मिली संपत्ति पर टैक्स लगाने की तैयारी में है राजद-कांग्रेस : जदयू

**पटना।** जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने राजद-कांग्रेस पर जम कर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सत्ता से बेदखल किये जाने से राजद-कांग्रेस दोनों के युवराज अब इतने बेचैन हो गये हैं कि अब यह जनता से बदला लेने की तैयारी में है। एक तरफ कांग्रेस के युवराज जहां लोगों की विरासत में मिली संपत्ति पर टैक्स लगाने की फिराक में हैं वहीं दूसरी तरफ राजद के युवराज नीतीश सरकार द्वारा दिए गये 75% आरक्षण को घटाने संबंधी बयान दे रहे हैं। वह जान लें कि 14 करोड़ बिहारी मर-मिट जायेंगे लेकिन आरक्षण घटाने और पुरखों की संपति पर टैक्स लगाने के उनके मंसूबों को कभी कामयाब नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर के समय केवल दलित समाज को आरक्षण मिला करता था। लेकिन कर्पूरी ठकुर ने पिछड़े-अतिपिछड़े समाज की गरीबी को समझा और पहली बार उन्हें आरक्षण देने का क्रांतिकारी काम किया। उस समय उन्होंने पिछड़े समाज को 8% और अतिपिछड़े समाज को 12% का आरक्षण दिया था। बाद में कांग्रेस और राजद की सरकारें आयीं, लेकिन उनका पूरा ध्यान परिवार की तिजोरी भरने पर लगा रहा। उन्होंने न तो किसी नये वर्ग को आरक्षण दिया और न ही दलितों-पिछड़ों-अतिपिछड़ों के आरक्षण को बढाया।

### जदयू चुनाव अभियान समिति की बैठक में चुनावी रणनीतियों पर चर्चा हुई

**पटना।** रविवार को बिहार जनता दल यू प्रदेश कार्यालय में लोकसभा चुनाव अभियान समिति बैठक हुई। इस बैठक में बाकी बचे 5 चरणों में होने वाले चुनाव को लेकर गहन विमर्श किया गया साथ ही प्रचार-प्रसार से संबंधित विषयों पर भी आगे की रणनीति बनाई गई। इस दौरान दो चरणों में सम्पन्न हुए चुनाव को लेकर भी पार्टी के नेताओं ने विस्तार से चर्चा की और उन्होंने कहा कि दोनों चरणों में प्रदेश की जनता का रुझान एनडीए गठबंधन की तरफ रहा है। इस बैठक की अध्यक्षता चुनाव अभियान समिति के सह-संयोजक एवं माननीय विधानपार्षद श्ररविंद्र प्रसाद सिंह ने की। इस मौके पर पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल हेगड़े, विधानपार्षद जनाब अफाक अहमद खान, विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, प्रदेश महासचिव चंदन कुमार सिंह एवं डॉ नवीन कुमार आर्या मौजूद रहें।

## उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सूबे में एनक्यूएएस प्रमाणीकरण पर जोर

नई सोच एक्सप्रेस

- जिलों में स्वास्थ्य केंद्रों का मुआयना कर रही राष्ट्रीय व राज्यस्तरीय टीम एनक्यूएएस के बहाने लक्ष्य सर्टिफिकेशन पर भी ध्यान
- राज्य के 10 जिला स्तरीय अस्पतालों को मिल चुका है राष्ट्रीय एनक्यूएएस प्रमाण

**पटना।** राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं और आधारभूत संरचनाओं के मानकों पर खरा उतरने के लिए सूबे के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड(एनक्यूएएस) के प्रमाणीकरण के लिए तैयारियां जोरों पर है। सूबे के कटिहार, वैशाली, मुजफ्फरपुर, मधुबनी, मुंगेर, रोहतास सारण और अररिया सहित अन्य जिलों में भी राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय टीम की विजिट जारी है। एनक्यूएएस पर जिला अस्पताल की तैयारियों में सहयोग कर रही पीरामल संस्था में फेलोशिप कर रहे मुदित पाठक ने बताया कि एनक्यूएएस के साथ इस बार लक्ष्य सर्टिफिकेशन की भी तैयारी जोरों पर है। इससे लेबर रूम के साथ ओटी में दी जाने वाली सुविधाओं और सेवाओं को मानक अनुरूप बेहतर किया जाता है। जानकार सूत्रों के मुताबिक जिन जिलों में लक्ष्य का प्रमाणीकरण हुआ है वहां सामान्य संस्थागत प्रसव में 5 से 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी तथा सिजेरियन में 20 से 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके साथ ही रेफर, डेथ तथा लामा में भी कमी आयी है। राज्य में सरकारी संस्थानों में वर्ष में औसतन 17 लाख संस्थागत प्रसव हो रहे हैं। एनक्यूएएस के लिए तीन एनक्यूएएस के प्रमाणीकरण के लिए तीन स्तर पर जांच दल के द्वारा छह मानकों पर कम से कम 70 फीसदी की अर्हता जरुरी होती है। पहले स्तर पर जिला स्तरीय टीम प्रमाणीकरण में शामिल होने वाले स्वास्थ्य केंद्र का आकलन करती है। संतुष्ट होने पर राज्य स्तरीय टीम उस स्वास्थ्य केंद्र पर मानक के अनुरूप दी जाने वाली सुविधाओं पर अंक देती है। हर मानक पर कम से कम 70 प्रतिशत अंक आने पर ही राष्ट्रीय स्तर के प्रमाणीकरण के लिए आवेदन किया जाता है। राष्ट्रीय टीम के जांच और न्यूनतम अर्हता के प्रतिशत के बाद ही वह स्वास्थ्य केंद्र राष्ट्रीय स्तर से प्रमाणीकृत हो पाता है। सूबे में इस बार 10 संस्थान राष्ट्र स्तर से और 24 संस्थान राज्य स्तर से सर्टिफाइड हुए हैं।

## रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम ने ओल्ड ऐज होम को डोनेट किया एसी



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम की ओर से रविवार को दानापुर स्थित ओल्ड ऐज होम को एक एसी दान किया गया। इस भीषण गर्मी में एसी लगने से वृद्धजनों के चेहरे खिल उठे। वृद्धजनों ने रोटरी क्लब ऑफ मिलेनियम के सभी सदस्यों का दिल से आभार जताया और उन्हें आशीर्वाद दिया। मौके पर उपस्थित रोटरी क्लब ऑफ मिलेनियम के अध्यक्ष चिंतन जैन ने बताया कि इस चिलचिलाती धूप और गर्मी को देखते हुए हमनें ओल्ड ऐज होम को एसी दान करने का कार्य किया है। हमारा उद्देश्य हर जरुरतमंदो तक राहत पहुँचाना है। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ मिलेनियम की फर्स्ट लेडी सोनल जैन, क्लब ट्रेनर आशीष बंका, शिशिर लोहिया, मुकेश अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक अनूप सर्राफ, राजीव अग्रवाल, संजय तोतला, नीरज दलानिया आदि मौजूद रहे।

## नाटक मरणोपरांत का हुआ सफ़ल मंचन, कलाकारों के अभिनय से मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** भारतेन्दु नाट्य महतोस्व 2024 के अवसर पे निर्माण रंगमंच हाजीपुर के द्वारा आयोजित एवं रंग गुरुकुल रंगमंडल के द्वारा प्रस्तुत नाटक मरणोपरांत का मंचन किया गया । जिसके लेखक सुरेन्द्र वर्मा है और निर्देशन राजवीर गुंजन ने किया था । नाटक में दो लोगो के बीच के द्वन्द को दर्शाया जाता है , जिसमे एक लड़का प्रेमी होता है और दूसरा पति । दोनों ही चरित्र को दोनों कलाकार अपने अभिनय छमता से दर्शकों को आख़िरी वक़्त तक बांधे रखते है और इस कहानी को जीवंत रूप देते है । कहानी मूलतः एक लड़की पे आधारित है जिसका एक पति होता है और दूसरा प्रेमी। मरणोपरांत नाटक में कुछ ऐसी बातों का एहसास कराया जो हम जीवन में बोल नहीं पाते और ना कर पाते हैं। यह नाटक शुरू होता है दुर्घटना में एक महिला की आकस्मिक मौत से। शुरू में ये नाटक दो ऐसे व्यक्तियों के इर्द-गिर्द घूमता है जो एक युवती के मरने के बाद पहली बार मिल रहे हैं। एक व्यक्ति, मृतक युवती का पति है तो दूसरा प्रेमी। पति को युवती मौत के बाद उसके पर्स में मिली एक निशानी से प्रेमी के बारे में पता चलता है वह उसे फोन करके मिलने के लिए बुलाता है। एक पति और एक प्रेमी के द्वंद्व को संवादों के माध्यम से दर्शाया है। पूरे नाटक में स्थितियों-परिस्थितियों का तालमेल ऐसा बन पड़ता है कि दोनों पुरूषों के मन में उस युवती की याद से जुड़े हर रंग ताजा हो जाते हैं। पति को स्वीकार करना पड़ता है कि उसकी पत्नी उससे खुश नहीं थी जिसका एहसास वो पहले भी कर चुका है लेकिन उसके प्रेमी से मिलने के बाद यह बात पुख्ता हो जाती है। अंत में दोनों का अंतरद्वंद्व उन्हें झकझोरता है। नाटक देखने कि बाद दर्शकों ने काफ़ी प्रशंशा की और कलाकारों को और निर्देशक को काफ़ी बधाई भी मिली।

**नाटक के मंच पर पहला व्यक्ति** :- राजवीर गुंजन,
**दूसरा व्यक्ति** :-विष्णु देव कुमार,
**लेखिक** :- सुरेंद्र वर्मा, म्यूजिक एंड **लाइट**:- अविराज कपूर
**प्रोडक्शन मैनेजर**:- मानिकांत चौधरी
**प्रोडक्शन असिसटेंट** - ओम कपूर और पीयूष गुप्ता असिस्टेंट **डायरेक्ट** :- अविराज कपूर
**मीडिया** - रुपेश रंजन सिन्हा
**डिज़ाइन एंड डायरेक्शन** :- राजवीर गुंजन
**प्रस्तुति** :- रंग गुरुकुल की थी।

## नामांकन में निर्धारित शुल्क से अधिक लिए जा रहे

नई सोच एक्सप्रेस



**राजापाकर।** बरांटी थाना क्षेत्र के अंधरबारा गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में नवम वर्ग में छात्र छात्राओं से नामांकन को लेकर ज्यादा पैसा लेने पर विद्यालय के पोषक क्षेत्र के छात्र छात्राओं व अभिभावकों ने कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है। विदित हो कि बिहार बोर्ड द्वारा नवम वर्ग में नामांकन हेतु चार सौ बीस रुपए निर्धारित की गई है ।जबकि उच्च माध्यमिक विद्यालय अंधरवारा में नवम वर्ग में नामांकन शुल्क 550 रुपये अवैध रूप से छात्र छात्राओं से वसूली की जा रही है। इस संबंध में बरांटी गांव के वार्ड संख्या चार निवासी अभिभावक सुजीत कुमार ने बताया कि अपनी पुत्री रागिनी कुमारी के नवमी वर्ग मे नामांकन के लिए विद्यालय गया था, जहां शिक्षक पंकज कुमार द्वारा नामांकन के लिए 550 रुपए लिए गए।वही रुपए जमा की रसीद मांगें जाने पर नहीं दी गई। कहा गया कि रसीद नहीं दी जाती है। अन्य विद्यालयों में मैंने पता किया तो वहां 420 रुपए लिए जाते हैं । मैंने प्रधानाध्यापक बिंदेश्वर कुमार से शिकायत की लेकिन उनके द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस संबंध में प्रधानाध्यापक बिंदेश्वर कुमार से मोबाइल पर बात करने पर बताया गया कि विद्यालय में बहुत सारे खर्च हैं जिसके लिए ज्यादा पैसे लिए जा रहे हैं।यही नहीं विद्यालय के अगल-बगल के छात्र छात्राओं से भी नवमी वर्ग में नामांकन के लिए विद्यालय द्वारा 550 रुपया वसूले जा रहे है ।इस पर छात्र-छात्राओं व अभिभावकों ने आक्रोश व्यक्त किया है और जिला पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी से जांच कर दोषी पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## बच्चों के सूफ़ी संगीत और लाइव बैंड विद ढ़ोल की प्रस्तुति ने जीता दर्शकों का दिल

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** तानसेन स्कूल ऑफ म्यूजिक द्वारा आयोजित दो दिवसीय तानसेन मेगा म्यूजिक एंड डांस फेस्ट - 2024 का समापन रविवार को स्थानीय विद्यापति भवन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि आईजीआईएमएस के निदेशक डॉ. मनीष मंडल, विशिष्ट अतिथि सपना सिंह, शिल्पी सुरभि, प्रो. रंजीता तिवारी, तानसेन स्कूल ऑफ म्यूजिक के सीईओ कैप्टन आशुतोष कुमार व एमडी वंदना कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के बच्चों द्वारा लाइव बैंड से की गई जिसे देख दर्शकों की तालियां बजती रही। इसके बाद बच्चों ने एक से बढ़कर एक भजन की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। वहीं सूफ़ी संगीत और डांस की प्रस्तुति ने भी दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। आगत अतिथियों ने तानसेन स्कूल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना की और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। तानसेन स्कूल ऑफ म्यूजिक के सीईओ कैप्टन आशुतोष कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संस्थान के बच्चों काफी मेहनत की है। उन्होंने कहा कि इस दो दिवसीय फेस्ट में तानसेनाईट ऑफ द ईयर - 2023-24 अवनि कृति (पाटलिपुत्र ब्रांच), आव्या आर्शी (कंकरबाग ब्रांच), आर्या राय (गोला रोड), रनर अप तानसेनाईट ऑफ द ईयर - 2023-24 दीपानश्या मिश्रा, (पाटलिपुत्र ब्रांच), मानस्वी (कंकरबाग ब्रांच), रुद्रांश सिंह (गोला रोड) ने ख़िताब जीता है। जबकि हेरिटेज ऑफ तानसेन का ख़िताब जिक्रा नेमत (पाटलिपुत्र ब्रांच), आरुष राज (कंकरबाग ब्रांच), प्रतिष्ठा झा (गोला रोड) ने जीता। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में बेस्ट भरतनाटयम ऑफ द ईयर, बेस्ट गीटारिस्ट ऑफ द ईयर, बेस्ट कत्थक डांसर ऑफ द ईयर, पर्सनालिटी ऑफ द ईयर, बेस्ट फाइन आर्ट्स, बेस्ट सिंगर, बेस्ट वेस्टर्न डांसर का भी अवार्ड बच्चों को दिया गया है।

## सपरिवार घर के स्वामी के बाहर रहने के बाद घर में आग लगी

नई सोच एक्सप्रेस





**राजापाकर।** राजापाकर प्रखंड मुख्यालय के उत्तरी पंचायत के वार्ड नंबर 14 में देर शाम अचानक लगी आग। ग्रामीणों की तत्परता से आग पर पाया गया काबू। मिली जानकारी के अनुसार राजापाकर उत्तरी पंचायत के वार्ड नंबर 14 निवासी चंद्र किशोर साह उर्फ चंदा साह के घर में देर शाम आग लग गई जबकि गृह स्वामी पूरे परिवार शादी समारोह में शामिल होने झारखंड गए हुए हैं। वही आग की लपट देख स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाई और मोटर पंप एवं हैंड पंप की सहायता से आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों की माने तो चंद्रकिशोर साह पूरे परिवार घर पर नहीं है फिर भी घर के पिछले हिस्से में आग लग गई, यह किसी शरारती तत्व का काम है। गनीमत की बात यह है कि शाम को हर घर में खाना बनाने के लिए गैस चालू रहता है। इस कारण बड़ी घटना घट सकती थी। परंतु ग्रामीणों ने तत्परता दिखाई और तुरंत आग पर काबू पाया। जबकि घटना की सूचना राजापाकर थाना में पदस्थापित अग्निशमन के कर्मियों को भी दी गई। अग्निशमन के कर्मी तत्परता दिखाते हुए घटनास्थल पर पहुंचे तब तक आग पर काबू पाया जा चुका था। वही ग्रामीणों द्वारा आगजनी की घटना की सूचना मोबाईल फोन के माध्यम से चंद्र किशोर साह को दी दी गई है।

## मार्क्स ने दुनिया के मजदूरों को एक होने का नारा दिया : भाकपा

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य केंद्र द्वारा कार्ल मार्क्स की 206 वीं जयंती 'जनशक्ति' भवन में मनाई गई। इस मौके पर खासी संख्या में कम्युनिस्ट कार्यकर्ता, ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, सामाकृतिकर्मी आदि इकट्ठा हुए। सर्वप्रथम कार्ल मार्क्स की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात सभा को संबोधित करते हुए कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय नारायण मिश्रा ने कहा " भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अपनी ऊर्जा कार्ल मार्क्स के बनाए सिद्धांतों से ग्रहण करती है। अपने जीवन काल में उन्होंने सबसे अधिक पूंजीवाद की कार्यप्रणाली को समझने की कोशिश की। उन्होंने जो नारा दिया ' दुनिया के मजदूरों एक हो' उसने शोषितों - पीड़ितों में एक उम्मीद जगाई। हम सबों को आज उनके विचारों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। "सी.पी.आई के राज्य सचिव मंडल सदस्य रामलला सिंह ने कहा " हम कम्युनिस्ट कार्यकतार्ओं को आज मार्क्स की रचनाओं को ठीक से अध्ययन करने की आवश्यकता है ताकि हम खुद को उन सिद्धांतों से लैस। कर सकें जो दुनिया को भौतिकतावादी ढंग से समझने और उसे बदलने में हमारी सहायता कर सके। मार्क्स की यह मशहूर पंक्ति आज भी हमारे लिए प्रेरणा देने का काम करती है " दार्शनिकों ने दुनिया की व्याख्या की है मूल सवाल उसे बदलने का है। इस मौके पर मौजूद लोगों में प्रमुख थे एटक के राज्य अध्यक्ष गजनफर नवाब, उपमहाचिव डी.पी यादव, पटना विश्विद्यालय में लोक प्रशासन के प्राध्यापक प्रो सुधीर कुमार, विकास कुमार, अवध किशोर , विजय कुमार वर्मा , प्रगतिशील लेखक संघ के उपमहासचिव अनीश अंकुर, चौथम के पूर्व प्रखंड प्रमुख महेंद्र महीप, जनशक्ति के संपादकीय विभाग से जुड़े सिद्धेश्वर , अंचल पांडे आदि प्रमुख थे।

## पीडीसीए लीग में अमर सीसी के अंशुमान का शतक बेकार, आरबीएनवाईएसी जीता

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** पटना जिला सीनियर डिवीजन क्रिकेट लीग में रविवार यानी 5 मई को खेले गए मुकाबले में अमर सीसी के अंशुमान गौतम (116 रन) और आयुष आनंद (57 रन) की शानदार बेकार चली गई और आरबीएनवाईएसी ने श्लोक (54 रन), हर्ष राज (नाबाद 51), इंद्रजीत कुमार (48 रन) और रितिक रौशन (40 रन) की अच्छी बैटिंग की बदौलत इस मैच को 6 विकेट से जीत लिया। पूल बी में आरबीएनवाईएसी ने अभी तक अपने सभी 5 मुकाबले जीते हैं। अधिकारी इलेवन के खिलाफ उसका एक लीग मुकाबला बचा हुआ है और वह नेट रन रेट के आधार पर अभी नंबर पर है जबकि अधिकारी इलेवन इतने अंक के साथ दूसरे नंबर पर है। एनआईओसी ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में टॉस अमर सीसी ने जीता और पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 30 ओवर में 5 विकेट पर 226 रन बनाये। अंशुमान गौतम ने 76 गेंद में 10 चौका व 8 छक्का की मदद से 116 रन बनाये। आयुष आनंद ने 78 गेंद में 7 चौका व 1 छक्का की मदद से 57 रन की पारी खेली। आरबीएनवाईएसी की ओर से अमन आनंद ने 3 और इंद्रजीत कुमार ने 2 विकेट चटकाये। जवाब में आरबीएनवाईएसी ने अंतिम ओवर की चौथी गेंद यानी 29.4 ओवर में 4 विकेट पर 230 रन बना कर मैच अपने नाम कर लिया। कप्तान इंद्रजीत कुमार ने 30 गेंद में 10 चौका व 1 छक्का की मदद से 48, श्लोक ने 53 गेंद में 5 चौका व 1 छक्का की मदद से 54, हर्ष राज ने 51 गेंद में 5 चौका की मदद से नाबाद 51, रितिक रौशन ने 31 गेंद में 3 चौका व 2 छक्का की मदद से 40 रन बनाये।

## दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** आचार्य सुदर्शन पटना सेंट्रल स्कूल में प्राइमरी कक्षाओं के बच्चों के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन स्कूल के ऑडिटोरियम में किया गया। बच्चों की रंगारंग उपस्थिति को देख उनके माता-पिता बार-बार ताली बजाकर अपने बच्चों का प्रदर्शन देख रहे थे। इस अवसर पर आचार्य श्री सुदर्शन जी महाराज ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का मनोबल बढ़ता है। मैने अनुभव किया है ,और मेरा परामर्श है कि सभी विद्यालयों में ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए इससे बच्चों में पढ़ाई के प्रति अभिरुचि बढ़ती है।

# जिलाधिकारी ने दिव्यांगजन एवं वृद्धजन मतदाताओं को जागरूक करने के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया

नई सोच एक्सप्रेस




**जहानाबाद**। लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अलंकृता पांडे के नेतृत्व में स्थानीय गांधी मैदान में दिव्यांगजन एवं वृद्धजन मतदाताओं को जागरूक करने के लिए दिव्यांगजन मतदाता जागरूकता खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने दिव्यांगजन मतदाता जागरूकता खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले दिव्यांगजन प्रतिभागियों को बताया कि आप सभी अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करें। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजन एवं वृद्धजन (85प्लस) वाले मतदाताओं के मतदान हेतु 12डी. फार्म घर-घर तक पहुचाया जा रहा है, ताकि दिव्यांगजन एवं वृद्धजन मतदाता यह सुनिश्चित करें कि वे अपना मताधिकार का उपयोग मतदान केन्द्र पर जा कर करेंगे अथवा घर से हीं करेंगे। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजन एवं वृद्धजन मतदाताओं के लिए जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर रैम्प एवं व्लीचयर की व्यवस्था रहेगी। आप अगर मतदान करने घर से निकलेंगे तो आम सभी मतदाता भी आप से प्रेरित होकर मतदान केन्द्र पर जाऐंगे। उन्होंने बताया कि गर्मी को ध्यान में रखते हुए सभी मतदान केन्द्रों पर शेड, पेयजल एवं कुछ कुर्सी की व्यवस्था की गई है, ताकि मतदाताओं को परेशानी ना हो। मेडिकल कीट की भी व्यवस्था मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध रहेगा। उन्होंने जिले के मतदाताओं से अपील किया कि ज्यादा-से-ज्यादा संख्या में 01 जून को अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर जाकर मतदान करें तथा आपके क्षेत्र के अन्य मतदाता जो जहानाबाद से बाहर रहते है उनसे सम्पर्क कर मतदान दिवस के लिए मतदान करने हेतु आने का अनुरोध करे। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार आप होली, दीपावली, ईद, बकरीद सहित अन्य पर्वो में आते है, उसी प्रकार आप मतदान दिवस के दिन भी लोकतंत्र के महापर्व के अवसर पर भाग ले और देश के गौरवशाली इतिहास का हिस्सा बनें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मतदाता जागरूकता दिव्यांगजन खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को मैडल, प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटों देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मतदान पर आधारित दिव्यांगजन चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्री प्रमोद कुमार मंडल, द्वितीय स्थान श्री सुभाष कुमार तथा तृतीय स्थान श्री विमल कुमार को प्राप्त हुआ। उसी प्रकार मोटराईण्ड ट्राई-साईकिल रेस प्रतियोगिता में श्री धमेन्द्र कुमार को प्रथम स्थान, श्री लक्ष्मण कश्यप् को द्वितीय स्थान तथा श्री उमेंश कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त दिव्यांगजन क्रिकेट प्रतियोगिता में जहानाबाद जिला विजेता तथा गया जिला उपविजेता के लिए सम्मानित किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने उन सभी प्रतिभागियों से अपील किया कि आप इसी प्रकार आगे भी लगे रहे तथा अपने आस-पास के समाज एवं घर परिवार को जागरूक कर मतदान दिवस के दिन मतदान केन्द्र पर लायें। उन्होंने स्काउट एण्ड गाईड के कार्यकत्ताओं को धन्यवाद दिया तथा अपील किया कि जिस प्रकार वे अभी मतदाताओं को जागरूक करने में सहयोग कर रहें है उसी प्रकार वे मतदान दिवस के दिन भी दिव्यांगजन एवं वृद्धजन मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर मतदान करने में सहयोग करेंगे और मतदाताओं का लाईन लगाने का भी कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि मतदान करना एक बहुत बड़ी गौरव का बात है, आपके एक मत से हमारे देश का नेतृत्वकत्ता का चयन होता है। आप हीं के मत से सांसद एवं प्रधानमंत्री का चयन होता है। इसे ध्यान में रखे और अपने तथा अपने बच्चे के भविष्य को ध्यान में रखते हुए एक अच्छे नेतृत्वकत्ता का चयन के लिए मतदान करें। उन्होंने दोनों जहानाबाद जिले के निर्वाचन आईकॉन श्री अमित कुमार एवं श्री अजीत कुमार को धन्यवाद दिया। साथ हीं नोडल पदाधिकारी, जिला स्वीप कोषांग -सह- जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी श्रीमती कंचन कुमारी झा, नोडल पदाधिकारी, जिला पी.डब्लू.डी. कोषांग -सह- सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई श्रीमती माला कुमारी एवं सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग श्रीमती पूनम कुमारी को भी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए धन्यवाद दिया। उप विकास आयुक्त श्री धनंजय कुमार एवं अपर समाहर्ता, विभागीय जाँच पदाधिकारी श्री विनय कुमार द्वारा दिव्यांगजन मतदाता जागरूकता खेल प्रतियोगिता दीप प्रज्जवलित कर विधिवत् उद्घाटन किया गया तथा दिव्यांगजन मतदाता जागरूकता खेल प्रतियोगिता में पदाधिकारियों मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अपील किया गया। नोडल पदाधिकारी, जिला पी.डब्लू.डी. कोषांग -सह- सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई श्रीमती माला कुमारी द्वारा कार्यक्रम के समाप्न के उपरांत आगत अतिथियों तथा दिव्यांगजन एवं वृद्धजन मतदाताओं को धन्यवाद दिया गया।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के काम में तेजी लाने को लेकर समीक्षा बैठक की गई

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद**। स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के काम में तेजी लाने को लेकर बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के सीनियर प्रोटोकॉल ऑफिसर ख्वाजा जमाल की अध्यक्षता में सभी इंजीनियर एवं मीटर लगाने वाली एजेंसी इंटेलिस्मार्ट के अधिकारियों के साथ विधुत कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार के कार्यालय कक्ष में एक समीक्षा बैठक की गई। इस बैठक में न सिर्फ स्मार्ट मीटर इंस्टॉलेशन में अभी तक हुई प्रगति के विषय में बताया गया। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर से होने वाले फायदों से भी अवगत कराने की आवश्यकता है। इसके लिए उपभोक्ताओं को जागरूक करना होगा। श्री जमाल ने बताया कि इस जिले में कई जगह मीटर इंस्टॉलेशन का काम बहुत धीमा चल रहा है। इस बैठक में इंटेलिस्मार्ट एजेंसी के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया कि इंस्टॉलेशन कार्य में तेजी लाते हुए प्रतिदिन पांच सौ स्मार्ट मीटर लगाये जाये। इसके अलावा सभी प्रशाखा के अभियंताओं को जागरूकता अभियान चलाने के लिये भी कहा गया। गया सर्किल के अधीक्षण अभियंता संजय कुमार बैरियो ने कहा कि लोगों को स्मार्ट प्रीपेड मीटर के उपयोग व खासियत के बारे में पूरी जानकारी दिया जाये। इसके लिए घर-घर पंपलेट बांटे जा रहे हैं। इसके अलावा मखदुमपुर, काको,घोसी, शकुराबाद सहित अन्य जगहों पर भी यह अभियान चलाया जा रहा है। कई इलाकों में माइकिंग के माध्यम से भी उपभोक्ताओं को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। इस बैठक में विधुत कार्यपाल अभियंता सुनील कुमार सहायक अभियंता प्रमोद कुमार निराला राहुल कुमार सहित सभी कनीय विद्युत अभियंता मौजूद थे।

# फुटबॉल एकेडमी के खिलाड़ियों ने दी अर्द्धवार्षिक परीक्षा

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद**। मगध फुटबॉल एकेडमी जहानाबाद का अर्द्धवार्षिक परीक्षा सख्त निगरानी में संपन्न हुआ। एकेडमी के प्रशिक्षण सत्र 2023-24 में पहले छःमहीने का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके सभी बॉयज एवं गर्ल्स खिलाड़ियों ने परीक्षा में भाग लिया । 100 पूर्णांक के परीक्षा में 30 प्रश्न पूछे गए थे । जिसमें दो प्रश्न ग्राफिकल था। शेष फुटबॉल के नियम एवं फुटबॉल खेल से संबंधित सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रश्न थे। परीक्षा में ग्राफिकल प्रश्न का उतर खेल मैदान में प्रशिक्षु खिलाड़ीयों द्वारा ग्राफ बनवायी गयी। जिसमें मैदान की लंबाई एवं चौड़ाई मीटर में तथा गोल पोस्ट का मापी के आधार पर ग्राफ शामिल था। मगध फुटबॉल एकेडमी के चेयर पर्सन राजीव कुमार रंजन ने बताया कि एकेडमी द्वारा ली जाने वाली अर्द्धवार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण प्रशिक्षु खिलाड़ी ही वार्षिक परीक्षा की तैयारी करेंगें। जिसके उत्तीर्णता के आधार पर भारत सरकार द्वारा पंजीकृत एवं बिहार फुटबॉल संघ से मान्यता प्राप्त फुटबाल प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिए जायेंगें। परीक्षा संपन्न कराने में विक्षक के रूप में एकेडमी के कोच राजेश कुमार एवं सचिव मोहम्मद तारीक शामिल थे।

- अर्द्धवार्षिक परीक्षा के जरिए मगध फुटबॉल अकादमी के खिलाड़ियों का हुआ परीक्षण

## लेट्स इंस्पायर बिहार

**राहुल कुमार सिंह**
मुख्य कोऑर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

# बिहार में जातिवाद का दंश



**[ लगातार लेखनी के माध्यम से यह प्रयास रहता है कि बिहारवासियों के हृदय के रक्त स्पंदन में जातिवाद रहित मधुर संगीत के तरंगों को प्रेषित कर दूं। इसमें सफलता प्राप्त भी हो रही है और, यह भी सुनिश्चित है कि जिस प्रकार से आईपीएस विकास वैभव मार्ग प्रशस्त कर रहे, जातिवाद जैसे विष बेल लताओं को बिहार के समाज से जड़ सहित उखाड़ फेंकने में हमलोग कामयाब हो जायेंगे। ]**

जातिवाद एक ऐसा दीमक हैं जो, धीरे–धीरे पूरे बिहार के समाज को चाटते जा रहा है, नतीजन बिहार में प्रेम और सौहार्द खोखला हो रहा है। स्वार्थ की वृद्धि इतनी तीव्रता से हो रही हैं कि लोग लोक लाज और लिहाज़ को तिलांजलि दे रहे हैं। मानवीय संवेदना शून्य होकर वीराने की ओर तेज़ी से अग्रसर हो गई है। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान बिहार राज्य के संस्कृति और सभ्यता की प्राचीन भारत की धरोहर को समाहित करते हुए यात्रा में गतिशील है। बिहार के युवाओं के हृदय में नव बिहार निर्माण के लिए नव कोंपल को फूटते हुए देख रहा हूं। मेरी भी उम्मीद जगी है। और, इस नेक कोशिश को लेकर आईपीएस विकास वैभव गंभीर है। बिहार के लोग सदियों से अपनी संस्कृति के प्रति संवेदनशील रहते आएं है। इसी सांस्कृतिक विरासत परंपरा के कारण विभिन्न क्षेत्रों में अपना परचम लहराने में सफल भी है। पर, यह संख्या कम है। बिहार के कुल आबादी का मात्र कुछ प्रतिशत ही विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाते हैं। कुल आबादी का 67.2 प्रतिशत अर्थात लगभग 11 करोड़ के आस पास युवाओं की जनसंख्या बिहार में है। इस सम्पूर्ण जीवन में अगर, लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के माध्यम से इन युवाओं के लिए कुछ बेहतर शिक्षा और उद्यमिता का अवसर प्रदान करवा सकूं तो, स्वयं को भाग्यशाली समझूंगा। यात्रा जारी है। यात्रा के दौरान नए लोगों से बात चीत भी हो रही है। अधिकांश लोगों को आईपीएस विकास वैभव के विचार भा भी रहे हैं। यात्रा से जुड़ कर सहयोग भी कर रहे हैं। अकाट्य सत्य यह भी है कि बहुत से लोग अभी भी जातिवादी मानसिकता से ग्रस्त हैं और लघुवादी होकर स्वयं को भाग्यशाली समझ रहे हैं। इस मानसिकता से उपर उठकर सोचना नहीं चाहते हैं। जातिवाद के नाम पर टांग खींचना ही इनकी फितरत है। बहुत सी कमियां बिहार में है पर, इन कमियों को दूर कौन करेगा? दुखद यह है कि बिहार का पढ़ा लिखा समाज भी लघुवादों के जाल में जकड़ा हुआ है। एक सुंदर पहल लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के माध्यम से लगातार किया जा रहा है। बिहार के युवाओं को इस सामाजिक संदेश को समझना होगा। लघुवाद के चंगुल में गिरवी रखे अपने मस्तिष्क को हरहाल छुड़ाना होगा। नए संवाद स्थापित करने होंगे। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान की यात्रा से अन्य बौद्धिकों को जोड़ना होगा। यह पहली बार हो रहा है कि बिहार की आम जनमानस इतनी सक्रियता से एक सामाजिक संदेश को वृहत मंच पर ले जाने को तैयार हैं। एक सुखद अनुभूति यह है कि वैश्विक स्तर पर इस अभियान की पहचान भी बन रही हैं। पहली बार पटना पुस्तक मेला में आम लोगों से अभियान के विषय में बात चीत हुई। अधिकांश लोगों को जोड़ने के लिए आईपीएस विकास वैभव के विचार और बिहार के प्रति संकल्प और सामाजिक संदेश को साझा किया। लघुवाद से दूर होकर युवाओं ने विचार का स्वागत हर्ष के साथ किया और अभियान से जुड़ने में गर्व महसूस किया। युवाओं की संख्या अभी कम है पर एक दिन पूरे बिहार की युवा पीढ़ी इस यात्रा में शामिल हो जाएगी। जितनी जनसंख्या बिहार में युवाओं की हैं,अगर सब एक साथ एक मंच पर आकर बिहार के विकास के विषय में चिन्तन करने लगे तो,आने वाले भविष्य पर बिहार का स्थान सर्वोच्च होगा। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान से जुड़कर, बेहतर वातावरण बनाने के लिए, यहीं सुनहरा मौका युवाओं के पास है। जातिवाद के विष और लघुवाद की विषमताओं से दूर होकर, अपने बिहार के लिए, अपने मिट्टी के लिए साथ होना ही होगा। सहयोग आपस में बनाना ही होगा तभी एक सुंदर बिहार का निर्माण संभव है। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के माध्यम से लगातार आईपीएस विकास वैभव एक नेक कोशिश कर रहे हैं। युवाओं को प्रेरित करने की पहल अति सराहनीय कदम है। जातिवादी सोच को अगर समाज से शीघ्र न हटाया गया तो, भविष्य का परिणाम बहुत भयानक होगा। आइए, मिलकर बिहार को प्रेरित करने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हैं। मिलकर बिहार को प्रेरित करते हैं।

# घर के अन्दर रखे एक अवैध देशी आग्नेयास्त्र के साथ पुलिस ने एक को गिरफ्तार किया



नई सोच एक्सप्रेस

**जहानाबाद**। परस बिगहा थानान्तर्गत ग्राम मेदनीचक के निवासी राजकुमार के सम्बंध में गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि 04 मई को एक व्यक्ति हल्ला-गुल्ला कर रहा है। इसने पास अवैध आग्नेयास्त्र भी है तथा लोगों को भय भी दिखाता है। इस सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए जहानाबाद पुलिस द्वारा टीम तैयार कर जब ग्राम मेदनीचक में भेजा गया तो एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसको पुलिस बल के द्वारा पकड़ा लिया गया। इस पकड़े व्यक्ति से नाम-पता पुछने पर अपना नाम राजकुमार, पिता स्व० मोहन यादव, ग्राम-मेदनीचक, थाना-परस बिगहा, जिला-जहानाबाद बताया। राजकुमार के घर की विधिवत तलाशी ली गई तो घर के अंदर से एक अवैध देशी आग्नेयास्त्र थ्रनेट लोहा का बना बरामद हुआ। जिसके विरूद्ध परसबिगहा थाना कांड सं0-79/24, दि०-04.05.24, धारा-25 (1-बी) ए/26 आर्म्स एक्ट में दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

# देश में आश्चर्यजनक परिणाम होगा,इंडिया महागठबंधन की केन्द्र में सरकार बनागी:तारिक अनवर

नई सोच एक्सप्रेस

**कटिहार**।कांग्रेस के कार्य समिति अखिल भारतीय कांग्रेस के कार्य समिति सदस्य इंडिया गठबंधन के कटिहार लोकसभा के उम्मीदवार चुनाव के पश्चात संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को परिवार से कोई लगाव नहीं है। इसलिए परिवार की दृष्टि से देश के बारे में नहीं सोचते है। उनके पास चुनाव लड़ने का कोई मुद्दा नहीं है। पिछले 10 वर्षों में कोई उपलब्धि नहीं दिख रहा है। जबकि मूलभूत मुद्दा देश की गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, पलायन है। पर लेकिन इस पर कोई चर्चा नहीं होती है। बिना मुद्दा के चुनाव ही लड़ रहे हैं।श्री अनवर ने कहा देश में आश्चर्यजनक परिणाम होगा हम लोग सरकार बनाएंगे। चुनाव की स्थिति एनडीए के खिलाफ है।उन्हें 272 के आसपास सीट आने की संभावना है। कांग्रेस नेता तारिक अनवर ने कहा कि आतंकवाद का हमेशा हम लोग विरोध करते हैं। सरकार की कमी है, जो आतंकवादी गतिविधि पर नियंत्रण नहीं कर रही है। आतंकवादी का कोई जात, धर्म नहीं होता है। करवाई सरकार को करनी चाहिए और मामला जांच का विषय का है। श्री अनवर ने कहा कि पिछले दिनों कटिहार के विभिन्न क्षेत्रों में आगजनी की घटना में काफी वृद्धि हो गई है। जिले के बारसोई, बलरामपुर, मनिहारी, अमदाबाद,मनसाही,बलरामपुर, डंडखोरा,हसनगंज, कटिहार, कुर्सेला आदि प्रखंडों में आगजनी की घटना बढ़ गई है। प्रशासन को चाहिए कि आगजनी की घटना में जो भी क्षति हुई है, उनका मुआवजा मिले। क्षती के अनुरूप उन्हें मुआवजा या पॉलीथीन पर्याप्त मात्रा में नहीं दिया गया है। पर्याप्त मात्रा में दिया जाए और क्षती के अनुसार ही उसे राहत दिया जाय।राहत में पहुंचने में काफी विलंब हो रही है।इन्होंने कहा कि सभी प्रखंड एवं सभी थाने में दमकल की गाड़ी मुस्तैद होनी चाहिए ताकि अग्निकांड की खबर सुनते ही तुरंत दमकल की गाड़ी घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर नियंत्रण पा सके। इस अवसर पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुनील यादव,मीडिया प्रभारी पंकज कुमार तंबाकूवाला, कांग्रेस नेता शाहनवाज हुसैन, अल्तमश दीवान, कदवा प्रखंड अध्यक्ष अंसार काजमी, बरारी प्रखंड अध्यक्ष अमरजीत सिंह आदि मौजूद थे।



# ख्वाबों की दुनिया से बाहर निकलें राजद के युवराजः सेतु

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। जदयू के प्रदेश महासचिव और मीडिया पैनलिस्ट श्री ओम प्रकाश सिंह सेतु ने राजद नेता तेजस्वी यादव से ख्वाबों की दुनिया से बाहर निकलने के लिए कहा है। कहा है कि सपने सपने ही होते हैं, वास्तविकता से सामना होने ही वे चकनाचूर हो जाते हैं। ऐसा लगता है जैसे वह नींद में प्रलाप कर रहे हों कि 4 जून को जब मतों की गिनती होगी तो पूरे देश में इंडिया गठबंधन की जीत होगी।श्री सेतु ने कहा है कि नेता विपक्ष तेजस्वी यादव का यह कहना कि सुन भाई सुन देश की धुन, इंडिया इज कमिंग ऑन 4 जून, बिल्कुल दिन में सुनहरे सपने देखने जैसा है। उनको अपनी पार्टी राजद का पिछली बार के लोकसभा चुनाव का प्रदर्शन भी दिमाग में रखना चाहिए, जब राजद का खाता भी नहीं खुला था। वह तो कांग्रेस के भरोसे महागठबंधन को मात्र एक सीट पर जीत हासिल हो सकी थी। उन्होंने या उनकी पार्टी ने इन पांच साल में ऐसा कोई तीर नहीं मारा है कि जनता उनको सिर आंखों पर बिठा लेगी।श्री सेतु ने कहा है कि दोष अकेले तेजस्वी का नहीं है। कांग्रेस के युवराज का भी यही हाल है।

# टाटानगर जमशेदपुर में बंधुआ मजदूर धनबाद गोविंदपुर साधोबाद निवासी रुपलाल महतो के परिजनों ने घर वापसी के लिए रंजीत कुमार महतो से लगाई गुहार

नई सोच एक्सप्रेस



**धनबाद**। धनबाद जिले अंतर्गत गोविंदपुर प्रखंड बरवाअड्डा क्षेत्र के ख़ास करके ग्रामीण क्षेत्रों के पढ़े लिखे शिक्षित बेरोजगारों को ठिकेदार बिचौलियों के द्वारा बंधुआ मजदूर बना कर ख़बरें आतें रहते हैं ताज़ा मामला प्रकाश में आया है कि धनबाद जिले अंतर्गत गोविंदपुर प्रखंड बरवाअड्डा थाना क्षेत्र खरनी पंचायत के साधोबाद के रुपलाल महतो उम्र लगभग 24 वर्ष और उनके साथ आस पास के कई बेरोजगार शिक्षित युवाओं को ठिकेदार बिचौलियों के द्वारा अच्छे वेतन का प्रलोभन देकर टाटानगर जमशेदपुर के घाटशिला क्षेत्र मेसर्स रीया इंटरप्राइजेज व रोयल हेल्थ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नामक नन बैंकिंग नेटवर्किंग कंपनी ले जाया गया ज्योनिंग के नाम पर पंद्रह हज़ार रुपए सभी से लिया गया बंधुआ मजदूर के परीजनों पिता शनिचर महतो और उनके माता के द्वारा कहा गया कि उनके बेटे रुपलाल महतो के साथ साथ आस के कई युवाओं को बंधक बना लिया गया है घर भी आने नहीं दिया जा रहा है और ना ही वेतन दिया जा रहा है वहां पर बंधुआ मजदूर साधोबाद के एक लड़की किसी तरह भागकर साधोबाद गांव पहूंचकर आपबीती परीजनों को बताई, ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिलते ही झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के धनबाद जिला मिडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो साधोबाद जाकर परीजनों से सभी प्रकार की समस्याओं से अवगत हुए और त्वरित धनबाद जिला प्रशासन, जिला प्रवासी नियंत्रण कक्ष और श्रम अधिक्षक धनबाद और जमशेदपुर जिला प्रशासन को सूचना देकर साधोबाद गांव के बंधुआ मजदूरों को अतिशीघ्र सकुशल घर वापसी के लिए आग्रह किया गया

# पप्पू यादव ने एनडीए पर बोला हमला देश में मोदी लहर खत्म हो चुकी है

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद**। पप्पू यादव ने कहा कि देश में मोदी लहर समाप्त हो चुकी है। इस बार केंद्र में एनडीए गठबंधन की सरकार नहीं बनेगी। इंडिया गठबंधन राहुल गांधी के चेहरे पर चुनाव लड़े हैं। इस बार राहुल गांधी ही पी.एम बनने वाले हैं। वहीं उन्होंने भाजपा पर जम्मू-कश्मीर में सेना के जवानों पर चुनाव के समय हमला करवाने का आरोप भी लगाया है। पप्पू यादव ने कहा कि जवानों के शहादत पर किसी भी राजनीति दल को राजनीति करने की इजाजत नहीं मिलनी चाहिये। केंद्र सरकार ने चुनाव को भी मैच फिक्सिंग का मामला बना दिया है। जब भी चुनाव आता है तो बड़ी बड़ी घटना को अंजाम दिया जाता है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि साजिश के तहत इस तरह की घटना को अंजाम दिया जाता है। पुलवामा का हमला भी चुनाव के समय ही हुआ था। पुंछ में आतंकी हमला में शहीद जवान दरअसल शनिवार को जम्मू कश्मीर में आतंकियों ने एक बार फिर सेना के काफिले को निशाना बनाया है। पुंछ में भारतीय वायुसेना के काफिले पर गोलीबारी कर पांच सैनिकों को घायल किया। जिसमें से एक जवान शहीद हो गया है। अब ऐसे में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। केंद्र की मोदी सरकार इस बात को समझ चुकी है कि इस बार जनता उनके शासनकाल से झुब्ध है। इसलिए वह चुनाव हार रहे हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री अनाप शनाप बयान दे रहे हैं। कभी मंगलसूत्र की बात करते हैं तो कभी इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के बारे में आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। इस बार राहुल गांधी ही पीएम बनेंगे, यह तय है। राहुल गांधी की ताकत को पूरी दुनिया देख रही है। दुनिया भर में राहुल गांधी की चर्चा है। मोदी की वैल्यू घट गई है। वह जमीन से गायब हो गये हैं। बस कॉरपोरेट घरानों में बच गये हैं। बिहार में जो चुनाव बचे हैं, उससे पहले यहां राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और कांग्रेस के बड़े नेताओं को अधिक से अधिक यहां सभा करनी चाहिये।

- जम्मू-कश्मीर में सेना पर हुए हमले का भाजपा को ठहराया जिम्मेदार

## संक्षिप्त समाचार

### नाटक चमकी 'बुखार से बचाव' का हुआ प्रदर्शन




**फुलवारी शरीफ।** सर्वमंगला सांस्कृतिक मंच के साप्ताहिक नुक्कड़ नाटक की श्रृंखला में नाटक "चमकी बुखार से बचाव" का मंचन किया गया।नाटक को महेश चौधरी ने लिखा और निर्देशित मिथिलेश कुमार पांडे ने किया। नाटक की शुरुआत अमन राज के स्वरबद्ध गीत- गर्मी के मौसम में चमकी बुखार का डर है भईया! ई बीमारी से बचवन पर रखिह तनी ध्यान हो ना.....से की गई। इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह दिखाया गया कि इस गर्मी के मौसम में चमकी बुखार से बच्चों को हमें कैसे बचाना है और इसके लक्षण को हम कैसे पहचानेंगे। चमकी बुखार का लक्षण अचानक तेज बुखार आना, हाथ-पैर में अकड़ आना, टाइट हो जाना, बेहोश हो जाना, शरीर का चमकना, शरीर का कांपना, शरीर पर चक्कता निकलना, ग्लूकोज का शरीर में कम हो जाना, सुगर कम हो जाना। यह बीमारी 10 साल तक के बच्चों को अधिक अटैक करता है इसलिए अपने बच्चों पर पूरा ध्यान रखें।बच्चों को रात में सोने से पहले भरपेट खाना जरूर खिलाएं, रात के बीच में एवं सुबह उठते ही देखे कि कही बच्चा बेहोश या उसे चमकी तो नहीं। इसमें कोई भी लक्षण नजर आए तो शीघ्र नजदीक के अस्पताल में पहुंचे और डॉक्टर से संपर्क करें। नाटक के कलाकार-महेश चौधरी ,अमन राज, करण कुमार,मिथिलेश कुमार पांडे, अशोक कुमार श्रीवास्तव, रंजन,संजना कुमारी, शशांक, आयुष, सत्येंद्र कुमार आदि थे।

### मैं चुनाव नहीं लड रहा जनता लडा रही है मैं एक जरिया हुए जनता कि सेवा करने का उनके दुख सुख का साथी हुं चुनाव जनता जितेगी

**बाल्मीकि नगर लोकसभा से महागठबंधन प्रत्याशी दीपक यादव ने दलबल के साथ गुरुवार को बेतिया स्माहरणालय पहुंचे**



**बेतिया।** उन्होंने जिला पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी दिनेश कुमार राय के समक्ष दाखिल किया नमिनेशन राजद प्रत्याशी दीपक यादव ने किया प्रेस वार्ता में कहा कि मेरा लड़ाई किसी से नहीं है मुझे जनता उमिदवार बनायी है जो भी प्रत्याशी लोग हैं चुनाव लड़ रहे हैं मेरा जीत जनता कि जित है अपार मतों से जनता जितेगी मैं एक माध्यम होउंगा जो उनके बातों को देश के विभिन्न सरकारी सदन के पटल पर रखुंगा और जिरो ग्राउंड पर सही से काम कराऊंगा तथा बाल्मीकि नगर लोकसभा क्षेत्र का चौमुखी विकास होगा पिछे के लोग आखिर क्या किये है जो आज तक मुल भुत आवश्यकता से कोसों दुर है क्षेत्र के विकास कार्य इस बार बदलाव करने जा रही है बाल्मिकी नगर कि जनता और महागठबंधन के कार्यकर्ताओं कि जित होगी और इस बार पुरा मन बना लिया है यहां के लोग हम शुक्रगुजार हैं कि हमें इस लायक यहां के देवतुल्य जनता हमें यह मानती है कि हम इनके विश्वास पर खरा उतरेंगे। यह भरोसा ही हमारे लिए काफी है बाल्मिकी नगर लोकसभा क्षेत्र संख्या 01 के राजद प्रत्याशी दीपक यादव ने प्रेस वार्ता किया जिसमें प्रत्रकारो ने प्रश्न किया जिसमें नई सोच एक्सप्रेस संवाददाता ललित मोहन झा ने पुछा कि क्षेत्र में लोगों के बिच बातें चल रही है कि बाहरी बनाम लोकल तो कहे कि कौन बाहरी और कौन लोकल हम तो बगहा नरईपुर में पिछले कई वर्षो से निवास करते हैं तो रही हमारा सब कुछ है और सब हमारे है और हम सब के है तो बाहरी और लोकल क्या मैना जानु मैं तो बस इतना जानु कि सब के हम हमारे सब कोई दुसरा प्रश्न यह रहा कि आप पहले भाजपा में थे अब राजद में भाजपा से पहले बहुजन में थे समाज का सेवा करना है तो आप ऐसे ही कर सकते हैं तो कहे कि क्या हम वह कर सकते हैं जो सरकार कि सिस्टम कर सकती हैं नहीं न हां हम अपने निजी रुप से थोड़ी बहुत मदद कर सकते हैं जो हम करते रहे हैं दुख सुख के साथी थे है आगे भी रहेंगे लेकिन क्या जो आज हालात देखने को मील रहा है वह सही है दियरावर्ती क्षेत्र हो या दोन,या सिमावर्ती क्षेत्र या अन्य किसानों वर्ग के हालात बहुत नजदीक से हमने देखा है कई बार उनसे बातें करने में आपकी आंखों नमन हो जायेगे मुझे अपना बेटा ,भाई, चाचा,भतिजा न जाने क्या क्या नहीं मानते इस लिए इस बार वह हम पर भरोसा कर अपना किस मत अजमा रहे हैं।हमारी जित होगी उनका भरोसा है जहां तक बात है पार्टियों कि तो कार्यकर्ता और जनता ने कहा कि चुनाव लडना चाहिए तो लड़ रहे हैं।

### स्कॉर्पियो चोरी,2 दिन बाद भी नहीं चल सका पता




**हाजीपुर / जन्दाहा (वैशाली)** जिले के जन्दाहा बाज़ार स्थित पुरानी बाज़ार जामा मस्जिद चौक के पास बस स्टैंड परिसर से अज्ञात चोरों द्वारा वृहस्पतिवार की देर रात को DL12 CA 6475 नंबर स्कॉर्पियो गाड़ी की चोरी कर लिये जाने का मामला प्रकाश में आया है।इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहम्मद अदनान,पिता मोहम्मद तौहीद,निवासी भवानीपुर राजधाम,जिला पूर्णिया अपने संबधी मोहम्मद शाहनवाज अता,निवासी दर्जी मोहल्ला,पुरानी बाज़ार,जन्दाहा जिला वैशाली के यहां अपने पिता के इलाज के सिलसिले में बीते कई दिनों से आकर रह रहे थे।जो अपने पिता का इलाज को लेकर स्कॉर्पियो गाड़ी से रोजाना पटना स्थित आईजी आई एम एस आना जाना कर रहे थे।रोजाना की तरह वृहस्पतिवार की रात 11 बजे स्कॉर्पियो गाड़ी को बस स्टैंड परिसर लगा दिया गया और सभी अपने संबधी के घर चले गए।शुक्रवार की नमाज के बाद जब बस स्टैंड परिसर में स्कॉर्पियो गाड़ी नहीं दिखा तो सभी खोजबीन करने लगे।स्कॉर्पियो गाड़ी के चालक से पता किया गया तो बताया गया कि चाभी मेरे ही पास है।गाड़ी कौन ले गया मुझे पता नहीं।तभी सब लोगों को यह विश्वास हो गया कि गाड़ी चोरी हो गया।इस संबंध में गाड़ी मालिक मोहम्मद अदनान ने जन्दाहा थाना में प्राथमिकी दर्ज करा दिया है।वहीं पुलिस लगातार छानबीन कर रही है।बावजूद इसके दो दिन बाद भी गाड़ी का कुछ पता नहीं चल सका है।हालांकि जन्दाहा थानाध्यक्ष ने बताया कि बहुत जल्द गाड़ी बरामद कर लिया जाएगा और चोरी करने वालों को किसी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

# एम.के. ज़ाला, काव्या एस, रियल राका का म्युज़िक वीडियो हेनेसी हुआ रिलीज़

नई सोच एक्सप्रेस




हार्ड रॉक बीट्स एक ऐसे म्युज़िक लेबल के रूप में उभर कर सामने आया है जिसके द्वारा रिलीज सभी गाने ब्लॉकबस्टर सिद्ध हुए हैं। निर्माता एम.के. ज़ाला का लेटेस्ट म्युज़िक वीडियो हेनेसी Hennessy हार्ड रॉक बीट्स पर रिलीज होकर काफी लोकप्रिय हो रहा है। गोवा की खूबसूरत लोकेशन पर फिल्माए गए इस सॉन्ग में एम.के. ज़ाला, काव्या. एस और सिंगर रैपर रियल राका ने फीचर किया है। मुम्बई के गॉडफादर क्लब में भव्य रूप से इस शानदार सॉन्ग को लॉन्च किया गया। इस ग्रैंड लॉन्च पर गाने से जुड़ी पूरी टीम सहित कई सेलेब्रिटी गेस्ट भी मौजूद थे। सभी ने एम के ज़ाला के इस सॉन्ग की प्रशंसा की और इसकी सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। अल्बम के निर्माता एमके ज़ाला, सिंगर रियल राका, गीतकार रोमियो व रियल राका और संगीतकार मिस्टर क्रूज़ हैं। रियल राका एक ट्रेंडिंग सिंगर और रैपर हैं उन्होंने इस गीत को गाया और लिखा है साथ ही वीडियो में फीचर भी किया है। उनका लुक और रैप काफी पसन्द किया जा रहा है। हार्ड रॉक बीट्स द्वारा प्रस्तुत इस सॉन्ग का विज़ेल ने निर्देशन किया है। प्रोड्यूसर एम के ज़ाला ने बताया कि मेरे चैनल पर और मेरे गाने मे आपको हर बार नया कुछ देखने को मिलेगा। मुझे विश्वास है कि यह गीत भी दर्शकों को जरूर पसन्द आएगा। इस वीडियो को गोवा के खूबसूरत लोकेशन्स पर फिल्माया गया है। सबसे पहले हमने स्पॉटीफाई पर इसका ऑडियो लांच किया था, जिसे काफी लोकप्रियता मिली। इंस्टा पर यह ट्रेंडिंग में आया है। इस गीत के माध्यम से एम के ज़ाला ने अभिनय में भी डेब्यू किया है। वीडियो में उनका लुक एकदम दबंग स्टाइल का है जिसे लोग काफी पसन्द कर रहे हैं। क्या आगे भी वह ऐसे ही किरदार प्ले करेंगे, इसपर निर्माता ने कहा कि इसके बाद मैं पॉज़िटिव रोल करूंगा। सिंगर रैपर और ऐक्टर रियल राका वास्तव में एक रॉकस्टार हैं। चाहे गायकी की बात हो या फिर इसके इंटरेस्टिंग बोल हों, या वीडियो में परफॉर्मेंस हो, सभी क्षेत्र में रियल राका ने धमाल मचाया है। अभिनय का जुनून रखने वाली काव्या एस. के लुक, डांस और एक्टिंग की प्रशंसा सभी ने की। उन्होंने कहा कि बहुत गर्मी में हमने यह शूट किया था मगर उस मेहनत का फल हमें आज मिल रहा है। गाना इंस्टाग्राम पर ट्रेंड कर रहा है और यह बहुत बड़ा हिट होगा। सॉन्ग की अच्छी स्टोरी है, बेहतरीन एडिटिंग है। लिखा और कम्पोज़ किया हुआ बहुत अच्छा है और रैप के अंदाज में रियल राका ने गाकर इसे और भी अद्भुत बना दिया है। गाने के प्रोड्यूसर एमके ज़ाला ने कहा कि इस महीने दो और गाने आ रहे हैं जिनमें से एक पंजाबी सॉन्ग होगा। नए लोगों को भी हार्ड रॉक बीट्स पर मौका मिलेगा।

## कुड़मी विकास छात्र मोर्चा की ओर से गोड्डा जिला के साइंस टॉपर दिव्य ज्योति कुमार को किया गया सम्मानित



नई सोच एक्सप्रेस

**गोड्डा।** रविवार को सोनारचक पथरगामा में वर्ष 2024 के इंटर साइंस संकाय में गोड्डा जिला टॉपर रहे दिव्य ज्योति कुमार महतो को सम्मानित करने हेतु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में छात्र दिव्य ज्योति कुमार को फूल माला पहनाकर व कुड़माली पीला गमछा देकर हौसला अफजाई किया गया। इस मौके पर बैग, कुड़माली कैलेंडर, डायरी, कलम, भी देकर सम्मानित किया गया। सभी ने इन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कर इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके मुख्य रूप से पुर्व जिप अध्यक्ष प्रतिनिधि रविन्द्र महतो, कुड़माली भाषा विकास समिति के जिला अध्यक्ष अवनीकांत महतो, पूर्व जिप सदस्य देवेंद्र कुमार महतो, कुड़मी विकास मोर्चा के केन्द्रीय प्रधान प्रवक्ता दीपक महतो, जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार महतो, जिला मिडिया प्रभारी गौतम कुमार महतो, महतो सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष जगरनाथ महतो, छात्र मोर्चा के जिला अध्यक्ष दशरथ महतो, जिला कोषाध्यक्ष दीपक कुमार महतो, कुड़मी सेना प्रभारी लालजी महतो, राजेश महतो, देवेंद्र महतो, मुन्ना महतो, सोनू कुमार महतो के साथ साथ पारिवारिक सदस्यों में जीना देवी, खुशबू कुमारी, डोली कुमारी, आरती देवी, नरसिंह महतो, हितेश देव महतो आदि लोग उपस्थित रहे। वहीं समाज के सभी लोगों ने एक स्वर उनके उच्चतर शिक्षा हेतु हरसम्भव मदद करने का अश्वासन दिया।

## गौरीचक में अजीम चक के पास युवक को गोली मारकर हत्या



नई सोच एक्सप्रेस

**संपतचक।** रविवार की सुबह गौरीचक थाना क्षेत्र के अजीम चक प्राथमिक विद्यालय के समीप पटना गया राजकीय राजपथ एक पर बाइक सवार अपराधियों ने बाइक सवार युवक को गोली मारकर हथियार लहराते फरार हो गया। गोली लगने से घायल युवक को गौरीचक पुलिस एवं स्थानीय लोग एन एम सी एच ले गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान गोपालपुर थाना क्षेत्र के सिरपत पुर निवासी गोरख राय का करीब 25 वर्षीय पुत्र विकास कुमार उर्फ चोचो के रूप में हुई। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने उज्जैन होंडा के पास मृतक के शव को रखकर पटना गया राजकीय राजपथ एक को करीब 2 घंटे तक अवरुद्ध रखा। सूचना पर गौरीचक थाना, गोपालपुर थाना, रामकृष्ण नगर थाना की पुलिस एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर 2 सत्यकाम घटना स्थल पर पहुंचकर लोगों को समझा बूझकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेज दिया। करीब 2 घंटे बाद यातायात सुचारू हुआ। पूछताछ में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर 2 सत्यकाम ने बताया वैज्ञानिक एवं तकनीकी मदद से एक टीम का गठन किया गया है जल्द ही अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा। पुलिस अपराधियों को पकड़ने हेतु छापेमारी करने में जुटी है।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने की बैठक

नई सोच एक्सप्रेस




- **संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए इंडिया गठबंधन की बनाएं सरकार- डॉ सुरेन्द्र**

**जहानाबाद।** 08 मई को गांधी मैदान में आयोजित नामांकन सभा में तेजस्वी एवं मुकेश साहनी भी शामिल होंगे। लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं की बैठक किया गया। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ सुरेन्द्र प्रसाद यादव का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। अपने संबोधन में डॉ सुरेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि यह चुनाव दो विचारधारओं की लड़ाई है। संविधान और लोकतंत्र बचाने, गरीबों, मजलूमों, अल्पसंख्यकों, बेरोजगार युवाओं सहित सभी वर्गो के समान अवसर देने के लिए इंडिया गठबंधन की जीत जरूरी है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर गांरटी के साथ मतदाताओं के साथ किए गये वायदे पूरे किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि एक ओर सत्ता का अहंकार है तो दूसरी ओर जनता की उम्मीदें हैं। स्थानीय विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के साथ सर्व समाज है। तेजस्वी यादव द्वारा 17 महीने में किए गए कार्यो को बिहार की जनता ने देखा है। हमारे नेता ने जो कहा था उसे करके दिखाया है। अपने कार्यकाल में 05 लाख बेरोजगार युवक-युवतियों को नौकरी देने, जातीय जनगणना कराने, बिहार में आरक्षण की सीमा बढाकर 75 प्रतिशत करने, 94 लाख गरीबों को 2 लाख और अतिरिक्त 1 लाख का आर्थिक लाभ देने और इतने कम समय में राजद के द्वारा पढ़ाई, दवाई, सिंचाई, सुनवाई और कार्रवाई करने आदि का जो संकल्प किये थे, उनको जोर-शोर से पूरा करने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव ने लोकसभा चुनाव में जो भी वायदा किया है उसे सरकार बनने के बाद हर हाल में पूरा करेंगे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राजद जिलाध्यक्ष महेश ठाकुर ने बताया कि 08 मई को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ सुरेन्द्र प्रसाद यादव का नामांकन होगा। नामांकन के बाद गांधी मैदान में आयोजित सभा को पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव एवं वीआईपी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश साहनी सहित प्रदेश के कई नेता संबोधित करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं ने नामांकन सभा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील किया। बैठक को घोसी विधायक रामबली सिंह यादव, पूर्व विधायक डॉ सच्चितानंद यादव, सूबेदार दास, परमहंस राय, डॉ शशिरंजन उर्फ पप्पू यादव, आभा रानी, माले नेता श्री निवास शर्मा, सीपीआई के सुरेश प्रसाद, सीपीएम के रामप्रसाद पासवान, जनमुक्ति आंदोलन के हरिलाल प्रसाद यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, चन्द्रिका मंडल, वीआईपी के सिकन्दर केवट, आप के बालेश्वर यादव, राजद नेता वीरेन्द्र राउत, छोटू यादव, फतो खान, रामबाबू पासवान, प्रभावती मांझी, अरविन्द चन्द्रवंशी, धर्मपाल यादव, बैकुण्ठ यादव, नौशाद आलम, मंजीत मालाकार, रंजीत पासवान, पप्पू मल्लिक सहित बड़ी संख्या में लोगों ने संबोधित किया।

## भुमाफियाओ का आतंक मनोबल इतना कि ब्लौक गेट पर किया हमला दो घायल

नई सोच एक्सप्रेस





**बेतिया।** ब्लौक गेट पर संध्या करिब 06:00 बजे में घटना हुआ पिडित प्रभात कुमार उम्र करिब 32 वर्ष पिता विजय प्रसाद, दवा व्यवसाई विजय प्रसाद उम्र 60 वर्ष पिता सत्यनारायण प्रसाद बिक्की हजरा चौकिदार के साथ अंचल कार्यालय गये हुए थे दाखिल खारिज के संबंध में नोटिस 437/2023 कार्यालय से निर्गत होने पर बुलाया गया था दोनो पक्ष को अंचल पदाधिकारी के द्वारा लिखित ने बताया कि हम जमिन 08/23 को खरिदे थे जिसका दास्तावेज संख्या 15146 है और दुसरा पक्ष सोने लाल प्रसाद 10/2023 को खरिदा जिसकी दावेदारी कर रहा था इस तरह से दुसरा पक्ष जान बुझ कर विवाद करने के लिए जतिन कि खरिदा बिक्री कर रहा है जब कि जिन का खाता 218 खेसरा 1373 रकवा 16 डी सिमल है अंचल पदाधिकारी ने सभी पहलुओं को देखा होगा तब निर्णय करते हुए न्याय करते हुए विजय प्रसाद के पक्ष में निर्णय लिये यहां यह भी नहीं है कि एक पक्ष कि बात सुनी गई हो दोनों पक्ष कि बात सुनी गई और न्याय किया गया जब इसके बाद प्रथम पक्ष विजय प्रसाद वहां से निकल रहे थे तब सोने लाल प्रसाद 55 वर्ष पिता स्व राजेन्द्र प्रसाद बरवत सेना,रौकी कुमार 22 वर्ष पिता मुन्ना प्रसाद,मुकेश कुमार 35 वर्ष पिता मोहन प्रसाद के साथ कुछ अज्ञात पता बरवत पसराईन केलोगों ने हम लोगों पर हमला कर दिया ब्लैक गेट जहां राणा दिलिप सिंह के गेट के पास रड ,फैट से जिसमें प्रभात कुमार के गर्दन पर हमला करने का प्रयास किया लेकिन हम सिर निचे झुका लिये इस कारण सिर में लगा और साथ ही मार कर तोड़ दिये पिडित प्रभात का कहना है कि वहां पर सि सि टि वी भी लगा है जिससे यह स्पष्ट हो जायेगा कि हमला में कौन-कौन था और साक्ष्य भी उपलब्ध हो जायेगा हमला वर जब स्थानिये लोग देखने लगे और हो हल्ला किये तो भागने लगा लेकिन हम एक को पकड़ लिये तब तक किसी भी तरह जान बचा कर भागने में कामयाब हो गया लेकिन उसका मोटरसाइकिल वहीं छुट गया जो बेतिया नगर थाना में जप्त है अब यहां बात यह हो रही है कि जब ब्लौक गेट और कुछ दुरी पर गंडक विभाग कार्यालय एवं शिक्षा विभाग कार्यालय एवं अत्यधिक महत्वपूर्ण कार्यालय के पास ऐसे वारदात होंगे तो जब इन जगहों पर लोग सुरक्षित नहीं रह पायेंगे तो अन्य जगहों पर कैसे उमिद लगाई जा सकती हैं जबकि यह जगह बेतिया पुलिस लाईन के पिछे का चौक भी कह सकते हैं और बेतिया जिला मुख्यालय में वह भी सेंसेटिव एरिया में तो फिर कानुन और नियम कि धज्जियां उड़ती नजर आ रही है तो क्या नहीं कह सकते कि भुमाफियाओ का खुला तांडव चल रहा है बेतिया में, घटना के बाद 102 कि पेट्रोलिंग पार्टी आई और हम लोगों को गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल लाया गया जहां इलाज़ जारी है इस संदर्भ में पंडित पक्ष ने फर्द ब्यान दर्ज कराया है और थाने में आवेदन भी दिया है पुलिस पदाधिकारी का कहना है कि अनुसंधान जारी है वहीं साठी थाना क्षेत्र के सतवरिया गांव में भी पिडित राजन मिश्रा उम्र करीब 45 वर्ष पिता स्व भुनेश्वर मिश्रा दिपु मिश्रा उम्र करीब 36 वर्ष जो जमीन का कागजात लाने पटिदार मुन्ना मिश्रा के घर जा रहे थे बिच रास्ते में पुर्व से घात लगायें किराना दुकान के पास बैठे थे सुबह 7:30 बजे जय नारायण मिश्रा पिता उपेन्द्र मिश्रा, सुनील मिश्रा,केशव मिश्रा पिता जयनारायण मिश्रा,पिंटु पाठक दामाद पिता नामालूम, बेटी ममता देवी पति पिंटु पाठक तथा पांच अज्ञात ने पिछे से हमला कर दिया रड विकेट डंडा से जिसमें हम घायल लोग घायल हो गये जिस के बाद स्थानिये लोग जुटे और बिच बचाव किये तब जय नारायण मिश्रा और उसके साथी भागे और हम सभी को बेतिया मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां इलाज़ जारी है इस संदर्भ में लिखित आवेदन साठी थाना को दिया गया है वहीं थाना अध्यक्ष ने बताया कि दोनों तरफ से आवेदन प्राप्त हुआ है और कांड संख्या दर्ज कर लिया गया है जो अनुसंधान जारी है।

## बोधगया पहुंचे आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर

नई सोच एक्सप्रेस



**गया।** कड़ी सुरक्षा के बीच आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर महाबोधि मंदिर पहुंचे। जहां उनका स्वागत मंदिर के पुजारी डॉ दीनानंद और बीटीएमसी सचिव महाश्वेता महारथी ने पुष्प गुच्छ और मोमेंटो देकर किया। तत्पश्चात श्री रविशंकर मंदिर के गर्भगृह में पहुंचे। जहां उन्होंने भगवान बुद्ध का दर्शन कर पूजा अर्चना किया। उसके बाद श्री रविशंकर पवित्र बोधि वृक्ष के पास पहुंचे जहां उन्हे मंत्रोचार द्वारा विधिवत रूप से पूजा कराया गया। वहीं आध्यात्मिक गुरु ने पवित्र बोधि वृक्ष के पास ध्यान कर उन्होंने कहा कि यहां आकर मुझे आपार शांति मिला है। उसके बाद श्री श्री रविशंकर बोधगया शंकराचार्य मठ पहुंचे जहां उन्होंने अन्नपूर्णा देवी का दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात महादेव नाथ जी के गद्दी का अवलोकन करते हुए मठ परिसर का भी अवलोकन किया।

## राहुल गांधी को शहजादा कहने पर पलटवार करते हुए कांग्रेस ने प्रधानमंत्री को देश का सबसे बड़ा बाताया शहंशाह

नई सोच एक्सप्रेस

**गया।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपनी चुनावी सभाओं में विश्व के लोकतंत्र के इकलौता महानायक नेता राहुल गांधी को शहजादा कहने पर भड़की कांग्रेस ने पलटवार करते हुए प्रधानमंत्री मंत्री को देश का सबसे बड़ा शहंशाह बाताया। बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठू ने कहा कि जनता की गाढी कमाई की 8 हजार करोड़ के हवाई जहाज से चलने वाले लाखो का कपड़ा पहनने वाले हमेशा जनता से कटे हुए रहते हैं।मिट्ठू ने कहा कि जिस जनप्रिय तपस्वी को प्रधानमंत्री शहजादा कह रहे हैं वो शहजादा कन्याकुमारी से कश्मीर तक कि 4000 किलोमीटर की पदयात्रा कर देश के किसान, मजदूर, छात्र,नौजवान, बच्चे, बूढ़े, महिलाएं से रुबरु होकर उनके समस्याओं के समाधान के लिए लगातार संघर्षरत रहने से प्रधानमंत्री डरे और घबराए हुए हैं उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री चुनाव प्रचार में सम्पूर्ण भारत में अपने नाकामियों का ठीकरा नेहरू-गांधी परिवार के माथे फोड़ कर देशवासियों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, तथा देश के सजग, साहसी, संघर्षशील, ईमानदार, जनप्रिय नेता विपक्ष की आवाज राहुल गांधी को शहजादा, मुग़लिया सोच वाले आदि तरह-तरह की बातें करने का काम कर रहे हैं। नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री की घबराहट इस बात को प्रमाणित करता है कि राहुल गांधी वायनायड एवं रायबरेली दोनों लोकसभा क्षेत्रों से भारी मतों से विजयी होने वाले हैं तथा इंडिया गठबंधन की सरकार भी राहुल गांधी के नेतृत्व में बनने वाली हैं।

## पाँच लीटर देशी चुलाई शराब समेत एक धंधेबाज गिरफ्तार

नई सोच एक्सप्रेस



**मैनाटांड़** । इनरवा पुलिस ने शनिवार को गस्ती के दौरान कुल पाँच लीटर देशी चुलाई शरा और के साथ एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । इनरवा थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया की इंडो नेपाल बोर्डर पाँच लीटर देशी चुलाई शराब के साथ शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान सर्वेश कुमार साकिन बरवा परसौनी थाना इनरवा जिसे प्रथिमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## किसी भी दल के साथ पक्षपात नहीं करेगा

पिछले दिनों सोशल मीडिया पर एक क्लिप काफी चर्चा में थी। क्लिप में दिखाया गया कि तेलंगाना राज्य में एक गरीब सब्जी विक्रेता सडक़ के किनारे अपनी छोटी सी दुकान लगाए बैठी थी। तभी एक रईसजादे ने उसके पीछे अपनी महंगी गाड़ी को कुछ इस तरह से पार्क कर दिया कि महिला की साड़ी का पल्लू गाड़ी के पिछले पहिये के नीचे दब गया। कुछ ही क्षण बाद जैसे ही महिला को इस बात का पता चला, तो वो गाड़ी मालिक से दुहाई करने लगी पर उसने एक न सुनी और एक भवन के अंदर चला गया। मजबूरी में उस महिला ने पुलिस से मदद मांगी। पुलिस ने भी काफी प्रयास किया कि उसकी साड़ी का पल्लू किसी तरह से पहिये से मुक्त हो जाए। लेकिन पुलिस जो उपाय खोजा वह काफी सराहनीय है। पुलिस ने एक मिस्त्री बुलाया और गाड़ी में जैक लगा कर महिला के पल्लू को मुक्त करवा दिया। परंतु तेलंगाना की पुलिस ने इस मनचले को सबक सिखाने की भी सोची। पुलिस वाले उस गाड़ी के पहिये को उतरवा कर अपने साथ पुलिस थाने ले जाने लगे। जैसे ही गाड़ी का पहिया उतारा जा रहा था तभी वो मनचला हड़बड़ाता हुआ बाहर आया। पुलिस के इस एक्शन पर घबराहट में उनके पैरों में गिरने लगा। माफी मांगने लगा। परंतु पुलिस ने उसकी एक न सुनी और पहिया उतार कर अपने साथ थाने ले गई। इस बिगड़े मनचले के पास सिवाय अपना सर खुजाने के और कोई उपाय न था। शायद वो इस तरह से गाड़ी पार्क करने से पहले इंसानों की तरह सोचता तो ऐसा न होता। परंतु पैसे के घमंड में चूर इसे कुछ दिखाई नहीं दिया। यदि यहां पुलिस उस व्यक्ति से उलझती तो वो अवश्य अपने पैसे और रु तबे की धौंस दिखाता। गौरतलब है कि इस पूरे वीडियो को सोशल मीडिया पर 'स्क्रिप्टेड वीडियो' या नाटकीय वीडियो कहा जा रहा है। परंतु जो भी हो वीडियो डालने वाले ने जो संदेश देना चाहा वह देश के अन्य राज्यों की पुलिस के लिए एक अच्छा उदाहरण बना। चुनावों के मौसम में तेलंगाना के इस वीडियो क्लिप से भारत निर्वाचन आयोग को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। सोशल मीडिया पर शायद ही कोई राजनैतिक पार्टी होगी जिसने अपने चुनावी भाषण में किसी न किसी तरह से आचार संहिता और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के नियमों का उल्लंघन न किया हो।

## प्रधानमंत्री मोदी के लिए मॉरीशस की महत्ता



आरती कुमारी

प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति में उन देशों को प्राथमिकता दी गई है जो भारतीय धर्म, संस्कृति और इतिहास की परंपराओं को अक्षुण्ण बनाए रखने के प्रति संकल्पित हैं । भारतीय मूल के प्रवासियों की संतानों के रूप में मॉरीशस की अधिसंख्य हिंदू जनसंख्या ने भारत के प्रति अपने समर्पण को प्रकट करने में कभी किसी प्रकार का संकोच नहीं किया है। आज भी वह जिस प्रकार भारतीय धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए कार्य कर रहा है वह सब प्रधानमंत्री मोदी की दृष्टि में है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी विदेश नीति में हिंद महासागर में बसे इस देश को विशेष महत्व देना आरंभ किया। इसमें दो मत नहीं हैं कि कांग्रेस की सरकारों के समय में भी मॉरीशस को भारत ने सम्मान देने में कमी नहीं छोड़ी, पर इस समय हमारी विदेश नीति इस देश को लेकर कुछ महत्वपूर्ण और ठोस कार्य करना चाहती है। अपनी मॉरीशस संबंधी नीति का प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्ष 2015 में अपनी मॉरीशस यात्रा के समय स्पष्ट संकेत कर दिया था।

प्रधानमंत्री ने उस समय महत्वाकांक्षी नीति सागर का शुभारंभ किया था। जब सारा संसार सांप्रदायिक खेमेबंदी में बंटा हो और इस्लाम व ईसाइयत में बंटे देश अपनी – अपनी संख्या बढ़ाने का अथक प्रयास कर रहे हों, तब विचारधारा के संकट का सामना करना भारत के लिए स्वाभाविक है। विचारधारा के इसी संकट से पार पाने और हिंदू अस्तित्व की रक्षा के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने अपने उन सभी मित्रों को साथ लेकर वैश्विक राजनीति की दिशा को बदलने का प्रयास करना आरंभ किया है जो किसी भी क्षेत्र में किसी भी समय हमारा सहयोग कर सकते हैं या जो हमारी हिंदुत्व की विचारधारा में थोड़ा सा भी विश्वास रखते हैं। मॉरीशस ने भी भारत के सदाशय को समझ कर सामरिक दृष्टिकोण से अपने महत्व को अपने बड़े भाई भारत के लिए हृदय की गहराइयों से समर्पित कर दिया है। दोनों देशों की सांझेदारी गन्ने के बागान, वित्तीय सेवाएँ तथा तकनीकी नवाचारों को खोजते – खोजते बहुत दूर निकल जाना चाहती है। मॉरीशस के बारे में हम सभी जानते हैं कि यह देश हिंद महासागर आयोग का सदस्य है । जिसके चलते इसकी भूमिका भारत के लिए सामरिक दृष्टिकोण से ही महत्वपूर्ण नहीं है अपितु भौगोलिक आर्थिक दृष्टिकोण से भी महत्त्वपूर्ण है। जब यूरोप से कुछ लोग व्यापारी के रूप में संसार के विभिन्न क्षेत्रों, देशों, द्वीपों को लूटने के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर निकले तो उस समय उनका अनेक नए स्थानों से परिचय हुआ। ये लोग उस समय भारत को व्यापार के माध्यम से लूटने के लिए नए रास्ते खोज रहे थे। उनके इसी खोजी अभियान में उनका परिचय एक नए द्विपीय क्षेत्र से हुआ, जिसका नाम उन्होंने मॉरीशस रखा। इस देश को उन्होंने हिंद महासागर का तारा और चाबी का कर पुकारा। यहां पहुंचने वाले विदेशी लोगों में पुर्तगाली और डच लोगों ने पहले बाजी मारी। पर बाद में 18वीं शताब्दी में फ्रांसीसियों ने इस देश पर स्थाई अधिकार प्राप्त कर यहां पर अपना शासन स्थापित किया। जिन्होंने यहां पर गन्ने के बागान विकसित करने आरंभ किये। जहाजों का निर्माण कर मॉरीशस का संपर्क विश्व के अन्य भूभाग से जोड़ने का काम करना आरंभ किया। पर स्थानीय लोगों का शोषण भी उनके शासनकाल में अपने चरम पर पहुंच गया। बाद में नेपोलियन के शासनकाल में यहां पर अंग्रेजों ने अपना अधिकार स्थापित किया। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में भारत संसार के सभी देशों के लिए बहुत बड़ा बाजार बन चुका है। इसलिए भारत से आर्थिक और व्यापारिक संबंध स्थापित करना प्रत्येक देश अपने लिए आवश्यक समझ रहा है । इस सबके उपरान्त भी भारत को अपने व्यापारिक मित्रों की तलाश है। अफ्रीकन देशों में अपना बाजार विकसित करने के लिए भारत के लिए मॉरीशस एक अच्छा मित्र सिद्ध हो सकता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने हिंद महासागर के वनिला द्वीपों कोमोरोस,





मेडागास्कर मॉरिशस, सेशेल्स, रीयूनियन द्वीप के साथ द्विपक्षीय आधार पर बातचीत करते हुए अपनी विदेश नीति को नई धार देने का प्रयास किया है। यदि भारत की वर्तमान विदेश नीति अपनी वर्तमान मॉरीशस संबंधी नीति को जारी रखते हुए नए आयामों को छूकर इतिहास लिखने में सफल हुई तो यह कहा जा सकता है कि मॉरिशस दक्षिण-पश्चिम हिंद महासागर में भारत के लिए बैंकिंग, हवाई यातायात तथा पर्यटन आदि को प्रोत्साहित करने के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण सहयोगी सिद्ध हो सकता है। भारत भी अपने इस सांस्कृतिक और आत्मिक मित्र के लिए प्रत्येक क्षेत्र में महत्वपूर्ण सहयोगी और बड़ा भाई सिद्ध हो सकता है। इस बात को चाहे मॉरीशस के लोग अनुभव ना कर रहे हों कि विचारधारा का संकट वहां पर भी है, पर वैश्विक राजनीति की वर्तमान दुर्गंध से भरी परिस्थितियों के चलते देर सवेर मॉरीशस भी विचारधारा का शिकार हो सकता है । उस क्षेत्र में वैदिक साहित्य और मूल्यों को परोसते हुए भारत मॉरीशस के लोगों के लिए अच्छे मित्र का कार्य कर सकता है। इसके अतिरिक्त भी मॉरीशस को भारत की आवश्यकता है। जिसके चलते उसे वैश्विक मंचों पर चली जाने वाली षडयंत्रात्मक चालों के शिकंजे से बचाने में भारत अपना सहयोग दे सकता है। यदि प्रधानमंत्री मोदी की वर्तमान मॉरीशस संबंधी नीति की समीक्षा की जाए तो भारत अपने इस मित्र के लिए प्रत्येक क्षेत्र में एक सहयोगी देश के साथ-साथ एक मित्र देश और बड़े भाई के रूप में खड़ा हुआ दिखाई दे रहा है। यहां तक कि भारत मॉरीशस की शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी आवश्यकताओं के लिए भी अपने आपको प्रस्तुत करने में अब किसी प्रकार की हिचक नहीं दिखा रहा है। विशेषज्ञों की मान्यता है कि जलवायु परिवर्तन, सतत् विकास लक्ष्यों की प्राप्ति, ब्लू इकॉनमी तथा सामुद्रिक शोध को बढ़ावा देने के लिये मॉरिशस, भारत का एक अहम साझेदार हो सकता है। इसके अतिरिक्त दक्षिण-पश्चिमी हिंद महासागर में सुरक्षा सहयोग के दृष्टिकोण से मॉरिशस की भूमिका केंद्र में होगी ।जिससे दोनों देश अन्य सभी द्वीपीय देशों के हितों की रक्षा करने में सहायक होंगे।

कुल मिलाकर भारत की वर्तमान विदेश नीति में मॉरीशस का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। यदि दोनों देश स्वस्थ सोच और स्वच्छ परिवेश में काम करते हुए आगे बढ़े तो निश्चय ही अपने नीतिगत मंतव्य को प्राप्त करने में सफल होकर नये-नये कीर्तिमान स्थापित कर सकेंगे।

## बेटी बचाओ के धुर खिलाफ हैं दुराचारी नेताओं के कारनामे!

मनोज कुमार अग्रवाल

राष्ट्रवाद के परचम को लेकर सबका साथ सबका विकास और बेटी पढाओ बेटी बचाओ के नारी सम्मान व सुरक्षा के नारे को शिरोधार्य कर भाजपा नीत राजग सरकार दस साल पूरे कर एक बार फिर जनमत हासिल करने के लिए प्रयत्नशील है। लेकिन राजग में में शामिल जनता दल सेकुलर के एक मोजूदा सांसद प्रज्वल रेवन्ना की सैक्स टेप कांड से तहलका मचा है। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के सांसद पोत्र प्रज्वल रेवन्ना पर सैकड़ों महिलाओं से दुष्कर्म करने और उनके अश्लील वीडियो बनाने के गंभीर आरोप हैं। देवेगौड़ा जनता दल सेक्यूलर के संरक्षक हैं और रेवन्ना इसी पार्टी से कर्नाटक के हासन से सांसद है। इस बार भी वह जद (एस) के टिकट पर हासन से चुनाव मैदान में है, जहां 26 अप्रैल को मतदान हुआ। मतदान के अगले दिन ही दर्जनों अश्लील वीडियो वारयल हो गए, जिनमें कथित तौर पर अलग-अलग महिलाओं के साथ रेवन्ना नजर आ रहे हैं। उसी दिन से इस प्रकरण पर राजनीतिक बवाल मचा हुआ है।आपको बता दें कि मामले की जांच एसआईटी को सौंप दी गई है एसआइटी ने पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा के पुत्र कर्नाटक के पूर्व मंत्री व मौजूदा विधायक एचडी रेवन्ना और मौजूदा सासंद पोत्र प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ अपहरण बलात्कार समेत महिला सम्मान को आघात पहुचाने व आइटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया है।एचडी रेवन्ना को गिरफ्तार किया गया है जबकि प्रज्वल रेवन्ना के लिए रेडकार्नर लुकाउट नोटिस जारी किया गया है। यह मामला आजादी के 75 साल के इतिहास में किसी राजनीतिक द्वारा किया गया सबसे बड़ा सेक्स स्कैंडल है जिसकी सीडी एक बेहद घटिया घिनौनी बर्बर दरिंदगी का हवाला दे रही है। इस बेहद शर्मसार करने वाले प्रकरण से विपक्ष को मौका मिला तो कांग्रेस आरोप लगा रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसे व्यभिचारी के लिए वोट मांगे, उन्हें माफी मांगनी चाहिए। साथ ही, कांग्रेस यह भी आरोप लगा रही है कि केंद्र सरकार ने आरोपित को विदेश भागने में मदद की। दूसरी ओर, भाजपा आरोप लगा रही है कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार क्या कर रही थी? वीडियो वायरल होने के बाद उसने कोई संज्ञान लेकर कार्रवाई क्यों नहीं की?दोनों दलों के आरोप अपनी-अपनी जगह सही प्रतीत हो रहे हैं। अब कर्नाटक सरकार ने विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है और रेवन्ना के विरुद्ध लुकआउट नोटिस जारी कर दिया है। लेकिन नेताओं की शर्मनाक हरकत यही सीमित नहीं हैं कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के आबकारी मंत्री आरवी तिम्मापुर ने दुष्कर्म के आरोपी रेवन्ना की तुलना भगवान श्री कृष्ण से कर नए विवाद को जन्म दिया है । बहरहाल राजनीतिक बयानबाजी अलग विषय है, किन्तु यह अत्यंत गंभीर मामला है कि इतने दुष्कर्म के आरोपों से घिरा व्यक्ति भारत की संसद का एक माननीय सदस्य है।और दोबारा लोकसभा की सदस्यता का दावेदार भी है। 26 अप्रैल को उस का भाग्य ईवीएम में दर्ज हो चुका है। हालांकि रेवन्ना के पिता सफाई दे रहे हैं कि सीडी में कैद उस की कथित दुराचार भरी करतूतें कई साल पहले की है जब वह इस हद दर्जे का अय्याश और दुराचारी है तो ताज्जुब की बात यह है कि राजनीतिक हैकडी दबंगई सत्ता की हनक के बूते पर रेवन्ना सैकड़ों युवतियों महिलाओं के साथ व्यभिचार कर उनकी रोते बिलखते और बख्श देने के लिए गिड़गिड़ाते हुए कई सीडी बनाकर व्यभिचार करता रहा। इस सारे मामले पर विचार करेंगे तो प्रथम दृष्टया यह पता चलता है कि प्रज्वल रेवन्ना महिलाओं का यौन शोषण कर अपने अहम की तुष्टि करने की मानसिक बीमारी से ग्रस्त है क्योंकि बताया गया है कि कुल 2976 क्लिप विभिन्न सीडी में दर्ज है करीब चार सौ युवतियों महिलाओं के दैहिक शोषण का शिकार बनाया गया है। सबसे दुखद घटना के इस दुराचारी किरदार का मामले का भांडा फूटते हीआसानी से देश से विदेश भाग जाना भी शर्मनाक है । न कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने उसे रोका और न ही केंद्र की भाजपा सरकार ने। जाहिर है कि सत्ता राजनीतिक पहुंच रखने वाले दबंग लोग कानून को पैरों तले रोंदते हैं मानो यदि किसी के पास पैसा व पहुंच है तो वह जो मर्जी अपराध करके भाग सकता है क्या ,कानून बाद में लकीर पीटने के लिए बना है? गौरतलब है कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उनकी सरकार की अपेक्षाकृत छवि साफ मानी जाती है, किन्तु उनकी पार्टी के नेताओं पर भी समय समय पर महिलाओं से दुराचार दुष्कर्म के गंभीर आरोप लग रहे हैं चाहे वह उत्तर प्रदेश का विधायक कुलदीप सेंगर गोंडा के भाजपा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह साक्षी महाराज या फिर अब भाजपा की सहयोगी पार्टी जेडीएस के सांसद प्रज्वल रेवन्ना हों, सब किरदारों पर एक ही जैसे महिला शोषण दरिंदगी के अत्यंत गंभीर आरोप लगे हैं । पार्टी ने तब तक उनके विरुद्ध कोई कदम नहीं उठाया जब तक कि अदालत ने सजा न सुना दी। आप को बता दें कि सेंगर को सजा होने के बाद ही पार्टी से निलंबित किया गया। ब्रजभूषण पर देश का नाम रोशन करने वाली अंतरराष्ट्रीय पहलवानों ने शोषण के गंभीर आरोप लगाए, लेकिन सरकार ने उसे कुश्ती महासंघ के पद से हटाना तक जरूरी नहीं समझा। अब महिला पहलवानों के व यौन शोषण का मुद्दा पुनः जोर न पकड़ ले और चुनाव में नुकसान न हो जाए, इसलिए उसका टिकट तो काट दिया, लेकिन उसके बेटे को ही टिकट दे दिया। इसी तरह, कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद से कार्यकाल पूरा होने के बाद ब्रजभूषण तो हट गये, पर उन के अपने सहयोगी? को ही अध्यक्ष बनवा दिया। क्या ये दुराचार के आरोपी नेता राजनीतिक रूप से इतने दबंग हैं कि उन पर हाथ डालने की हिम्मत ही नहीं है? या उनके सहयोग के बिना सत्ता में लौटना सम्भव नहीं है। फिर बाकी दलों में और भाजपा में क्या अंतर रह जाता है? यदि हालात ऐसे हैं तो 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं जैसे नारे निरर्थक हैं। इसी तरह, चुनाव में वोट बटोरने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी भले ही रेवन्ना को लेकर आक्रामक हों, किन्तु जब राजस्थान में उनकी सरकार थी और हर दूसरे दिन बच्चियों से दुष्कर्म के मामले आते थे तब प्रियंका राहुल और सोनिया के मुंह से एक शब्द नही निकला। आपको याद होगा कि बलात्कार करने वालों पर समाजवादी पार्टी के तत्कालीन मुखिया मुलायम सिंह यादव ने तो कह दिया था बच्चे हैं, गलती हो जाती है।उनके इस बयान की बहुत समय तक आलोचना की गई। यूपी, मध्य प्रदेश, बंगाल, बिहार, कर्नाटक... सब जगह तो ऐसे मामले सामने आए हैं। यह किस तरह की मानसिकता है? ऐसे में हम किस मुहं से दो माह से संदेशखाली के दबंग के खिलाफ हर मंच से दुराचार और दबंगई के आरोप में आवाज उठा रहे थे। कुकर्म दबंगई करने वाला नेता संदेश खाली का शेख शाहजहां हो या कर्नाटक का पूर्व पीएम का पोता प्रज्वल रेवन्ना दोनों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए। ऐसे सभी दुराचारियो को एक ही इंसाफ के तराजू पर तोल कर कड़ी सजा देना चाहिए। वहीं भाजपा जैसे कैडर बेस दलों के नेतृत्व को विशेष रूप से ऐसे दुराचारियो और उनके दलों के साथ गठबंधन करने से पहले पूरी तसल्ली बख्श जांच कर लेनी चाहिए कि कहीं कोई कालिख से सना दुरात्मा चरित्र उनके कथित चरित्रवान दल को अपनी कालिमा से दूषित न कर देवे। प्रज्वल रेवन्ना की करतूत से भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को भी गहरा धक्का लगा है कि एक संसद का माननीय सदस्य कैंचुली उतरने पर इतना वीभत्स दुराचारी कुकर्म शैतान बतौर सामने आ सकता है यह हैरानी के साथ साथ विश्वगुरु का सपना संजोने वाले दुनिया में मोदी मोदी के डंके से आत्ममुग्ध प्रधानमंत्री के लिए भी गहरा आघात भरा धक्का है कि आखिर प्रज्वल रेवन्ना तक्षक बनकर मोदी के इंद्र सिंहासन तक कैसे पहुँचा?




**मेष राशि**–आज का दिन आपके लिए खुशियां भरा रहने वाला है। आज किसी नए वाहन को खरीदने की इच्छा पूरी होगी। आपके आस-पास के कुछ लोग आपके विरोधी भी बन सकते हैं जिनसे आपको बचना होगा। आज आपको योजना अनुसार ही कार्य करना चाहिए। यदि आप अपने बिजनेस में कुछ नए उपकरणों को शामिल करेंगे, तो आपको अच्छा लाभ होगा।

**वृष राशि**–आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज किसी खास व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी। आज आपको अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखने की जरूरत है। विदेश जाने की इच्छा रख रहे लोगों को कोई अच्छा मौका मिल सकता है। आज आप अपने धन का सही इस्तेमाल करें। अपनी आय और व्यय के लिए एक बजट बनाकर चलें, तभी आप भविष्य के लिए कुछ धन संचय करने पर विचार कर सकते हैं।

**मिथुन राशि**–आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज प्रैक्टिकल सोच रखेंगे तो आपको लाभ होगा। आज थोड़ा समय एकांत में या किसी धार्मिक स्थान पर बीताएंगे। आज शाम को माता जी से अपने भविष्य को लेकर विचार-विमर्श करेंगे, आपको माता जी का साथ मिलने से खुशी होगी। आज आपके मन में कोई बात चलेगी, जिससे उलझन महसूस हो सकती है।

**कर्क राशि**–आज के दिन आपको इच्छित फल प्राप्त होंगे। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज आप अपनी संतान के साथ कहीं घूमने के लिए जा सकते हैं। उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। घर के अन्य सदस्यों के साथ भी आपकी अच्छी बॉन्डिंग बनेगी। व्यापारी वर्ग को नए आर्डर मिलेंगे, काम बढिय़ा चलेगा, जिससे अधिक लाभ होगा। कार्यस्थल पर आप सकारात्मक माहौल में काम करेंगे।

**सिंह राशि**–आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपके ऊपर परिवार की जिम्मेदारी आएंगी, जिसे आप पूरा करेंगे। माता-पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे। जो लोग घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, वो आज अपने परिवार से मिल सकते हैं। परिवार वालों के साथ धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। भाई, बहनों का सहयोग मिलेगा। किसी दूर के रिश्तेदार के द्वारा शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**कन्या राशि**–आज का दिन आपके लिए आनंदायक रहने वाला है। आज आपका पुराना मित्र आपसे मिलने आयेंगे, जिनसे मिलकर अपकी पुरानी यादें ताजा होंगी। छात्र खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए नजर आएंगे7 जो लोग घर से दूर रहकर नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने परिवार से मिलने का मौका मिलेगा। अगर आपने पहले कोई निवेश किया हुआ है तो उसका भी पूरा लाभ मिलेगा।

**तुला राशि**–आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है। इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है। आज आपको बेकार की उलझन में पडऩे से बचने की जरूरत है। जिंदगी में चल रही भागदौड़ के बीच आज आपको अपने लिए पर्याप्त समय मिलेगा। बाहर का तला भुना खाने से आपको परहेज करना चाहिए।

**वृश्चिक राशि**–आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। जीवनसाथी से किसी काम को लेकर विचार विमर्श करेंगे। आप अपने मित्रों के साथ किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। पिता का आशिर्वाद आप पर बना रहेगा। अपनी उर्जा से आप बहुत कुछ हासिल करेंगे बस अपनी काबिलियत पर भरोसा करें। किसी कठिन परिस्थिति में आपको कुछ लोगों से आसानी से मदद मिल जायेगी।

**धनु राशि**–आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे और व्यवस्थित रहेंगे तो आपके काम जल्दी निपटेंगे। आज आप संतान के करियर की समस्याओं को किसी अनुभवी और जानकार की मदद से सुलझा लेंगे। आज किसी काम में जल्दबाजी और गुस्सा नहीं करेंगे तो आपका काम आसानी से हो जायेगा।

**मकर राशि**–आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। दिनचर्या में टहलना शामिल करेंगे, जिससे आप अपने आप को काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। कोई पुराना मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है आप उसे निराश नहीं करेंगे अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहायता करेंगे। आज आपका ऊर्जा स्तर ऊंचा रहेगा। आप अपने रुके हुए सभी कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। घर से जुड़ी समस्याओं पर विचार करने की जरूरत है।

**कुंभ राशि**–आज आपका दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस में कार्यरत लोगों को तरक्की मिलने से उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। किसी नए काम की शुरुआत जीवनसाथी से करा सकते हैं। आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते हैं। संतान के बेहतर भविष्य के लिये आज आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे।

**मीन राशि**–आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज परिवार के साथ घर पर मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे। किसी बचपन के मित्र से बहुत दिनों बाद मुलाकात होगी, जिनसे मिलकर आपको खुशी होगी। यदि आपने बचत संबंधी योजनाओं पर पूरा ध्यान लगाया तो आप भविष्य के लिए कुछ धन संचय करने में कामयाब रहेंगे। किसी मामले को शांति से सुलझाने की कोशिश करे। शाम को दोस्तों के साथ अधिक समय बितायेंगे उनके साथ भविष्य को लेकर विचार करेंगे।

## 6 मई सन 1532 : रायसेन किले में रानी दुर्गावती का जौहर

रमेश शर्मा

सल्तनत काल के इतिहास में भारत का ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जहाँ हमलावरों से अपने स्वत्व और स्वाभिमान की रक्षा के लिये भारतीय नारियों ने अग्नि प्रवेश न किया हो। फिर कुछ ऐसे जौहर हैं जिनकी गाथा से आज भी रोंगटे खड़े होते हैं। ऐसा ही एक जौहर रायसेन के किले में 6 मई 1532 को हुआ, जिसमें सात सौ से अधिक महिलाओं ने अपने छोटे बच्चों के साथ अग्नि में प्रवेश किया था। इसकी लपटें मीलों दूर तक देखीं गईं। यह जौहर महारानी दुर्गावती की अगुवाई में हुआ। महारानी दुर्गावती मेवाड़ के सुप्रसिद्ध योद्धा राणा संग्राम सिंह की बेटी थी। इतिहास की कुछ पुस्तकों में उनकी बहन भी लिखा है। वे चित्तौड़ के सिसोदिया वंश की बेटी थी। स्वाभिमान और स्वत्व रक्षा उनके रक्त की प्रत्येक बूँद में था। शस्त्र चलाना भी जानती थीं। चित्तौड़ में उन्होंने वीराँगनाओं की टोली गठित की थी। उनका विवाह रायसेन के शासक शीलादित्य के साथ हुआ था। शीलादित्य ग्वालियर के राजा मानसिंह तोमर के भाई थे। शीलादित्य ने खानवा के युद्ध में राणा संग्राम सिंह के साथ बाबर का मुकाबला किया था। खानवा के युद्ध में भारतीय शासकों का भारी नुकसान हुआ था। खानवा युद्ध के बाद बाबर ने कालिंजर पर धावा बोला और गुजरात के सुल्तानों ने मालवा और रायसेन पर। गुजरात के हमलावर रायसेन के किले को जीत तो न सके पर सैन्य शक्ति बहुत कमजोर हो गई थी। कमजोर शक्ति के बाद भी रायसेन में शीलादित्य की सत्ता बनी रही। तब रायसेन जीतने और लूटने के लिये गुजरात के सुल्तान बहादुरशाह ने कुटिल योजना बनाई। वह धार आया। उसने नालछा में कैंप किया और अनेक भेंट रायसेन भेजी। महाराजा शीलादित्य को मित्रता संदेश भेजकर धार आमंत्रित किया और धोखे से कैद कर लिया। उन दिनों रायसेन की सीमा उज्जैन तक लगती थी। उज्जैन में शीलादित्य के भाई लक्ष्मण सिंह किलेदार थे। उन्हें यह समाचार मिला तो वे अपनी सेना लेकर रायसेन की रक्षा के लिये चल दिये। यह समाचार बहादुरशाह



को मिला। वह बंदी शीलादित्य को साथ लेकर उज्जैन आया और बंदी शालादित्य को आगे करके उज्जैन पर धावा बोल दिया। यह घटना दिसम्बर 1531 की है। उज्जैन के रक्षकों ने शीलादित्य को बंदी देखा तो बिना संघर्ष के समर्पण कर दिया। उज्जैन में भारी लूट हुई और स्त्रियों का हरण भी। उज्जैन पर अधिकार करने के बाद उसने यही तरकीब सारंगपुर, आष्टा आदि स्थानों पर अपनाई। फिर विदिशा आया। सभी स्थानों पर जमकर लूट हुई। मंदिर ध्वस्त किये और स्त्रियों का हरण किया। अंत में रायसेन आया। उसने रायसेन किले पर घेरा डाला और बंदी शीलादित्य को भारी यातनाएँ देकर किला समर्पित करने का आदेश दिया। बहादुरशाह ने महारानी दुर्गावती को संदेश भेजा कि वे अपने पूरे रनिवास के साथ समर्पण कर दें। समर्पण की अंतिम बातचीत 4 मई 1532 को हुई। यह प्रस्ताव लेकर बहादुरशाह ने अपने एक सिपहसालार मलिक शेर को भेजा। उसके प्रस्ताव को महारानी दुर्गावती एवं किले में मौजूद शीलादित्य के भाई लक्ष्मण सिंह ने इनकार कर दिया। बल्कि उसे बंदी बनाकर मौत के घाट उतार दिया। महारानी ने जौहर करने एवं लक्ष्मण सिंह ने साका करने का निर्णय लिया।

5 मई से जौहर तैयारी आरंभ हुई और 6 मई 1532 को सूर्योदय के साथ अग्नि की लपटें धधक उठीं। किले में जितनी स्त्रियाँ थीं सबने अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ अग्नि में प्रवेश कर लिया। अग्नि की लपटें आसमान छूने लगीं। जौहर की यह अग्नि दिनभर प्रज्वलित रहीं। स्वाभिमानी क्षत्राणियों और उनके सहयोगी सभी स्त्रियों ने समर्पण करने की बजाय बलिदान होने को प्राथमिकता दी। यह रायसेन के इतिहास में पहला जौहर हुआ। इसके बाद दो और जौहर का उल्लेख मिलता है। अगले दिन 7 मई प्रातः लक्ष्मण सिंह की कमान में निर्णायक युद्ध हुआ और अपनी रक्षा सैन्य टुकड़ी सहित बलिदान हुये। अंत में दस मई को बहादुर शाह का रायसेन के किले पर आधिपत्य हो गया। इतिहास की कुछ पुस्तकों में शीलादित्य का नाम सलहदी और लक्ष्मण सिंह का नाम लक्ष्मण सेन लिखा है। कुछ ने यह भी लिखा है कि बहादुर शाह ने शीलादित्य को धोखे से बंदी बनाकर धर्मान्तरण करके नाम सलाहुद्दीन कर दिया था। पर बात सही नहीं लगती। यह बात सल्तनकाल के इतिहासकारों ने मन से जोड़ी होगी। चूँकि यदि शीलादित्य धर्मान्तरण कर लेते तो जौहर क्यों होता। साका क्यों होता। जो हो पर रायसेन के किले में इस जौहर का शिलालेख है। आज भी उस स्थल पर स्थानीय नागरिक जाकर शीश नवाते हैं।

# गुजरात टाइटंस पर 4 विकेट से जीत के साथ बेंगलुरु की उम्मीद बरकरार

एजेंसी, बेंगलुरु



यहां के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में अपने तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन और कप्तान फाफ डु प्लेसिस की तूफानी 64 रनों की पारी के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात टाइटंस को चार विकेट से हराकर अपनी प्लेऑफ की उम्मीद बचाए रखी। यश दयाल के बाद विशक विजयकुमार और मोहम्मद सिराज ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दो-दो विकेट चटकाए और जीटी को 147 रन के स्कोर पर ऑल आउट कर दिया। डु प्लेसिस और विराट कोहली ने आरसीबी को 92 रन की शुरुआती साझेदारी के साथ धमाकेदार शुरुआत दी और सिर्फ 35 रन पर आउट हो गए। डु प्लेसिस इन दोनों में से अधिक आक्रामक थे। उन्होंने 23 गेंदों में क्रीज पर रहकर 10 चौके और तीन छक्के लगाए। उनके आउट होने के बाद जीटी ने 6-11 ओवरों में छह विकेट लेकर आरसीबी की शानदार बल्लेबाजी की शुरुआत की। दिनेश कार्तिक के नाबाद 21 और स्वप्निल सिंह के नाबाद 15 रन की मदद से आरसीबी ने 13.4 ओवर में जीत हासिल कर ली और अंक तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गई। आरसीबी की जीत का मतलब जीटी भी नौवें स्थान पर खिसक गया, जबकि मुंबई इंडियंस अंक तालिका में दसवें स्थान पर काबिज हो गई। दयाल, विशाक और सिराज ने आईपीएल 2024 में आयोजन स्थल पर जीटी को सबसे कम स्कोर पर समेटने के लिए अपनी लंबाई और लय का प्रदर्शन किया। कैमरून ग्रीन और कर्ण शर्मा ने भी एक-एक विकेट लेकर उनका समर्थन किया। शाहरुख खान, डेविड मिलर और राहुल तेवतिया ने 30 रन बनाए, लेकिन इनमें से किसी ने भी इसे बड़ी पारी में तब्दील नहीं किया और तीसरी बार जीटी इस सीजन में ऑल आउट हो गई। सिराज ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला करते हुए अच्छा खेला। उन्होंने बाहरी गेंद को लपककर रिद्धिमान साहा को चौथी बार आईपीएल से बाहर किया। इसके बाद सिराज ने शुभमन गिल को व्हिप लगाने के लिए मजबूर किया और एक लीडिंग एज से डीप पॉइंट के साथ कैच लपक लिया। जीटी ने अपना पावर-प्ले 23/3 के मामूली स्कोर पर समाप्त किया, जो छह ओवर के चरण में सबसे कम था। शाहरुख ने 11वें ओवर में ग्रीन को लॉन्ग-ऑन पर 94 मीटर लंबा छक्का लगाकर चौथे विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी पूरी की। लेकिन आरसीबी ने लगातार ओवरों में लड़ाई शुरू की – मिलर अतिरिक्त कवर पर छक्का लगाने के बाद कर्ण की गेंद पर लॉन्ग-ऑन पर आउट हो गए, जबकि शाहरुख नॉन-स्ट्राइकर एंड पर विराट कोहली के सीधे हिट से रन आउट हो गए। तेवतिया ने 16वें ओवर में तीन चौके और एक छक्का लगाकर 19 रन बटोरे, इसके बाद राशिद ने अगले ओवर में सिराज की गेंद पर दो चौके लगाए। लेकिन दयाल ने यॉर्कर के साथ राशिद के लेग-स्टंप को गिराकर 44 रन की साझेदारी पर रोक लगा दी।

## लाईव शो में भडक़े सुनील गावस्कर, इस बात को लेकर लगा दी विराट कोहली और चैनल की क्लास

एजेंसी, नई दिल्ली



आईपीएल 2024 में विराट कोहली की परफार्मेंस को लेकर चल रहे इंटरव्यू से महान भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर को भडक़ा दिया। गावस्कर का ये गुस्सा विराट कोहली पर तो निकला ही लेकिन उससे ज्यादा वो टूर्नामेंट के ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स पर भडक़ गए और मैच से पहले चैनल के ही लाइव शो में जमकर खरी-खोटी सुना दी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस के बीच शनिवार 4 मई को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैच से पहले गावस्कर का ये गुस्सा फूटा। संयोग से विराट कोहली का ये इंटरव्यू भी दोनों टीमों के बीच खेले गए पिछले मैच के बाद ही आया था। अहमदाबाद में खेले गए उस मुकाबले में कोहली ने 44 गेंदों में 70 रनों की नाबाद पारी खेली थी और टीम को जीत तक पहुंचाया था। कोहली ने इस मैच में स्पिनरों को जमकर निशाना बनाया था। इस मैच से ठीक पहले सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ कोहली ने 43 गेंदों में सिर्फ 51 रन ही बनाए थे, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 118 का था। इसके बाद कमेंटेटर्स से लेकर फैंस तक ने कोहली की जमकर आलोचना की थी और उनकी धीमी बैटिंग पर सवाल खड़े किए थे, फिर बेंगलुरु की जीत और अपनी दमदार पारी के बाद कोहली ने स्टार स्पोर्ट्स के साथ इंटरव्यू में अपनी भड़ास निकाली थी।

कोहली ने कहा था कि कॉमेंट्री बॉक्स में बैठकर लोग उनके स्ट्राइक रेट और स्पिनर्स के खिलाफ गेम पर सवाल उठाते हैं लेकिन उन्हें पता है कि वो क्या कर रहे हैं। इस इंटरव्यू के लिए भी कोहली की सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हुई थी। इसके बाद से ही स्टार स्पोर्ट्स में कई बार ये इंटरव्यू चलाया गया। यहां तक शनिवार को टॉस से पहले भी ये इंटरव्यू चलाया जा रहा था और इसी दौरान प्री-मैच शो में मौजूद सुनील गावस्कर भडक़ गए। उन्होंने सीधे स्टार स्पोर्ट्स और कोहली को निशाने पर ले लिया। गावस्कर ने कहा कि कोहली ने उस मैच में जिन लोगों को निशाने पर लिया, वो स्टार स्पोर्ट्स के लिए कॉमेंट्री कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्टार स्पोर्ट्स उस इंटरव्यू को बार-बार चलाकर क्या अपने कमेंटेटर्स को ही नीचा दिखाना चाहता है? गावस्कर ने कहा कि कोहली की आलोचना इसलिए हुई क्योंकि 14-15वें ओवर में वो 118 के स्ट्राइक रेट से बैटिंग कर रहे थे और इसलिए उनकी बैटिंग पर सवाल उठ रहे थे। उन्होंने कड़े शब्दों में चैनल को वॉर्निंग दी कि अगर एक बार फिर वो इंटरव्यू चला तो उन्हें बहुत निराशा होगी।

## 'टी20 क्रिकेट का एक महत्वपूर्ण पहलू बना रहेगा'

एजेंसी, कोलकाता



पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली का मानना है कि ञ्ज20 क्रिकेट खेल का एक अभिन्न अंग है, जो इसे आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। गांगुली को लगता है कि खेल का सबसे छोटा प्रारूप कहीं नहीं जा रहा है और यह खेल का एक महत्वपूर्ण पहलू बना रहेगा। उन्होंने ञ्ज20 प्रारूप की भी प्रशंसा की और बताया कि यह क्रिकेट में इतना महत्वपूर्ण क्यों हो गया है। गांगुली ने शुक्रवार को यहां कोलकाता में बंगाल प्रो टी20 लीग ट्रॉफी के अनावरण के दौरान ये टिप्पणी की। बंगाल प्रो टी20 लीग ट्रॉफी का अनावरण बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन (सीएबी) के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली, सौरव गांगुली और पूर्व भारतीय महिला क्रिकेटर झूलन गोस्वामी की उपस्थिति में किया गया। गांगुली ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि यह खेल के लिए एक शानदार परिचय है। हर चीज में बदलाव अपरिहार्य है। हम में से कई लोग जिन्होंने 2-दिवसीय क्रिकेट और 4-दिवसीय क्रिकेट खेलना शुरू किया है, उन्हें यह स्वीकार करना होगा कि टी20 क्रिकेट यहीं रहेगा और यह कुछ ऐसा है जो इसे आगे ले जाएगा। बंगाल प्रो टी20 लीग क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) की आधिकारिक फ्रेंचाइजी-आधारित प्रीमियर टी20 क्रिकेट लीग है। इस बारे में मीडिया से बात करते हुए गांगुली ने कहा कि यह (टी20 लीग) हर राज्य में हो रहा है। हम शायद इसमें 5-6 साल पीछे हैं। खेल खेलने का कोई भी तरीका हमेशा बहुत मददगार होगा। टी20 एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।" इन दिनों क्रिकेट का चलन है और यह सभी के लिए प्रदर्शन करने का एक बड़ा अवसर होगा। बंगाल प्रो ञ्ज20 लीग का बहुप्रतीक्षित उद्घाटन संस्करण 11 जून, 2024 से कोलकाता में शुरू होने वाला है, क्योंकि 8 टीमें बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए तैयार हैं।

## वरुण चक्रवर्ती ने 12 साल बाद वानखेड़े में एमआई पर केकेआर की जीत को विशेष बताया

एजेंसी, मुंबई



यह स्वीकार करते हुए कि वेंकटेश अय्यर के 70 रनों की संघर्षपूर्ण पारी के बावजूद उनकी टीम कमजोर दिख रही थी, कोलकाता नाइट राइडर्स के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने कहा कि मुंबई इंडियंस पर 24 रन की जीत विशेष थी क्योंकि यह 12 साल में वानखेड़े में उनकी पहली जीत थी। केकेआर की पारी के अंत में जसप्रीत बुमराह (3-18) और नुवान तुषारा (3-42) ने तीन-तीन विकेट लिए, क्योंकि मुंबई इंडियंस ने वेंकटेश अय्यर की 52 गेंदों में 70 रनों की शानदार पारी के बावजूद उन्हें 169 रनों पर सीमित कर दिया, जिन्होंने छठे विकेट के लिए मनीष पांडे के साथ 83 रन जोड़े और अपनी टीम को एक समय 57/5 की खतरनाक स्थिति से बचाया। चक्रवर्ती ने उन्हें 169 तक पहुंचाने के लिए वेंकटेश अय्यर और मनीष पांडे की प्रशंसा की, जिसका उन्होंने अंततः बचाव किया। प्रस्तुति समारोह में चक्रवर्ती ने कहा, यह एक बहुत ही खास जीत है क्योंकि हम पहली पारी में कम स्कोर ही बना पाए थे। वेंकटेश और मनीष ने जिस तरह से हमारी वापसी कराई, वह शानदार था। मिचेल स्टार्क ने 4-33 विकेट लिए, 19वें ओवर में चार गेंदों में तीन विकेट लेकर मुंबई की पारी 145 रन पर समेट दी, जब स्पिन जोड़ी सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती ने उन्हें समान 2-22 विकेट के साथ 61/4 पर रोक दिया था। सूर्यकुमार यादव ने अकेले संघर्ष करते हुए 35 गेंदों में 56 रन बनाकर मुंबई इंडियंस की उम्मीदें जगाईं, टिम डेविड (24) के साथ सातवें विकेट के लिए 49 रन जोड़े, इससे पहले आंद्रे रसेल (2-30) और मिशेल स्टार्क ने मुंबई की पारी समाप्त की। वरुण चक्रवर्ती ने कहा, बेहद अच्छा एहसास, क्योंकि हम 12 साल से वानखेड़े में नहीं जीते हैं। यह सिर्फ एक विकेट की बात थी (जब डेविड बल्लेबाजी कर रहे थे और 11 गेंदों पर 26 रन बनाकर समीकरण को गिरा दिया था)। उन्होंने कहा कि दूसरी पारी में गेंदबाजी करना बहुत कठिन था, ओस के कारण गेंद को पकडऩा मुश्किल हो गया था।

# व्यापार

## मारुति सुजुकी अर्टिगा सबसे ज्यादा बिकने वाली 7 सीटर कार, 30 किलोमीटर का माइलेज

एजेंसी, नई दिल्ली



मारुति सुजुकी अर्टिगा देश की सबसे ज्यादा बिकने वाली 7 सीटर कार बन गई है। यह 7 सीटर बेहतरीन इंजन और माइलेज के साथ आती है। कंपनी कार को सीएनजी वेरिएंट में भी ऑफर करती है। आइए आपको बताते हैं इसमें क्या खास है और क्यों ये कार लोगों की पसंद लगातार बनी हुई है। अर्टिगा की कीमत की बात की जाए तो इसका बेस वेरिएंट 8.69 लाख रुपये की एक्स शोरूम में उपलब्ध है। वहीं कार का टॉप वेरिएंट 13.03 लाख रुपये (एक्स शोरूम) कीमत पर मिल रहा है। कार के अलग-अलग वैरिएंट में आपको 7-इंच स्मार्टप्ले प्रो टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, एंड्रॉइड ऑटो और एप्पल कारप्ले सपोर्ट, कनेक्टेड कार टेक्नोलॉजी (टेलीमेटिक्स), क्रूज कंट्रोल, ऑटो हेडलैंप्स, क्लाइमेट कंट्रोल एसी, पैडल शिफ्टर्स, 4 एयरबैग्स, एबीएस के साथ ईबीडी, ब्रेक असिस्ट, रियर पार्किंग सेंसर्स, आईएसोफिक्स चाइल्ड सीट एंकरेज, ईएसपी के साथ हिल होल्ड कंट्रोल जैसे फीचर्स देखने को मिलते हैं। कार में मैनुअल और ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन का ऑप्शन भी मिलता है। वहीं नेक्सॉन की बात की जाए तो 1.2 लीटर इंजन के साथ आती है। अब अर्टिगा के माइलेज की बात की जाए तो ये पेट्रोल पर 24 किलोमीटर प्रति लीटर और सीएनजी पर 30 किलोमीटर प्रति किलो तक का माइलेज दे देती है। मारुति अर्टिगा 1.5 लीटर का डुअलजेट पेट्रोल इंजन ऑफर करती है। ये माइल्ड हाईब्रिड टेक्नोलॉजी के साथ आता है। ये इंजन 103 बीएचपी की पावर और 136.8 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। वहीं सीएनजी पर भी कार की पावर कम नहीं है। सीएनजी पर ये कार 88 बीएचपी की पावर और 121 एनएम का टॉर्क जनरेट करती है।

### 1 लाख रुपये से कम में खरीदें ये दो इलेक्ट्रिक स्कूटर



**एजेंसी, मुंबई** : ओडिसी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स ने अपने दो इलेक्ट्रिक स्कूटर भारतीय बाजार में उतार दिए हैं। इसमें कंपनी एक हाई स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटर ओडिसी स्नैप और एक लो-स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटर ओडिसी ई2 लेकर आई है। हाई स्पीड ओडिसी स्नैप की कीमत 79,999 रुपये और लो-स्पीड ओडिसी ई2 की कीमत 69,999 रुपये एक्स शोरूम है। इस हाई स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटर में 2000 वॉट की इलेक्ट्रिक मोटर दी गई है। ओडिसी स्नैप की टॉप स्पीड 60 किलोमीटर प्रति घंटा है। कंपनी का दावा है कि यह इलेक्ट्रिक स्कूटर सिंगल चार्ज में 105 किलोमीटर की रेंज देगा। इतना ही नहीं ओडिसी स्नैप को चार्ज करने में चार घंटे से कम समय लगेगा। कंपनी का कहना है कि स्नैप इलेक्ट्रिक स्कूटर आईपी 67-रेटिंग, एआईएस 156 सर्टिफाइड एलएफपी बैटरी के साथ सीएएन-इनेबल डिस्प्ले के साथ आता है, जो बैटरी लेवल और रेंज की सटीक जानकारी देता है। इस मॉडल में क्रूज कंट्रोल फीचर भी दिया गया है। इस लो-स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटर में 250-वॉट की मोटर दी गई है। इस इलेक्ट्रिक स्कूटर की टॉप स्पीड 25 किलोमीटर प्रति घंटा है। कंपनी दावा है कि यह सिंगल चार्ज में 70 किलोमीटर की रेंज ऑफर करती है। इस स्कूटर में दी गई बैटरी को चार्ज होने में 4 घंटे का समय लगता है। इस स्कूटर को चलाने के लिए लाइसेंस की जरूरत नहीं होगी।

## पेटीएम ने भुगतान एवं वित्तीय उत्पादों पर फोकस बढ़ाने के लिए नेतृत्व में बदलावों की घोषणा की

एजेंसी, नई दिल्ली



पेटीएम की प्रवर्तक कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) ने बड़ा और लाभकारी भुगतान एवं वित्तीय सेवा वितरण कारोबार तैयार करने के लिए अपने शीर्ष प्रबंधन में विस्तार की घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में बताया कि भुगतान एवं ऋण कारोबार की जिम्मेदारी संभालने वाले कंपनी के अध्यक्ष एवं मुख्य परिचालन अधिकारी भावेश गुप्ता ने निजी कारणों से करियर में ब्रेक लेने का फैसला किया है। वह इस साल के अंत तक परामर्शदाता की भूमिका में कंपनी के साथ बने रहेंगे और पेटीएम के विकास से जुड़ी पहलों में मार्गदर्शन करेंगै। पेटीएम के संस्थापक एवं सीईओ विजय शंकर शर्मा ने भावेश गुप्ता के योगदान और सुगम परिवर्तन के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। शर्मा ने कहा, भुगतान और ऋण पर हमारा फोकस पहले से कहीं ज्यादा है। मैं, हमारी योजनाओं को मूर्तरूप देने के लिए, हमारे हर कारोबार में मौजूद अनुभवी नेतृत्वकर्ताओं के साथ काम करूंगा। गुप्ता ने कहा कि वह सलाहकार की भूमिका में पेटीएम को समर्थन देने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों में सृजित भुगतान एवं वित्तीय सेवाओं के नेतृत्व की गहराई को देखते हुए मुझे विश्वास है कि पेटीएम नई ऊंचाइयों को छुएगा। कंपनी ने अपनी वेल्थ सब्सिडियरी पेटीएम मनी लिमिटेड (पीएमएल) में भी नेतृत्व में बदलाव किया है। हाल ही में उसने राकेश सिंह को इसका सीईओ नियुक्त किया है। पेटीएम मनी लिमिटेड के पूर्व प्रमुख वरुण श्रीधर को नई जिम्मेदारी देते हुए पेटीएम सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (पीएसपीएल) का सीईओ बनाया गया है। शर्मा ने कहा, देश में म्युचुअल फंड और वेल्थ मैनेजमेंट उत्पादों की पहुंच बढ़ाने में पेटीएम की भूमिका ने वरुण के नेतृत्व में जो दिशा हासिल की है उसे लेकर मैं उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, मैं पेटीएम वेल्थ बिजनेस में राकेश का स्वागत करता हूं, जहां हम युवा भारतीयों को टेक्नोलॉजी आधारित विश्व स्तरीय वेल्थ उत्पादों की पेशकश के लिए प्रतिबद्ध हैं। सिंह ने कहा कि पेटीएम मनी लिमिटेड के सीईओ की भूमिका में प्रवेश करना एक सम्मान और एक जिम्मेदारी दोनों है।

## कोटक बैंक की चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ 18% बढक़र 4,133 करोड़ पर

एजेंसी, मुंबई




निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में 18 प्रतिशत बढक़र 4,133 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। पिछले साल की समान तिमाही में यह 3,496 करोड़ रुपये था। घोषित वित्तीय परिणामों में बैंक ने बताया कि तिमाही के दौरान उसकी शुद्ध ब्याज आय 13 प्रतिशत बढक़र 6,909 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल की समान अवधि में 6,103 करोड़ रुपये थी। बैंक ने अपनी परिसंपत्ति की गुणवत्ता में भी सुधार दर्ज किया है। सकल गैर-निष्पादित परसंपत्ति (एनपीए) पिछले साल के 1.78 प्रतिशत से घटकर 1.39 प्रतिशत रह गई है। शुद्ध एनपीए भी एक साल पहले के 0.37 प्रतिशत से गिरकर 0.34 प्रतिशत पर आ गया। बैंक द्वारा दिया गया ऋण मार्च के अंत में एक साल पहले के मुकाबले 20 प्रतिशत बढक़र 3,91,729 करोड़ रुपये हो गया।

### केंद्र ने प्याज के निर्यात पर से प्रतिबंध हटाया

**एजेंसी, नई दिल्ली** : केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया, हालांकि न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) 550 डॉलर प्रति टन की शर्त रखी गई है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की एक अधिसूचना में कहा गया है कि प्याज निर्यात नीति में बदलाव कर इसे प्रतिबंधित से मुक्त किया गया है। हालांकि अगले आदेश तक न्यूनतम निर्यात मूल्य 550 डॉलर प्रति टन की शर्त होगी। इस कदम से प्याज किसानों को ऊंची कीमत मिलेगी और मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखने में मदद मिलेगी। सरकार ने 27 अप्रैल को छह देशों बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका को कुल 99,150 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी थी।

## देश के कई राज्यों में बढ़े पेट्रोल-डीजल के भाव

एजेंसी, नई दिल्ली



वैश्विक बाजार में शनिवार और रविवार को कामकाज नहीं होने से कच्चे तेल की कीमतें स्थिर हैं। भारत में हर दिन की तरह ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की नई कीमत जारी कर दी गई है। हर रोज सुबह 6 बजे सरकारी तेल कंपनियां ईंधन के नए भाव जारी करती हैं। देश के कुछ राज्यों व शहरों में रविवार को पेट्रोल और डीजल के भाव बढ़े हैं जबकि कुछ प्रदेशों में कीमतें घटी हैं। बिहार, छत्तीसगढ़, केरल, कर्नाटक और महाराष्ट्र समेत कुछ राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें मामूली रूप से बढ़ी हैं। वहीं जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, हरियाणा और झारखंड समेत कुछ प्रदेशों में भाव घटे हैं। राजधानी दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपये और डीजल की कीमत 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल की कीमत 104.21 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.15 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 103.94 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर और चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.75 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.34 रुपये प्रति लीटर बनी हुई है। वहीं नोएडा में पेट्रोल 95.01 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.94 रुपये प्रति लीटर, गुरुग्राम में पेट्रोल 94.90 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.03 रुपये प्रति लीटर, चंडीगढ़ में पेट्रोल 94.24 रुपये प्रति लीटर और डीजल 82.38 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद में पेट्रोल 107.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.63 रुपये प्रति लीटर, जयपुर में पेट्रोल 104.88 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.34 रुपये प्रति लीटर, पटना में पेट्रोल 105.18 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.03 रुपये प्रति लीटर, लखनऊ में पेट्रोल 94.56 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.74 रुपये प्रति लीटर है।

हर खबर पर पैनी नजर
नई सोच एक्सप्रेस
पटना से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 कानपुर में पीएम का रोड शो,गुरुद्वारे में मत्था टेका,खुली गाड़ी में लोगों का अभिवादन किया,सीएम योगी भी साथ रहे
2 दो घंटे रामनगरी में रहें पीएम मोदी,रामलला के दर्शन के बाद किए रोड शो
3 कश्मीर में आतंकी हमला,एक जवान शहीद,4 घायल,पुंछ में सुरक्षाबलों के 2 वाहनों पर 4 आतंकियों ने फायरिंग की थी;सर्च ऑपरेशन जारी
4 जयशंकर बोलेः4 साल में चीन ने एलएसी पर सैनिक बढ़ाए,भारत पर दबाव बनाया,मैंने उनके विदेश मंत्री से कहाःलड़ाई-बिजनेस साथ नहीं हो सकते
5 कांग्रेस का घोषणापत्र लागू हुआ तो 5 नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा भारत, सीतारमण ने साधा निशाना
6 कांग्रेस बोलीः मोदी-शाह में लगी झूठ बोलने की होड़,कहाः10 साल का रिपोर्ट कार्ड बताते नहीं,कांग्रेस के मेनिफेस्टो में जो नहीं लिखा वह झूठ पढ़ रहे
7 सेक्स स्कैंडल में फंसे एचडी रेवन्ना को एस आईटी ने हिरासत में लिया,कोर्ट ने खारिज की अग्रिम जमानत याचिका
8 इंदौर कांग्रेस प्रत्याशी के पर्चा वापस लेने पर सुमित्रा महाजन हैरान, कहाःनोटा के समर्थन में आ रहे हैं फोन
9 लोकसभा चुनाव-2024ःदिल्ली प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष लवली भाजपा में शामिल,4 अन्य नेताओं ने भी बीजेपी का दामन थामा
10 इस साल दर्जनभर बड़े नेताओं का कांग्रेस से हुआ मोह भंग,बीजेपी ने किया गर्मजोशी से स्वागत
11 यूपी के चौथे चरण में 130 कैंडिडेट्स में से 36 पर दर्ज है क्रिमिनल केस,53 उम्मीदवार करोड़पति,एडीआर की रिपोर्ट से खुलासा
12 गर्मी से नहीं मिल रही राहत,पहाड़ों पर भी 40 डिग्री के करीब पहुंचा पारा,मैदानी इलाकों में बरस रही आग
13 जम्मू-कश्मीरःपुंछ में एयरफोर्स के वाहन पर आतंकी हमला,1 जवान शहीद,4 घायल
14 घातक इंसुलिन से 17 मरीजों की हत्या करने वाली अमेरिकी नर्स को कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा
15 केरल में विश्व की सबसे बुजुर्ग महिला का निधन,121 साल की उम्र में ली अंतिम सांस
16 लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस को बड़ा झटका,अरविंदर सिंह लवली समेत कई नेता बीजेपी में शामिल
17 भारत में अफगान राजदूत ने दिया इस्तीफा,25 किलो सोना तस्करी करने के लगे हैं आरोप
18 कांग्रेस नेता केपीके जयकुमार तिरुनेलवेली में पाए गए मृत,दो दिन से थे लापता;पुलिस ने जला हुआ शव बरामद किया
19 एक शहजादे ने देश को और दूसरे शहजादे ने पूरे बिहार को समझा है अपनी जागीर,दरभंगा में बोले पीएम मोदी
20 अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन का दावाःभारत एक ज़ेनोफोबिक देश और उसकी अर्थव्यवस्था लड़खड़ा रही,जयशंकर ने जताई कड़ी आपत्ति
21 सेक्स स्कैंडल में फंसे पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के बेटे एचडी रेवन्ना को एसआईटी ने कस्टडी में लिया
22 यूनिसेफ इंडिया की नेशनल एंबेस्डर बनीं करीना कपूर खान,चाइल्ड राइट्स,जेंडर इक्वालिटी आदि मुद्दों पर करेंगी काम
23 जयशंकर बोलेः4 साल में चीन ने एलएसी पर सैनिक बढ़ाएं,भारत पर दबाव बनाया,मैंने उनके विदेश मंत्री से कहाःलड़ाई-बिजनेस साथ नहीं हो सकते
24 पीएम ने अपनी सभाओं में झारखंड के आदिवासियों के असली मुद्दों पर एक शब्द भी नहीं कहाःचंपई सोरेन
25 निर्वाचन आयोग के आमंत्रण पर 23 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों से 75 अंतर्राष्ट्रीय आगंतुक चुनावों को देखने भारत पहुंचे
26 सिर्फ जाति जनगणना नहीं,आर्थिक सर्वे भी होगाःराहुल गांधी
27 तेलंगानाःराहुल गांधी आदिलाबाद और महबूबनगर में सार्वजनिक बैठक को संबोधित किए
28 हरियाणा के नूंह गैंगरेप और दोहरे हत्याकांड के चार दोषियों को फांसी,सीबीआई कोर्ट ने सात साल बाद सुनाया फैसला
29 नेपाल ने भारतीय इलाके को अपना बताया,छापा मैप; जयशंकर का मुंहतोड़ जवाब
30 बिहारःलालू जी के लिए उनका परिवार ही सबकुछ,हमारे लिए पूरा बिहार ही परिवार,नीतीश कुमार ने परिवारवाद पर फिर बोला हमला
31 सबका कर्ज माफ करेगी सरकार,सात तारीख के चुनाव में भाजपा का सफाया तय,बदायूं में गरजे अखिलेश यादव
32 कांग्रेस नेता शशि थरूर पर भड़के काशी के विद्वान,पीएम मोदी को बताया था हिन्दू हृदय सम्राट
33 7 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट,एमपी-यूपी में तापमान 42 *,आंध्र प्रदेश में 46 *; दावा-दो दिन लू चले तो जान का जोखिम 14.7% तक ज्यादा
34 आईपीएल 2024 बेंगलुरु 4 विकेट से जीती,गुजरात की प्लेऑफ की राह हुई मुश्किल
35 चुनाव आयोग ने आंध्र प्रदेश के डीजीपी वी राजेंद्रनाथ रेड्डी का तत्काल प्रभाव से किया ट्रांसफर
36 तीसरे चरण के लिए थमा चुनाव प्रचार,7 मई को 94 सीटों पर होनी है वोटिंग
37 हम पूरे देश में जातिगत जनगणना करवाएंगेःतेलंगाना में बोले राहुल गांधी
38 चुनाव से पहले बीजेपी का स्टंट है पुंछ हमला,चरणजीत चन्नी ने लगाया बड़ा आरोप
39 राधिका खेड़ा ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा,बोलींःमेरे अयोध्या जाने से पार्टी में था विरोध
40 रांची में बीएसएनएल ऑफिस के स्टोर रूम में लगी आग,शॉर्ट सर्किट की आशंका



## बदतमीज़ गिल में अपारशक्ति खुराना के साथ नजर आएंगी वाणी कपूर



वाणी कपूर फिल्म निर्माता नवजोत गुलाटी की आगामी फिल्म बदतमीज गिल में मुख्य भूमिका निभाएंगी। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि इसे आधुनिक युग की नाटकीयता के रूप में वर्णित किया गया है, यह फिल्म एक लड़की (कपूर) और उसके परिवार के बारे में है जो बरेली और लंदन में स्थित है। इस फिल्म की शूटिंग जल्द ही बरेली में शुरू होगी, जिसमें कपूर के भाई की भूमिका में जुबली स्टार अपारशक्ति खुराना और उनके पिता की भूमिका में अनुभवी अभिनेता परेश रावल भी होंगे। निर्माता निकी भगनानी और विक्की भगनानी ने एक बयान में कहा, हमें एक खूबसूरत, आत्मविश्वासी लड़की की ज़रूरत थी जो अपने परिवार और अपने दोस्तों के लिए दंगा बन सके। वाणी असल जिंदगी में यही शख्स हैं। इसलिए, जब हम उनसे मिले, तो हमें पता था कि हमें अपना मार्ग मिल गया है! वह अपनी उपस्थिति से स्क्रीन को जगमगा देंगी और उम्मीद है कि हम अपनी फिल्म से ढेर सारे लोगों का मनोरंजन करेंगे। बदतमीज़ गिल का निर्माण निकी भगनानी और विक्की भगनानी, अंकुर तकरानी और अक्षद घोने द्वारा किया गया है। गुलाटी को रनिंग शादी और गिन्नी वेड्स सनी जैसी फिल्में लिखने के लिए जाना जाता है।



## क्रैश डाइट पर विश्वास नहीं, बैलेंस डाइट को करती हूं फॉलो

एक्ट्रेस सैयामी खेर क्रैश डाइट में विश्वास नहीं करती हैं। वह घर का बना खाना पसंद करती हैं और महीनों तक एक ही चीज को खा सकती हैं। क्रैश डाइट में आप सामान्य से बहुत कम खाना खाते हैं। सैयामी ने कहा, मैं बिल्कुल भी ऐसी इंसान नहीं हूं, जो इन क्रैश डाइट पर विश्वास करती हो। मैं बैलेंस डाइट को फॉलो करती हूं। मुझे घर का बना खाना पसंद है। मैं जिस प्रोफेशन में हूं, उसमें ऐसा करना मुश्किल है क्योंकि मैं ट्रैवल करती रहती हूं। लेकिन, मेरी कोशिश होती है कि मैं घर का बना खाना खाऊं और दिन में ज्यादातर दाल, सब्जी, चिकन और रोटी होती है और रात में सलाद, सूप और ग्रिल्ड चिकन होता है। यह कुछ ऐसा है जो मैं लंबे समय से कर रही हूं। एक्ट्रेस ने बताया कि क्यों उनके करीबी उनके खान-पान की आदतों का मजाक उड़ाते हैं। उन्होंने कहा, हर कोई मेरा मजाक उड़ाता है क्योंकि मैं बोरिंग खाना खाने वाली लड़की हूं। मैं एक ही चीज चार महीने तक खा सकती हूं।

## गुड बैड अग्ली में तीन अलग-अलग लुक में धमाल मचाने को तैयार अजित

साउथ सुपरस्टार अजित कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म विदा मुयार्ची के निर्माण में व्यस्त हैं। बीते कुछ समय पहले अभिनेता ने अपनी अगली फिल्म गुड बैड अग्ली की जानकारी साझा की थी। अभिनेता अपनी नई फिल्म के लिए निर्देशक अधिक रविचंद्रन के साथ सहयोग कर रहे हैं। वे जल्द ही अपने दूसरे प्रोजेक्ट गुड बैड अग्ली पर काम शुरू करेंगे। अब इस फिल्म से अभिनेता के लुक पर बड़ी जानकारी सामने आई है। निर्माताओं ने कुछ समय पहले फिल्म का पहला पोस्टर और शीर्षक जारी किया था, जिसके बाद से फैंस के बीच उत्साह बढ़ गया था। प्रशंसक इस परियोजना के बारे में अधिक जानने के लिए उत्सुक हैं। वहीं अब फिल्म में अभिनेता के किरदार को लेकर नई जानकारियां सामने आईं। इससे पहले खबर आई थी कि अजित अधिक रविचंद्रन की फिल्म गुड बैड अग्ली में ट्रिपल रोल निभाएंगे। अजित तीन किरदार निभाएंगे, इस पर चर्चा पहले से ही है, लेकिन अब वे तीनों किरदार कैसे होंगे, इसका खुलासा हो चुका है। रिपोर्ट्स के अनुसार, अजित फिल्म में तीन अलग-अलग लुक में होंगे। नमक और काली मिर्च वाले लुक के अलावा अजित कथित तौर पर काले बालों के साथ एक युवा लुक में नजर आएंगे और कुछ हिस्सों में वे पोनीटेल के साथ नजर आएंगे। कहा जा रहा है कि निर्देशक अधिक रविचंद्रन ने अजित के लिए एक ठोस चरित्र-चित्रण तैयार किया है। मुख्य महिला किरदार के बारे में विवरण अभी तक सामने नहीं आया है। कुछ दिन पहले अफवाह उड़ी थी कि श्रीलीला इस बड़ी फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी, लेकिन अभी तक कुछ भी पुष्टि नहीं हुई है। कहा जा रहा है कि फिल्म का नाम अभिनेता के किरदारों का परिचय देता है। गुड बैड अग्ली अभिनेता के तीन किरदार की झलक है। तीनों किरदारों में खरा उतरने के लिए अभिनेता पूरी मेहनत कर रहे हैं और तैयारी में लगे हुए हैं। यह 18 साल बाद होगा, जब अभिनेता का दर्शकों को ट्रिपल रोल देखने को मिलेगा। अजित को तीन अलग-अलग भूमिकाओं में देखने की खबर ने इस बीच आगामी फिल्म के लिए प्रत्याशा बढ़ा दी है।





## तारीखों के चलते करीना कपूर ने छोड़ी टॉक्सिक

करीना कपूर खान केजीएफ स्टार यश की अगली फिल्म टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स में उनकी बहन की भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार थीं, लेकिन अब ताजा चर्चा यह है कि क्रू अभिनेत्री फिल्म से बाहर हो गई है। वैसे इन दोनों सितारों को भाई-बहन के रूप में एक साथ एक फ्रेम में देखना सुखद होता लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। पिंकविला की रिपोर्ट के अनुसार, बेबो ने डेट के मुद्दों के कारण वयस्कों के लिए टॉक्सिकः ए फेयरीटेल छोड़ दी है। टॉक्सिक के निर्माता इसे एक अखिल भारतीय फिल्म बनाने की योजना बना रहे हैं, और वे बेबो के प्रतिस्थापन के रूप में एक नए चेहरे को कास्ट करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि कियारा आडवाणी को यश की नायिका के रूप में फाइनल किया गया है और इस असामान्य जोड़ी ने प्रशंसकों को उत्साहित कर दिया है। केजीएफ स्टार ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म की घोषणा के लिए टोपी पहने और सिगार पकड़े हुए वीडियो साझा किया, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि यह फिल्म ड्रग माफिया पर आधारित है और एक एक्शन थ्रिलर है।




## सिर्फ मशहूर होना मेरा मकसद नहीं

यामी गौतम इंडस्ट्री की चर्चित अदाकारा हैं। उन्होंने कई चर्चित फिल्मों में काम किया है, इसके अलावा ओटीटी पर भी उनका दबदबा दिखा है। हर नए किरदार में वह खुद को बखूबी ढालने में माहिर हैं। बीते दिनों आई उनकी फिल्म आर्टिकल 370 खूब पसंद की गई। हाल ही में यामी ने पारंपरिक सिनेमा और ओटीटी प्लेटफॉर्म के बीच चल रही मौजूदा चर्चा पर अपने विचार साझा किए। कुछ कलाकार माध्यम को प्राथमिकता देते हैं। मगर, उन सभी के विपरीत यामी गौतम की प्राथमिकता उनकी भूमिकाएं रही हैं, जिन्हें वे अब तक निभाती रही हैं।

यामी का कहना है, मैंने कभी भी अपनी कोई फिल्म यह सोचकर नहीं चुनी कि यह ओटीटी या थिएटर के लिए बहुत अच्छी है। मैंने उन्हें उस तरह से चुना जैसे वे थीं और जो भूमिकाएं मैं निभाना चाहती थी। यामी गौतम ने ओटीटी प्लेटफॉर्म की मौजूदगी के बीच बड़े पर्दे के प्रति अपना लगाव जाहिर किया। उन्होंने स्वीकार किया कि खुद को सिनेमाघरों में देखना उनके दिल के करीब का मामला रहा है। अभिनेत्री ने कहा कि उस क्षण में कुछ खास होता है, जब रोशनी कम हो जाती है, प्रोजेक्टर चालू हो जाता है और दर्शक सिर्फ और सिर्फ उस फिल्म का लुत्फ उठाते हैं। काम के प्रति जुनून और कला के प्रति यामी के मन में जो सम्मान है, वह याद दिलाता है कि सिनेमा स्क्रीन और किसी भी माध्यम से परे होता है।

यामी गौतम का कहना है कि वह अपने आगामी प्रोजेक्ट्स के लिए कहानी कहने के नए तरीकों को आजमाने के लिए भी तैयार हैं। इंडस्ट्री में आए बदलाव के साथ वह अलग रास्ते अपनाने की भी इच्छुक हैं। यामी का कहना है कि उनकी मकसद सिर्फ मशहूर होना नहीं, बल्कि शानदार कहानी पेश करना भी है।



## मैं अपनी अलग पहचान बनाने की कोशिश कर रहा हूं

**दो फिल्मों से ही बॉलिवुड में अपनी पहचान बनाने वाले ऐक्टर आयुष शर्मा इस बार भी ऐक्शन, ड्रामा से भरपूर फिल्म रुसलान में नजर आ रहे हैं। इसी सिलसिले में उन्होंने अपनी ऐक्टिंग प्रोजेक्ट व करियर के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने सलमान खान से मनमुटाव होने की खबरों को निराधार बताया। साथ ही अपनी पहचान बनाने की बात भी कही।**

### अपने नाम से पहचाने जाने की कोशिश कर रहा

सलमान खान ने बहुतों को मौका दिया। मुझे भी दिया। उसका फायदा उठाना हमारा काम है। यह बात सही है कि एक बड़े पेड़ के नीचे अगर कोई छोटा पौधा है तो उसको धूप तो कम मिलेगी ही। अगर धूप चाहिए तो आपको उस पेड़ से थोड़ा दूर जाना होगा, तभी धूप मिलेगी और तभी आप पनप पाएंगे। ऐसा नहीं है कि मैं उनसे अलग होना चाहता हूं। दिल से मैं उनके साथ हमेशा जुड़ा हूं। हां, यह है कि अब मैं अपनी अलग पहचान बनाने की कोशिश कर रहा हूं, ताकि अपना काम करूं और अपने नाम से जाना जाऊं।

### मेरी कहानी तो अभी शुरू हुई है

मैं हिट और फ्लॉप के बारे में ज्यादा नहीं सोचता। कोशिश रहती है कि मैं अपना काम पूरी ईमानदारी से करूं। अभी तो मेरी कहानी शुरू हुई है। यह तीसरी फिल्म है और हर फिल्म में मैंने अलग तरह का किरदार निभाया है। अभी मुझे पारिवारिक, कॉमिडी हर तरह के रोल करने है इसलिए मैं ज्यादा नहीं सोचता, बस काम करते रहना चाहता हूं। इसके अलावा, मैं तनाव को नेगेटिव नहीं लेता। जब प्रेशर आता है तो मेरे अंदर और अच्छा काम करने की ललक बढ़ जाती है। फिल्म रुसलान में एक सीन है, जिसको मैंने -6 डिग्री में बिना कपड़ों के शूट किया है। उस दिन मुझे अहसास हुआ कि हीरोगीरी भारी पड़ गई।

### बिना मेहनत के कुछ नहीं मिलता

अगर लगता है कि पहली फिल्म में लोगों को काम पसंद नहीं आया तो फिर हमारा काम बनता है कि अपने ऊपर मेहनत करना, हुनर को और निखारने की कोशिश करना। हरेक इंसान अगर अपने आप पर काम करे तो उसके लिए कोई भी काम मुश्किल नहीं है। पहली फिल्म के बाद मैंने अपनी फिटनेस पर काम किया। आज बहुत से लोग काम कर रहे हैं लेकिन हर कोई खुद को हीरो नहीं बोल सकता। जहां तक मेरी बात है तो मैं एक खास परिवार का हिस्सा हूं इसलिए दर्शक मेरी फिल्म देखेंगे ही ऐसा जरूरी नहीं है। दर्शकों के दिलों तक पहुंचने के लिए मुझे खुद मेहनत करनी होगी। मेरे लिए ऑडियंस का प्यार बहुत मायने रखता है। अगर वह आपको प्यार कर रहे हैं तो फिर आपको सफल होने से कोई नहीं रोक सकता।

## बिग बॉस ओटीटी 3 से जुड़ीं डेलबर आर्या



सलमान खान के जरिए होस्ट किया जाने वाला रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी 3 सुर्खियों में है। बिग बॉस ओटीटी 3 की शुरुआत 3 जून से जियो सिनेमा पर होगी। शो की शुरुआत को लेकर आए अपडेट के बाद से ही इसके कंटेस्टेंट्स को लेकर चर्चाएं जोरों पर हैं। अब रिपोर्ट्स की मानें तो इससे एक पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री की अभिनेत्री का नाम जुड़ गया है। वो अभिनेत्री कोई और नहीं बल्कि डेलबर आर्या हैं। हालांकि, इन खबरों पर अभी आधिकारिक मुहर लगना बाकी है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **आरती कुमारी** द्वार अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना - 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना - 800006 से प्रकाशित। ***संपादक - अविनाश**। संपादकीय कार्यालय : 8वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना - 800001, RNI : BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेबार।